फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 141 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 22 दिसम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**MDM Polo Cup: All Things Good And Dashing**

Harshita Saboo, a jeweller of the Guinness book of World Records fame, gushed "Oh! everyone has overdosed on cheer and fun." She was bang on.

**Mathematics Day**

Exploring patterns, solving puzzles, and understanding the world through numbers - it's a journey of discovery that's endlessly fascinating




*भाजपा के वरिष्ठ विधायक वासुदेव देवनानी गुरुवार को सर्वसम्मति से सोलहवीं विधानसभा के स्पीकर निर्वाचित हुए। इस अवसर पर उन्हें पक्ष विपक्ष के नेताओं ने शुभकामनाएं दी।*

# चार घंटे चली सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक, पर नतीजा सिफर रहा

## किसी भी महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं हुआ, सब ''पैंडिंग'' छोड़ दिए गए

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। आज शाम हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यु.सी.) की चार घंटे की मैराथन बैठक बिना कोई समाधान निकाले सम्पन्न हो गई। पार्टी नेतृत्व ने अधिकांश मुद्दे पेन्डिंग छोड़ दिये।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा-2 के बारे में भी कोई निर्णय नहीं हुआ, क्योंकि बहुत सदस्य दबाव डाल रहे थे वे पूर्व से पश्चिम यात्रा शुरु करें, जबकि अन्य सदस्यों का कहना था कि लोकसभा चुनाव बहुत जल्दी होने वाले हैं अतः यात्रा अभी नहीं करनी चाहिये। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंतिम निर्णय राहुल गांधी पर छोड़ दिया कि कब, कहाँ से और कैसे यात्रा की जाये।

- मीटिंग में सबसे ज्यादा आश्चर्यजनक बयान के.सी. वेणुगोपाल का रहा, विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी चिंता की बात नहीं है, पार्टी का वोट बैंक अक्षुण्ण है।
- राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कुछ नेताओं का कहना था यात्रा अभी नहीं हो क्योंकि लोकसभा चुनाव होने हैं, पर कुछ पूर्वोत्तर भाग से पश्चिम तक यात्रा के समर्थन में दिखे। अंत में पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने निर्णय राहुल पर छोड़ दिया।
- खड़गे को इंडिया गठबंधन के लिए प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी बनाने के ममता बनर्जी के प्रस्ताव पर भी चर्चा नहीं हुई।
- बनर्जी ने प्रियंका को वाराणसी से मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारने का प्रस्ताव भी रखा था पर इस पर भी कोई निर्णय नहीं हुआ।

एक रोचक बात यह है कि ममता बनर्जी द्वारा दिये गये सुझाव कि खड़गे इण्डिया गठबंधन के प्रधानमंत्री फेस होने चाहिये, पर सी.डब्ल्यु.सी. ने कोई निर्णय नहीं लिया। ममता बनर्जी के सुझाव का अरविन्द केजरीवाल ने भी समर्थन किया था।

ममता बनर्जी ने यह सुझाव भी दिया था कि प्रियंका गांधी वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ संयुक्त विपक्ष की उम्मीदवार हों। इस पर भी कोई विचार अथवा निर्णय नहीं हुआ।

गठबंधन के पार्टनरों के साथ सीटों के तालमेल पर भी कोई गंभीर विचार-विमर्श नहीं हुआ, क्योंकि के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि इस कार्य के लिये गठित समिति राज्य की इकाइयों के साथ बात करके निर्णय लेगी।

यह स्पष्ट संकेत है कि साफ शब्दों में कहें तो गठबंधन में कौन से दल होंगे, इस पर अभी असमन्जस है। इस पर कोई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान सरकार की 10 प्राथमिकताएं

जयपुर, 21 दिसम्बर (का.सं.)। राज्य की नई भाजपा सरकार ने अपनी दस प्राथमिकताएं तय कर दी हैं। सभी

- सभी सरकारी वेबसाइट्स पर ये प्राथमिकताएं नज़र आ रही हैं, इन्हें प्रधानमंत्री मोदी की राजस्थान के लिए गारंटी बताया जा रहा है।

सरकारी वेबसाइटों पर यह दस प्राथमिकताएं दिखाई देने लगी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। गुरुवार को शीतकालीन सत्र समाप्त होने से एक दिन पहले ही संसद का सत्रावसान कर दिया गया। पहले लोकसभा का

- पहले लोकसभा स्थगित की गई उसके बाद शाम को क्रिमिनल लॉ पारित होने के बाद राज्यसभा भी स्थगित कर दी गई।

सत्रावसान हुआ इसके बाद राज्यसभा में उन तीन अपराधिक विधेयकों पर चर्चा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सी.आई.एस.एफ. करेगी संसद की सुरक्षा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। संसद की सुरक्षा की जिम्मेवारी सैंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सी.आई.एस.एफ.) को सौंप दी गई है। यह सुरक्षा बल सारे हवाई अडडों की सुरक्षा भी करता है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय से एक अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी।

अब तक संसद भवन की सुरक्षा

- अब तक दिल्ली पुलिस के पास थी संसद की सुरक्षा की जिम्मेवारी।

की जिम्मेवारी दिल्ली पुलिस के पास थी। सी.आई.एस.एफ. ने सारी जिम्मेवारी संभाल ली है। संसद में प्रवेश करने वालों की गहन जांच की गई, यहां तक कि वैध प्रवेश पत्र वाले पत्रकारों को भी नहीं बख्शा गया।

इसी बीच दिल्ली पुलिस की टीम 32 साल के ललित मोहन झा के बारे में छानबीन करने कोलकाता पहुंच गई है। पता चला है कि बेरोजगार झा विज्ञान स्नातक है और घर पर बच्चों को पढ़ाता है।

# वासुदेव देवनानी सर्व सम्मति से विधानसभा स्पीकर निर्वाचित

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के देवनानी को स्पीकर बनाने के प्रस्ताव का कांग्रेस के सचिन पायलट ने समर्थन किया

जयपुर, 21 दिसम्बर (का.सं.)। पूर्व शिक्षा मंत्री और अजमेर उत्तर से भाजपा विधायक वासुदेव देवनानी गुरुवार को निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्ताव को जब सचिन पायलट ने समर्थन किया तो उसी के साथ देवनानी का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। देवनानी के स्पीकर बनने के बाद शाम 4:31 बजे विधानसभा की कार्यवाही 19 जनवरी तक स्थगित कर दी गई। देवनानी को अध्यक्ष चुनने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रस्ताव रखा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और रालोपा विधायक हनुमान बेनीवाल ने भी प्रस्ताव रखा।

- राजनीति में एक दूसरे के विरोधी रहे नेता वासुदेव देवनानी के पक्ष में एक साथ नज़र आए।
- मुख्यमंत्री भजन लाल ने नए स्पीकर को बधाई दी और कहा देवनानी के नेतृत्व में सदन ''सबका साथ सबका विकास'' को मूर्त रूप देगा।
- सचिन पायलट ने कहा, स्पीकर के पद के लिए जब देवनानी जी का नाम सामने आया तो हम सबने मन बना लिया कि चुनाव सर्व सम्मति से ही होगा।
- पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा व अन्य दलों के नेताओं ने भी देवनानी को बधाई दी।

वासुदेव देवनानी ने 20 दिसंबर को स्पीकर के चुनाव के लिए नामांकन भरा था। देवनानी ने पांच नामांकन भरे, जिन्हें विपक्ष के वरिष्ठ विधायकों ने समर्थन दिया। विपक्ष के विधायक देवनानी के प्रस्तावक और समर्थक बने थे। सबसे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर चुने जाने का प्रस्ताव रखा था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इसका समर्थन किया था। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रस्ताव रखा था तो भारत आदिवासी पार्टी (बी.ए.पी.) विधायक राजकुमार रोत ने इसका समर्थन किया। चौथा प्रस्ताव उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मंत्रिमण्डल के गठन में देरी मंत्रियों के चयन के कारण नहीं, बल्कि अफसरों के नियुक्तियों के कारण है?

## राजस्थान के लिए मोदी-शाह ने जो मॉडल चुना है, उसके लिए अनुकूल अफसरों की तलाश की जा रही है

-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-

जयपुर, 21 दिसम्बर। विधानसभा चुनाव के नतीजे आये बीस दिन से ज्यादा हो गये, पर अभी तक भी पूरा मंत्रिमण्डल गठित नहीं हो सका है। यह भाजपा के हाई कमान की स्टाइल के अनुरूप नहीं है, जैसा कि पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने हाल ही में एक टी.वी. टैनल को दिये इन्टरव्यू में कहा था कि, आपको लगता है, भाजपा में राजनीतिक निर्णय जैसे टिकट वितरण, मु.मंत्री का चयन अचानक, एकाएक हो जाता है। यह आपकी भ्रांति है, पूरी ''एक्सरसाईज'' डिटेल में होती है, जमीनी जानकारियां इकट्ठी करके। हाई कमान आपस में मंथन व विचार विमर्श करके, सभी पहलुओं को मद्दे नज़र रखकर, काफी पहले निर्णय ले लेता है, पर यह निर्णय जनता के समक्ष ''राइट टाइम'' (राजनीतिक दृष्टि से उचित समय) पर उजागर किया जाता है।

- इस बार नए युवा विधायकों की संख्या ज्यादा है, जो मंत्री बनेंगे, इसलिए सरकार चलाने में अफसरों की भूमिका अहम् हो जाती है।
- मोदी-शाह ने राज्य के लिए जो मॉडल अपनाया है उसमें अधिकांश अहम् निर्णय दिल्ली में लिए जाएंगे। प्रदेश सरकार पर उन्हें ईमानदारी से क्रियान्वित करने की जिम्मेवारी होगी।
- भाजपा आलाकमान का लक्ष्य लोकसभा चुनाव या अगली बार सरकार बनाना मात्र नहीं है, बल्कि 20 साल तक राज्य में सत्तारूढ़ रहना है। इसलिए राज्य में ''सतयुगी'' प्रशासन देने का लक्ष्य चुना गया है।
- मंत्रिमण्डल गठन में देरी का अर्थ यह नहीं है कि, मंत्रियों का चयन नहीं हुआ है, मंत्रियों का पहले ही चयन हो गया है बिल्कुल वैसे ही जैसे नए मुख्यमंत्री के लिए भजन लाल के नाम का हुआ था, पर अभी ''राइट टाइम'' नहीं आया है।

उदाहरण के लिये, हाई कमान ने भजन लाल शर्मा को मु.मंत्री बनाने का निर्णय भी काफी समय पहले ले लिया। इसका एक प्रमाण यह है कि, भाजपा ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती - प्रेमचंद

# कॉप-28 का 'दुबई आम सहमति' प्रपत्र जलवायु परिवर्तन से लड़ने हेतु जीवाश्म ईंधन से दूर जाने की घोषणा सतत् विकास के लिये युगान्तकारी कदम है

जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) सत्य घटना है, इसमें शंका के लिये कोई गुंजायश नहीं है। सर्द देशों में लू का असर। भारतीय मानसून की शुरूआत और उसकी वापसी। कभी तेज और कभी बिना बारिश के दिन और कम दवाब के सिस्टम। उत्तराखण्ड में बादल फटने की घटनायें, बाढ़ से पहाड़ टूटने की घटनायें, जंगलों में आग, नई बीमारियों का उदय, ग्लेशियर का सिकुडना, समुद्र का बढ़ना आदि अनेक घटनायें हैं। यदि इन्हें समझेंगे तो स्पष्ट होगा कि जलवायु परिवर्तन से जीवन प्रभावित हुआ है और पृथ्वी विनाश की ओर बढ़ रही है। कॉप-28 दुबई में दिनांक 13.12.2023 को सम्पन्न हो चुका है। इस संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में सभी उपस्थित वार्ताकार देशों ने इस विचार धारा पर सहमति बनाई है कि पृथ्वी को गर्म करने वाले जीवाश्म ईंधन से अर्थात् कोयला, पेट्रोल, गैस के स्थान पर ऊर्जा के स्रोतों में परिवर्तन लाना आवश्यक है। चरण बद्ध रूप से जीवाश्म ईंधन से दूर जाना ही सही विचार है। इस विचार को साकार देते हुये इस ऐतिहासिक व युगान्तकारी घोषणा प्रपत्र "ग्लोबल स्टॉक टेक" को बिना किसी आपत्ति के वार्ताकार देशों ने स्वीकार कर लिया। इसकी विशेषता है कि इस नये समझौते में अथवा प्रस्ताव में जीवाश्म ईंधन को चरण बद्ध तरीके से समाप्त करने का कोई उल्लेख नहीं है। इस समझौते में सभी देशों के लिये उनकी कटिबद्धता के अनुसार अलग अलग प्रक्रियों की पहिचान के अनुसार वे ग्लोबल वार्मिंग से अपनी रक्षा कर सकते हैं। परिवर्तन इस प्रकार होगा कि दुनियां 2050 तक नेट जीरो ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को प्राप्त कर सके। इस प्रकार कॉप-28 में न्याय संगत, सतत विकास के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुये जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाकर रखने का आव्हान किया है उसे पूरा कर सकेंगे।

**कॉप-28 में भारत के कई एनजीओ ने भागीदारी दी है उनमें मुख्य हैं- पैरवी, मौसम, सिकोयडिकोन व अन्य और इनको नेतृत्व दिया है जलवायु विशेषज्ञ सौम्या जी (जिन्हें हम दादा के नाम से पुकारते हैं) तथा अजय झा (विशेषज्ञ स्पीकर) आदि ने। भारत की ओर से देश के पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव हैं। उनका कथन है कि कॉप-28 में जो प्रस्ताव पारित हुआ जिसका उल्लेख ऊपर किया है उसमें भारत की बड़ी भूमिका है तथा वे उसका स्वागत करते हैं।**

यूएनएफसीसीसी के एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी, Simon Stiell ने कॉप-28 की इस सफलता को इन शब्दों में पिरोया है, **The beginning of the end of the Fossil Fuel Era** इसके पीछे उत्सर्जन में बड़ी कटौती व आर्थिक सहायता को बढ़ाने की कटिबद्धता है। प्रत्येक देश को गैस के उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कमी 2030 तक करने की चुनौती है ताकि 2019 के स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 से0 तक सीमित रखा जा सके।

वार्ताकार देश 'Global Goal on Adaptation (GGA) के बाबत यह स्वीकार किया है कि 'The GGA frame work reflects a global consensus on adaptation targets and the need for finance, technology and capacity-building support to achieve them.

यह भी स्वीकार किया गया है क्लाईमेट फाइनेन्स में वृद्धि की जावे। गरीब व विकासशील देशों की आर्थिक सहायता के हेतु उचित कदम उठाये जावें।

कॉप-29 अब अज़रबेजान में 11-22 नवम्बर, 2024 तथा कॉप-30 दिनांक 10-21 नवम्बर, 2025 ब्राजील में आयोजित किया जावेगा। कॉप-28 की समाप्ति पर अपनी क्लोजिंग स्पीच में कॉप के प्रेसीडेंट डा0 सुलतान अहमद अल जाबेर ने अपने मन की जो बात कही वह कॉप के रेकार्ड में अमर रहेगी, वह इस प्रकार थी:-

**We have worked very hard to secure a better future for our people and our planet. We should be proud of our historic achievement.**

इसी प्रकार जनरल सेक्रेटरी Simon Stiell के उद्‌गार भी उज्जवल भविष्य को साकार कर रहे थे। उन्होंने कहा, **We must get on with the job of putting the Paris Agreement fully to work. In early 2025, countries must deliver new nationally determined contribution. Every single commitment - on finance, adaptation and mitigation - must bring us in line with a 1.5-degree world.**

कॉप-28 में उपस्थित विशेषज्ञों का कहना कि भारत ने जो जी-20 की अध्यक्षता के प्रकाश में जलवायु परिवर्तन पर विकास के लाभों को प्रदर्शित करता है कि उनका संकल्प सामुहिकता पर आधारित है जो प्रत्येक देश की भागीदारी सुनिश्चित करता है। कॉप-28 भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को अभिव्यक्त करता है।

धरती माँ को बचाने के लिये हमें फॉसिल फ्यूअल उद्योग से नाता तो तोड़ना होगा। ग्लोबल क्लाईमेट को हर हालत में 1.5 डिग्री से0 से आगे बढ़ने से रोकना ही होगा। कॉप-28 का प्रयत्न न्याय संगत तरीके से जीवाश्म ईंधन से दूर ले जाने की ओर आव्हान् करता है।

कॉप-28 में भारत के कई एनजीओ ने भागीदारी दी है उनमें मुख्य हैं- पैरवी, मौसम, सिकोयडिकोन व अन्य और इनको नेतृत्व दिया है जलवायु विशेषज्ञ सौम्या जी (जिन्हें हम दादा के नाम से पुकारते हैं) तथा अजय झा (विशेषज्ञ स्पीकर) आदि ने। भारत की ओर से देश के पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव हैं। उनका कथन है कि कॉप-28 में जो प्रस्ताव पारित हुआ जिसका उल्लेख ऊपर किया है उसमें भारत की बड़ी भूमिका है तथा वे उसका स्वागत करते हैं। मंत्री भूपेन्द्र यादव का मानना है कि कॉप-28 के समझौता प्रपत्र में भारत की परिस्थितियों को विशेषतौर पर ध्यान में रखा है और भारत द्वारा कोयले के उपयोग और मिथेन के उत्सर्जन और Renewable Energy Targets निर्धारित किये हैं वे न्याय संगत हैं। भारत तथा अन्य विकासशील देशों के हितों को भी ध्यान में रखा गया है।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने टाइम्स आफ इण्डिया के प्रतिनिधि के द्वारा क्लाईमेट फाइनेन्स के बात प्रश्न पूछने पर स्पष्ट किया कि यह सही है जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये जितने धन की आवश्यकता और जो धन हाथ में है उसमें बडा अन्तर है। 2030 तक के पीरियड में 5.8 - 5.9 ट्रिलियन डालर की आवश्यकता है जबकि इतना धन नहीं है। प्रयत्न जारी है कि धन इकट्ठा हो जावेगा। कई देश फण्ड दे रहे हैं। पर्यावरण को लेकर जो भयावह परिस्थिति मानव सभ्यता की है वह विकराल चुनौती बन चुकी है, इसका समाधान ढूंढना ही होगा। धरती मां को बचाना ही होगा।

कॉप-28 का उपरोक्त समझौता कोर्टस् में प्रवर्तनकारी नहीं है, इसे कैसे कोर्ट/अन्तर्राष्ट्रीय कोर्ट (ट्रिब्यूनल) बनाकर प्रवर्तनकारी बनाया जावे। भारत के एनजीओ और ब्रिटेन के एनजीओ आदि ने कॉप-23 के समय अन्तर्राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल बनाने की ओर कदम उठाये थे और इस हेतु उसका विधान बनाया था और यह सहमति बनी थी मुम्बई में ट्रिब्यूनल की सीट होगी। उस पर आगे विचार की आवश्यकता है। हमें विकास भी चाहिये और पर्यावरण में सुधार भी। अत: दोनों में समन्वय करना होगा। हमें सतत समावेशी और समान आर्थिक, सतत विकास और गरीबी और भुखमरी के उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन और न्याय संगत व्यवस्था की आवश्यकता को ध्यान में रखना है। हमें सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। विकसित देशों को जो ग्लोबल वार्मिंग के लिये उत्तरदायी हैं उन्हें गरीब व विकासशील देशों को समता और समानता के आधार पर नेतृत्व देना होगा।

**याद रहे गरीबी जहां भी है वह अमीरी के हेतु एक चुनौती है।**
**शाकाहारी बनो और पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग के प्रकोप से बचाओ।**

**अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश,**
**राजस्थान हाई कोर्ट**

# रलायता ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में भारी अनियमितता

- सामुदायिक भवन की बाउंड्री वॉल निर्माण एक साल से अधूरा, ग्रामीण परेशान
- एक साल पहले बाउंड्री वाल के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रलायता में हुए विकास कार्यों में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। वहीं स्कूल मैदान व सामुदायिक भवन की बाउंड्री वॉल का निर्माण अधूरा होने से सामुदायिक भवन नकारा पड़ा हुआ है।

इस मामले की ग्रामीणों ने शिकायत जिला परिषद को की है। माण्डलगढ़ के रलायता ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता कालू लाल के नेतृत्व में जिला परिषद भीलवाड़ा को प्रेषित शिकायत में बताया कि पंचायत क्षेत्र के गांवों में करोड़ों की राशि के विकास कार्य सरपंच द्वारा मनमाने तरीके से कराए गए हैं। वहीं कई जगह घटिया निर्माण की सीसी सड़कें बनाई गई है जो क्षतिग्रस्त होने लगी है।

मनरेगा योजना के कार्यों में भी जमकर अनियमितता की गई है। बिलिया गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि गांव में विगत 3 वर्षों में कोई विकास कार्य पंचायत द्वारा नहीं कराया गया है। गांव के मुख्य सड़क मार्ग पर कीचड़ और गन्दगी का आलम बना हुआ है। गन्दगी की बदबू से ग्रामीणों में बीमारियां फैलने की आशंका बनी है।



माण्डलगढ़ के रलायता पंचायत में सामुदायिक भवन की बाउंड्री निर्माण का कार्य एक साल से अधूरा पड़ा है।

हरि सिंह जी का खेड़ा में सांसद कोष से 5 लाख की राशि से सामुदायिक भवन व परिसर में 2 लाख 50 हजार की लागत से सीसी सड़क का निर्माण ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया है। सामुदायिक भवन की बाउंड्री वॉल के लिए जिला परिषद द्वारा एसएफसी (6) योजना के तहत 30 दिसम्बर 2022 को 10 लाख की राशि स्वीकृत की गई। जिसमें से 5 लाख की राशि 10 जनवरी 2023 को ग्राम पंचायत को मिल चुकी है। लेकिन सरपंच प्रेम देवी जाट द्वारा सामुदायिक भवन की बाउंड्री का निर्माण कार्य एक साल बीत जाने के बाद भी अधूरा छोड़ रखा है। जिससे सामुदायिक भवन में व परिसर में गन्दगी पसरी हुई है और ग्रामीणों के उपयोग में भी नहीं आ रहा है। बाउंड्री वॉल में करीब एक लाख की राशि का अधूरा निर्माण घटिया सामग्री से कराया गया है।

रलायता ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में हुए घटिया निर्माण कार्यों की जांच और सामुदायिक भवन के बाउंड्री वॉल का निर्माण पूर्ण कराने की मांग की है। बेजनाथ यादव ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि पंचायत में हुए विकास कार्यों व सामुदायिक भवन की अधूरी बाउंड्री के निर्माण की मुझे जानकारी नहीं है। मैने 15 दिन पहले ही रलायता पंचायत का चार्ज लिया है। मौक़े की स्थिति का जायजा लेकर कार्यवाही की जाएगी। वहीं सरपंच प्रेम देवी जाट का कहना है कि विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण कराए जा रहे हैं। चाहे तो जांच करा लेवें।

## उदयपुर के मधुर मेहता का राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (SIH) में प्रथम स्थान



**उदयपुर** के मधुर मेहता ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त कर 1लाख रुपये का इनाम जीता। मधुर मेहता और उनकी टीम ने कानून और न्याय मंत्रालय के समस्या बयानों (problem statements) को हल करने के लिए टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी परिसर , कोलकात्ता में आयोजित में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो छात्रों को हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करती है, और इस प्रकार उत्पाद नवाचार की संस्कृति और समस्या-समाधान की मानसिकता विकसित करती है। राष्ट्रीय स्तर पर कुल 450 टीमों मैं से सिर्फ़ 6 टीमों क़ानून मंत्रालय के प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए फाइनल मैं चयन किया गया। प्रत्येक समस्या कथन (problem statements) को मिलाकर भारत में लगभग 237 समस्या कथनों के साथ 22 लाख से अधिक प्रतिभागी थे।

## लोक संस्कृति के अनूठे संगम "शिल्पग्राम उत्सव" का आगाज़

### लोक झंकार पर झंकृत हुए कला प्रेमियों के दिल

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हवाला गांव में साल के आखिरी दस दिनों तक चलने वाले उत्सव "शिल्पग्राम उत्सव" का आगाज गुरूवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। उत्सव की शुरूआत परंपरागत ढोल बजाकर की गई। देशभर की लोक संस्कृति के अनूठे संगम के इस महोत्सव में बड़ी संख्या में शहरवासियों व पर्यटकों की भागीदारी रहती है। उत्सव का समापन 30 दिसम्बर को होगा। उत्सव के पहले दिन मिलने वाले डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड इस बार डॉ. राजेश कुमार व्यास और लोक नृत्य प्रस्तुतीकरण एवं नृत्य निर्देशन में चार दशकों से योगदान देने वाले जयेंद्र सिंह जाडेजा को दिया गया।



**उदयपुर में शिल्पग्राम उत्सव की शुरूआत राज्यपाल कलराज मिश्र ने परंपरागत ढोल बजाकर की।**

उत्सव की शुरूआत करते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि लोक संस्कृति में ही जीवन की सुगंध समाई होती है। उन्होंने कहा कि संस्कृति कोई वस्तु नहीं, बल्कि जीवन जीने की ढंग होती है। हर देशवासी का कर्तव्य है कि वह अपनी संस्कृति को सहेजे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे।

मिश्र ने राजस्थान के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए महाराणा प्रताप, पन्नाधाय के साथ ही महलों और मंदिरों की भूमि बताते हुए कहा कि मरुधरा के तो कण-कण में कला और संस्कृति है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि कला-संस्कृति हमारी पहचान ही नहीं, देश की शक्ति भी है। हम सबका कर्तव्य है कि लोक संस्कृति से जन-जन को जोड़ें, साथ ही नए लोगों में भी इससे जुड़ाव पैदा करें।

उन्होंने कहा कि शिल्पग्राम उत्सव हमारे केंद्र का बड़ा आइकोनिक प्रोग्राम है। इसमें चार पद्मश्री कलाकारों के साथ ही एक हजार से अधिक आर्टिजन और आर्टिस्ट शरीक हुए हैं।

राज्यपाल ने इस अवसर पर 25 साल से अपने उत्कृष्ट लेखन से लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डॉ. राजेश कुमार व्यास और लोक नृत्य प्रस्तुतीकरण एवं नृत्य निर्देशन में चार दशकों से योगदान देने वाले जयेंद्र सिंह जाडेजा को पद्म भूषण डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान से नवाजा। प्रत्येक को 2.51 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डॉ. व्यास ने 25 पुस्तकों का लेखन किया, जिनमें सांस्कृतिक राजस्थान, कलावाक्, रंग नाद, सुर जो सजे आदि उल्लेखनीय हैं। वहीं, प्रसिद्ध लोक कलाकार जाडेजा ने भारत के साथ ही विभिन्न देशों में 745 प्रोग्राम किए और 84 कार्यशालाओं का आयोजन किया।

'शिल्पग्राम उत्सव' के पहली सांस्कृतिक पेशकश 'लोक झंकार' ने संस्कृति के ऐसे खूबसूरत रंग बिखेरे कि मौजूद तमाम कला प्रेमियों के दिल झंकृत हो गए। लोक झंकार के दौरान मणिपुरी म्यूजिकल पुंग ढोल चोलम, राजस्थानी चरी, छत्तीसगढ़ के ककसार, गोवा के देखनी, ओडिशा के गोटीपुआ, गुजरात के जेठवा, पश्चिम बंगाल के नटवा, महाराष्ट्र के सोंगी मुखोटा, झारखंड के पाइका, पश्चिम बंगाल के पुरलिया छाऊ, कर्नाटक के ढोलू कुनिथा, दमन के माची, गुजरात के राठवा, राजस्थानी कालबेलिया, पंजाब के भांगड़ा, गुजरात के सिद्धि धमाल नृत्यों की एक के बाद एक प्रस्तुति के रोमांच और तारीफ से सामयीन अभी उबरे भी नहीं थे कि राजस्थान के लंगा गायन ने उन्हें फिर से झूमने और वाह-वाही करने को विवश कर दिया।

# पुस्तक समीक्षा काव्य संग्रह : अंधियारे का प्रहरी दीपक

**मंगल व्यास भारती** राजस्थान के जाने माने कवि और लेखक के रूप में 1998 से ख्यति अर्जित किये हुए है। चूरू निवासी भारती का नवीनतम काव्य संग्रह अंधियारे का प्रहरी दीपक शीर्षक से हाल ही प्रकाशित होकर विमोचित हुआ है। यह काव्य संग्रह उनकी तीसरी प्रकाशित कृति है। कवि और लेखक मंगल व्यास भारती को साहित्य सृजन विरासत में मिला है। उनके दादा प. चंद्र शेखर व्यास कवि फक्कड़ के नाम से प्रसिद्ध थे। शेखर का सोरग्र लोग बड़े चाव से सुनते थे। भारती के चचेरे दादा प. भरत व्यास और बीएम व्यास भी देश के विख्यात गीतकार और अभिनेता थे। कवि भारती के काव्य संग्रह अंधियारे का प्रहरी दीपक निश्चय ही अँधेरे में रौशनी की ज्योति प्रज्वलित करता दिखाई देता है। नब्बे पृष्ठ का यह काव्य संग्रह राजस्थान साहित्य अकादमी के आर्थिक सहयोग से प्रकाशित हुआ है। इसमें 84 काव्य रचनाएं दोहा, कुण्डलिया, रोला और छंद के रूप में लिखी गई है। भारती की कविताओं में जन जीवन के इंद्रधनुषी रंग है। सामाजिक सरोकारों का सांगोपांग चित्रण काव्य संग्रह में देखने को मिलता है। कवि आशावादी है। अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को सारगर्भित सकारात्मक सन्देश देता है। उन्होंने साफगोई से बहुत सरल और सहज ढंग से अपनी बात कही है। कविता संग्रह की रचनाएं सहज ही आकर्षित करती है। प्रस्तुत काव्य पुस्तक में देश और समाज की विसंगतियों सहित प्रेम, सद्भावना, पर्व, त्यौहार और सामाजिक - सांस्कृतिक परिवेश को साधारण से शब्दों के माध्यम से संप्रेषित करना एक अनूठा प्रयोग है। ये कवितायेँ कवि के अपने व्यक्तिगत अनुभवों की श्रृंखला के रूप में आकार लेती हैं साथ ही आशा और सकारात्मकता का संचार भी करती हैं। पुस्तक केवल कविताओं का ही नहीं बल्कि भावनाओं, संवेदनाओं और अभिव्यक्ति का भी सशक्त संग्रह है। सभी कविताएं तन मन को छूने वाली है। आशा है कि यह कविता संग्रह पाठकों को पसंद आएगा।






मंगल व्यास भारती

**समीक्षक कृति : अंधियारे का प्रहरी दीपक।**
**प्रकाशक : काव्यांजलि प्रकाशन, कोटा।**
**समीक्षक : बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### राशिफल 22 दिसम्बर 2023

मागशीर्ष शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम सम्वत 2080, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 9.36 तक, परिद्य योग दिन 11.11 तक, गर करण प्रात: 8.12 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मेष, मंगल-वृश्चिक, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।

आज कुमार योग सूर्योदय से रात्रि 9.36 तक है। स्वार्थसिद्धि योग रवियोग रहेगा। आज भद्रक सायं 7.44 से शनिवार प्रात: 7.12 तक है। सूर्य मकर राशि में प्रात: 8.58 पर प्रवेश करेगा। आज मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती है। आज से गण्टिय पौष मास आरम्भ होगा।

श्रेष्ठ चौघडिया - चर-सूर्योदय से 8.33 तक, लाभ-अमृत 8.33 से 11.08 तक शुभ 12.25 से 1.42 तक, चर 4.17 से सूर्यास्त तक।

राहुकाल 10.30 से 12.00 तक सूर्योदय 7.16 सूर्यास्त 5.34

**मेष**
अपने अति आवश्यक ओर महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
मित्रों-रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
आर्थिक-वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों का प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन प्राप्ति में विलंब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य संपन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मकर**
घर-परिवार में धार्मिक सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही आर्थिक अड़चनें दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

# प्रदेश में तीन नए करोना संक्रमित मिले

## इनमें भरतपुर, दौसा और झुंझुनूं का एक-एक संक्रमित शामिल है

- तीनों का इलाज एसएमएस, जेके लोन और टीबी हॉस्पिटल में चल रहा है।
- राज्य में पिछले दो दिनों में पांच संक्रमित मिल चुके है।

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में एक बार फिर करोना के मरीज बढ़ने लगे हैं। पिछले दो दिनों में राज्य में पांच नए संक्रमित सामने आ चुके हैं। गुरूवार को भरतपुर, दौसा और झुंझुनूं में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विभाग ने करोना के नए वैरियंट को लेकर राज्य में एडवाजरी जारी की है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुरूवार को मिले संक्रमितों में एक मरीज सवाई मानसिंह हॉस्पिटल, दूसरा मरीज जेके लोन हॉस्पिटल और तीसरा टीबी हॉस्पिटल में चिह्नित किया गया है। जानकारी के अनुसार दौसा जिले के नांगल राजावतान क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति जयपुर के टीबी हॉस्पिटल की जांच में करोना संक्रमित पाया गया है। सांस लेने में परेशानी के बाद उसे दौसा से जयपुर रेफर किया गया था। 48 वर्षीय मरीज 10 साल पहले पत्थर से जुड़ा काम करता था। 4 दिसंबर को सांस लेने में परेशानी हुई। इस पर दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद जयपुर में उसका इलाज चला। 14 दिसंबर को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। 18 दिसंबर को फिर से सांस लेने में परेशानी हुई। 19 दिसंबर को परिजन टीबी अस्पताल जयपुर ले गए। जहां जांच के दौरान वह कोरोना संक्रमित पाया गया। पीड़ित करोना वैक्सीन की दोनों डोज भी लगवा चुका था।

### चिकित्सा विभाग ने एडवाजरी जारी की

उधर, प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 एवं श्वसन रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के लिए एडवाजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि सर्दी के मौसम में खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब आदि लक्षणों के रोगियों की संख्या में वृद्धि पाई जाती है। हाल ही में देश के केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों में कोविड मामलों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली एवं गोवा राज्यों में कोविड का नया सब वैरियंट जे एन 1 पाया गया है।

परामर्श में कहा है कि चिकित्सक के परीक्षण के बाद आईएलआई रोगियों में सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम एवं गला खराब के लक्षण की स्थिति में उन्हें होम आईसोलेशन रखा जा सकता है। वहीं ये लक्षण गंभीर या लम्बे समय तक रहने पर मरीज को अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई है। इसके अलावा बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं को-मोर्बिडिटी वाले व्यक्तियों जैसे डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों के रोगी सर्दी, खांसी, बुखार, जुकाम व गला खराब होने पर सतर्कता बरतते हुए तुरन्त चिकित्सक के अनुसार उपचार तथा कोविड टेस्ट करवाए। वहीं आईएलआई के रोगियों से दूसरे लोग दूरी बनाए रखें। साथ ही मास्क का उपयोग करें और हाथों को आवश्यकतानुसार साबुन से या सेनेटाईजर से साफ करें। आने वाले त्यौहार व नववर्ष पर कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर की पालना की जानी चाहिए।

## 15 गुना अभ्यर्थियों को नहीं बुलाने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती 2023 में पदों के मुकाबले 15 गुना अभ्यर्थियों को समान पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थियों में से नहीं बुलाने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने गृह सचिव, कार्मिक सचिव, पुलिस महानिदेशक भर्ती, कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव और सिरोही पुलिस अधीक्षक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। वहीं अदालत ने याचिकाकर्ताओं को 27 दिसंबर से शुरू होने वाली दक्षता परीक्षा में शामिल करने को कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ में यह आदेश सौरभ व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता राम प्रताप सैनी व अधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 10 अक्टूबर 2022 को सीनियर सेकेंडरी स्तर की भर्तियों के लिए समान पात्रता परीक्षा का विज्ञापन जारी किया था।

# मालवीय और जगत सिंह को छोड़ सभी विधायकों ने ली शपथ

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा की कार्रवाई 2:30 बजे से शुरू हुई। दो विधायकों के अलावा सभी नए विधायकों की शपथ पूरी हो गई। नदबई से बीजेपी विधायक जगत सिंह और बागीदौरा से कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को छोड़कर सभी विधायकों ने शपथ ले ली। आज छह विधायकों ने शपथ ली।

प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने वैर से भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली, तिजारा से विधायक महंत बालकनाथ, बांदीकुई से विधायक भागचंद टाकड़ा, निम्बाहेड़ा से विधायक श्रीचंद कृपलानी, मसूदा से विधायक वीरेंद्र सिंह और रायसिंह नगर से कांग्रेस विधायक सोहनलाल नायक को शपथ दिलाई थी। छह विधायकों को शपथ दिलाने के बाद सदन की कार्यवाही 2:38 बजे से 3:30 बजे तक स्थगित की गई थी। 3:30 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई थी।

विधानसभा में शपथ के समय निम्बाहेड़ा से भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी के सांसदों के निलंबन से जुड़े कमेंट पर हंगामा हो गया था। कृपलानी ने 20 दिसंबर को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर आपत्ति जताते हुए सांसदों के निलंबन को सही ठहराते हुए कमेंट शुरू कर दिए थे। इस पर कांग्रेस विधायक जुबेर खान सहित कई विधायकों ने आपत्ति जताई थी। कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई थी। बाद में प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ ने शपथ के अलावा बोले गए सभी शब्द कार्यवाही से निकालने के आदेश दिए, तब जाकर कांग्रेस विधायक शांत हुए थे।


**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME OF THE FIRM**

PUBLIC NOTICE is hereby given that M/s. Sumito Agro Chemicals Address: F-154, Sarna Doongar Industrial Area, Jaipur-302012 (RAJ), a proprietorship firm has changed its name from M/s. Sumito Agro Chemicals to SACPL Agro Chemicals with effect from 13.12.2023

The change of name of the firm as aforesaid does not alter the legal status or constitution of the firm nor does it affect any right or obligation of the Tam

Shankar Lal Kumawat
(Proprietor)
Mis Sumito Agro Chemicals

**जयपुर विकास प्राधिकरण , जयपुर**

क्रमांक: जविप्रा/उा./जोन-14/2023/डी-2800 दिनांक: 21.12.2023

**सार्वजनिक सूचना**

जोन- 14 के क्षेत्राधिकार में निजी खातेदारी की योजना के नियमन शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | प्रस्तावित कैम्प दिनांक | विकासकर्ता | योजना का नाम | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 26.12.2023 | निजी खातेदारी | हनुमान नगर -सी | जोन-14 कार्यालय, जविप्रा परिसर, जयपुर |
| | | निजी खातेदारी | हनुमान नगर -एच | |
| | | निजी खातेदारी | हनुमान नगर -आई | |

उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ममता कुमारी शर्मा से बदलकर ममता शर्मा पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पार्श्वनाथ नारायण सिटी, हाज्यावाला सांगानेर, जयपुर

मैं तिष्य पालावत पुत्र श्री राजेन्द्र पता-44ए, गोम डिफेन्स कॉलोनी, वाल्मिकी मार्ग, जयपुर राजस्थान अपना नाम बदलकर तिष्य वर्धन सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम अदिति गुर्जर से बदलकर अदिति सिंह पुत्री श्री अनिल कुमार गुर्जर रख लिया है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। पता फ्लेट नंबर एस-2 सैकेण्ड फ्लोर प्लॉट नंबर डी-164 सावित्री पथ बापू नगर जयपुर-302015

मैंने अपना नाम सुनीता सोनी से बदल कर विनिता सोनी रख लिया है। भविष्य में मुझे विनिता सोनी पत्नि नन्दकिशोर सोनी, निवासी रघु बाबू का बंगला, स्टेशन रोड, डीडवाना के नाम से जाना जाये।

I have changed my name Geeta Sharma to Geeta Bala Sharma for all purpose & my son education documents. R/o C-1-A, Mohit cottage 200' bypass Ajmer Road Jaipur.


## कांग्रेस कार्यालय के सामने प्रदर्शन

**जयपुर**। देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मिमिक्री मामले से राजस्थान की राजनीति में गर्माहट आ गई है। जाटों के कुछ संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में आज दिल्ली कांग्रेस कार्यालय के सामने किसान व जाट समाज द्वारा उग्र धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकडों लोग शामिल हुए जिसमें भाजपा नेता डॉ सतीश पूनिया के आव्हान पर किसान नेता माधोराम चौधरी और वीर तेजाजी सेवा संस्थान के सचिव रामाकिशन खीचड़ के नेतृत्व में डीडवाना व नागौर जिले के सैकड़ों लोग कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना और प्रदर्शन में भाग लिया। अब धीरे-धीरे इसका असर राजस्थान की राजनीति में दिखने लगी है।

माधोराम चौधरी और रामाकिशन खीचड़ ने कहा किसान पुत्र व देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संसद भवन परिसर के बाहर तृणमूल सांसद द्वारा मजाक बनाना व मिमिक्री करना किसान सरदारी व जाट कौम का अपमान है। उप राष्ट्रपति की मिमिक्री बना रहे तृणमूल सासंद का कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा हंसते हुए वीडियो बनाना और भी बड़ा दुर्भाग्य का विषय है। यह सम्पूर्ण किसान कॉम का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि घनखड़ किसान पुत्र हैं। उनके मजाक बनाने का बदला किसान व जाट समाज कभी सहन नहीं करेगा और वक्त आने पर ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम किया जाएगा। यह अपमान सम्पूर्ण किसान व जाट बिरादरी का है। इससे देश में राहुल गांधी, तृणमूल सासंद व मिमिक्री पर हंसने वाले लोगों पर देश में भारी गुस्सा है। इसके लिए राहुल गांधी, तृणमूल सांसद व भद्दी मजाक बना रहे सांसद सम्पूर्ण देश व उपराष्ट्रपति से तुरन्त प्रभाव से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे नहीं तो आन्दोलन और उग्र किया जायेगा।

# अगले दो से तीन दिन में हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की।

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली से वापस जयपुर लौट आए हैं। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य पार्टी के वर्ष नेताओं से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार पर मुहर लग गई है, अब अगले दो से तीन दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे।

पार्टी सूत्रों की मानें तो दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा की और लगभग 15 नाम पर केंद्रीय आला कमान से मुहर लग गई है। बताया जा रहा है कि अगले दो से तीन दिन में मंत्रिमंडल विस्तार होगा, जिसमें 10 कैबिनेट और पांच राज्य मंत्रियों को मौका दिया जाएगा। बताया यह भी जा रहा है कि पहले मंत्रिमंडल विस्तार में युवा चेहरों पर फोकस किया जाएगा। बता दें कि 6 महीने बाद लोकसभा चुनाव है, ऐसे में भाजपा की कोशिश होगी कि किस तरीके से युवाओं को साधा जाए। ऐसे में पार्टी कुछ नया प्रयोग करके एक संदेश देने की भी कोशिश करेगी। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में वरिष्ठ की अपेक्षा उन विधायकों को मौका दिया जा सकता है, जो अभी तक कभी मंत्री नहीं बने, हालांकि कुछ वरिष्ठ विधायकों को भी मंत्री बनाया जा सकता है, इनकी संख्या ज्यादा नहीं होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल विस्तार में आने वाले लोकसभा चुनाव की झलक दिख सकती है। राजनीति की पंडितों की मानें तो मंत्रिमंडल विस्तार में क्षेत्रीय जाति संतुलन बिठाने की पूरी कोशिश होगी, ताकि उसका असर लोकसभा चुनावों दिखाई दे।

## 'जयपुर में जल्द शुरू हो इंटीग्रेटेड टैक्सटाईल पार्क'

**जयपुर**। शहर सांसद रामचरण बोहरा ने केन्द्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली में भेंट कर जयपुर में इंटीग्रेटेड टैक्सटाईल पार्क स्थापना करने की मांग की।

बोहरा ने बताया कि भारत सरकार की सागरमाला परियोजना में लॉजिस्टिक पार्क की 13 परियोजनाएं शामिल की गई हैं। ये परियोजनाएं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, रेल मंत्रालय, प्रमुख बंदरगाहों और राज्य सरकारों के संयुक्त अंशदान से शुरू की गई हैं। इसके अलावा भी सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारतमाला प्रथम चरण के तहत 35 मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) विकसित किये जाने का प्रावधान है।


**संख्यांक 2**

**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

नाम न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं.2 (द्वितीय) जयपुर महानगर

महेश चन्द विजय विरूद्ध बाबूलाल विजय व अन्य

वाद बाबत घोषणात्मक

वाद सं. 201 सन् 2023

नाम जनसाधारण पुत्र.... जाति.... स्थान....

वादी ने आपके विरूद्ध....के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 01 सन् 2024 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस बाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हैं, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बादकी सुनबाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 14 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

मोहर अदालत

सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं.2 द्वितीय जयपुर महानगर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुक्दमा नम्बर 305/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री देबज्योति राय निवासी 401, राजकीय आवास, मॉडल टाउन जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत डोला फाण्डेशन एण्ड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, सी-803, 8वी मंजिल, आशादीप वेदाता, सांगानेर जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 16.2.24

मोहर अदालत

अकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**खोया पाया**

मेरा मकान 160/129, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल लीज मूक्ति व अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। 7611939367

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या **पूनम शर्मा** पत्नी श्री अनुराग शर्मा, निवासी- मंगलम रेजीडेन्सी, जयपुर विगत 07 वर्षो से अपने पति अनुराग शर्मा से अलग निवास कर रही है तथा अनुराग शर्मा के द्वारा किये गये गैरकानूनी कृत्यों से उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। मेरी अभिभाष्या की स्वअर्जित सम्पत्ति एवं विरासत मिली सम्पत्ति पर मेरी अभिभाष्या व उसके पुत्रों का ही हक एवं अधिकार है। वर्तमान व भविष्य में अनुराग शर्मा के द्वारा किये गये किसी भी लेन देन व संव्यवहार की जिम्मेदारी मेरी अभिभाष्या व उसके पुत्रों की नहीं होगी। सूचित रहे।

भवदीय (हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट
मोबाईल नं.: 9314511091

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई-निविदा सूचना**

संख्या: जीएसयू/जेपी/ईएल/निविदा सूचना/23-24 दिनांक : 20.12.2023

व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी एण्ड जीएसयू), उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **1. एनआईटी संख्या** : जीएसयू - जेपी - ईएल-एबीएसएस-23-24-16आर **कार्य का नाम**: टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड एफओबी (फुट ओवर-ब्रिज ) एण्ड/ऑर हाई लेवल प्लेटफार्मस् एट रेवाड़ी, खैरथल एण्ड अलवर स्टेशनस् ऑवर जयपुर डीविजन अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम। **अनुमानित लागत (रू.)** : 93,86,910.50 **बिड सिक्युरिटि राशि (रू.)** : 1,87,700.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 11.01.2024 **2. एनआईटी संख्या** : जीएसयू-जेपी-ईएल-एबीएसएस-23-24-17आर **कार्य का नाम**: टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड एफओबी (फुट ओवर-ब्रिज ) एण्ड/ऑर हाई लेवल प्लेटफार्मस् एट राजगढ़, बांदीकुई एण्ड दौसा स्टेशनस् ऑवर जयपुर डीविजन अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम। **अनुमानित लागत (रू.)** : 68,24,284.45 **बिड सिक्युरिटि राशि (रू.)** : 1,36,500.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 11.01.2024 नोट : **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिये वेबसाइट का पता** : http://www.ireps.gov.in 1321-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/2389 दिनांक-20.12.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 10/484, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 46.080 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री हरीश कुमार सचदेवा पुत्र श्री किशन दयाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3237 दिनांक 29.01.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 07.03.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 125 दिनांक 21.04.1995 के द्वारा श्री जय नारायण दुबे पुत्र श्री पुत्र मुकुट बिहारी शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्री जय नारायण दुबे पुत्र श्री पुत्र मुकुट बिहारी शर्मा की मृत्यु दिनांक 11.10.2007 को हो जाने के कारण इनकी धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता दुबे पत्नी स्व0 श्री जय नारायण दुबे ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक श्रीमती हेमलता दुबे पत्नी स्व0 श्री जय नारायण दुबे के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**fincare** Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **28 December 2023 between 11:00 AM - 03:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://egold.auctiontiger.net/)**

**BASSI** - 23660001360713 23660001410601 23660001549519 | **CHITTORGARH** - 23660000351298 23660000356829 23660000971061 23660001349445 | **DUNGARPUR** - 23660001425293 | **JAIPUR** - 23660000338803 23660000340509 23660001397413 23660001450064 23660001474819 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 23660000320807 23660000743301 23660000950691 23660001051245 23660001051335 23660001436372 | **JHALAWAR** - 23660000438305 23660000988339 23660001415892 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 22660001312057 23660000426088 23660001407187 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD** - 23660000327794 23660000331306 23660000394356 23660000414101 23660000426118 23660000608346 23660000714406 23660000720984 23660000799614 23660000822243 23660000956160 23660000996003 23660000999318 23660001243494 23660001270433 23660001334173 23660001338896 23660001357970 23660001401738 23660001432079 23660001448089 23660001459358 | **LAXMANGARH** - 23660001407897 23660001413145 | **SAGWARA** - 23660000342915 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET** - 23660001418016 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
Fincare Small Finance Bank


## आंखों के इलाज खर्च की राशि उपभोक्ता को दे बीमा कंपनी

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर-तृतीय ने मेडिक्लेम की राशि देने से इंकार करने के मामले में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को निर्देश दिया है कि वह परिवादी को आंखों के इलाज पर खर्च हुई राशि 94,543 रुपए 9 प्रतिशत ब्याज सहित दे। वहीं परिवादी को हुई परेशानी के लिए 30 हजार रुपए हर्जाना दे।

आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्या सीमा शर्मा ने यह आदेश विद्याधर निवासी डॉ.ओमप्रकाश अग्रवाल के परिवाद पर दिया। आयोग ने कहा कि जब बीमा कंपनी का कोई व्यक्ति ही मौजूद नहीं था तो वह किस आधार पर यह कह सकती है कि इलाज आउटडोर का है या इनडोर का है। इलाज कोई भी हो वह डॉक्टर की सलाह पर ही निर्भर करता है। परिवादी को इंजेक्शन से होने वाले रिएक्शन से बचाने व उसकी सुरक्षा के लिए ही अस्पताल में भर्ती किया था जिसे गलत नहीं मान सकते। मामले के अनुसार, परिवादी पिछले कई सालों से बीमा कंपनी से मेडिक्लेम करवा रहा है। उसने 30 मार्च 2019 से 29 मार्च 2020 के लिए भी बीमा कंपनी से

## विधानसभा की कार्यवाही 19 तक स्थगित

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा की कार्रवाई 19 जनवरी सुबह 11 तक के लिए स्थगित कर दी। 19 जनवरी को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। इस सत्र के दौरान राजस्थान का बजट भी पेश किया जाएगा। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ 19 जनवरी को सत्र की शुरुआत होगी होगी।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है की **किरण सैन** पुत्री श्री किशन लाल सैन अजीतगढ़वाले का स्वर्गवास दिनांक 20.12.2023 बुधवार को हो गया, जिसके पीहर पक्ष की बैठक दिनांक 22.12.2023 शुक्रवार निवास स्थान से 03:00 बजे रवाना होकर मुख्य बैठक में सम्मिलित होगी।

**शोकाकुल**- किशनलाल, बनवारीलाल, राधेश्याम, छीतरमल, निर्मल कुमार, योगेश, आनन्द कुमार, दामोदर कुमार, योगेश, मनोज, राजा, विनायक, रितिक, मृदुल एवं समस्त तुंदवाल अजीतगढवाला परिवार।

मो.- 8233270974, 8094517128

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## जे.एल.एफ. में 250 से अधिक वक्ता शामिल होंगे


**जयपुर**, (का.सं.)। शहर के होटल क्लार्क्स आमेर परिसर में आगामी 1 से 5 फरवरी तक देश-दुनिया का प्रतिष्ठित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल होगा। यह फेस्टिवल देश-दुनिया के तमाम लेखकों, वक्ताओं, चिंतकों और मानववादियों की मेजबानी के लिए तैयार है। इसमें 10 भारतीय भाषाएं और 7 अंतर्राष्ट्रीय भाषाएं शामिल होंगी।

फेस्टिवल 250 से अधिक वक्ताओं में फेस्टिवल में बहुत से पुरस्कृत वक्ताओं में डेमो गलगुट, मैरी बियर्ड, हर्नन डियाज, बी. जयमोहन, सिमोन शमा, मृदुला गर्ग और मार्कस दु सौतोय आदि शामिल होंगे। इसमें बुकर, इंटरनेशनल बुकर, पुलित्जर, साहित्य अकादमी, पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मिवभूषण, बैली गिफर्ड, डीएससी प्राइज, जेसीबी पुरस्कार विजेता शामिल हैं। आज घोषित प्रोग्राम में फेस्टिवल में शामिल किए गए विविध विषयों पर भी प्रकाश डाला गया।




# चोरों ने मारपीट कर बुजुर्ग को कुएं में डाला, दो दिन बाद मिला शव

## मारपीट में बुजुर्ग महिला बेहोश हो गई थी, जिसका चिकित्सालय में उपचार जारी है



घटनास्थल के पास कुएं पर पुलिस पहुंची और शव को निकलवाया।

■ मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से उसे मकान में प्रवेश किया और बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट की थी

**देवगढ़,** (निसं)। देवगढ़ थाना क्षेत्र के बग्गड़ ग्राम पंचायत के कथारिया गांव में खेतों में बने मकान पर निवासरत मोहनलाल खटीक एवं उसकी पत्नी चंपा बाई के साथ मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने बुरी तरह से मारपीट की और लूटपाट की घटना को अंजाम देते हुए बुजुर्ग मोहनलाल (90) के हाथ बांधकर कुएं में डाल दिया, जिसका शव दो दिन बाद पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कुएं से बाहर निकाला, जबकि मारपीट के दौरान बुरी तरह से घायल महिला चंपा बाई (85) बेहोश हो गई थी। जिसका दो दिन से देवगढ़ चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार बग्गड़ के पास कथारिया गांव निवासी मोहनलाल खटीक अपनी पत्नी चंपा बाई के साथ खेतों में बने मकान में ही रहकर अपने कामकाज करते हैं और खेतों में फसल की बुवाई कर रखी थी। मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने चोरी करने की नीयत से उसे मकान में प्रवेश किया और बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट की मारपीट के दौरान महिला के सर एवं चेहरे पर काफी चोटें लगी हुई थी इसके बाद वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ी और बुजुर्ग के हाथ बांधकर जाली लगे कुएं में ढक्कन खोलकर अंदर डाल दिया जिससे बुजुर्ग मोहनलाल खटीक की मौत हो गई। खेतों के पास पड़ोसियों को बुजुर्ग महिला के घायल होने की सूचना मिली तो परिजनों को सूचना कर देवगढ़ चिकित्सालय उपचार के लिए लाया गया।

महिला डरी और सहमी अवस्था में थी। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर महिला के बयान लिए और दो दिन से बुजुर्ग मोहनलाल खटीक की तलाश की जा रही थी। परंतु कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था। ऐसी स्थिति में एक तरफ लूटपाट की घटना और महिला के साथ मारपीट और बुजुर्ग का गायब हो जाना पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द साबित हुआ। उक्त घटनाक्रम की जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी को लगी तो दलबल सहित गुरुवार को घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया तथा मौके पर एफएसएल टीम को बुलवाया गया और साक्ष्य एकत्रित किए गए।

घटनास्थल के पास ही बुजुर्ग मोहनलाल के कुएं पर जाली भी लगी हुई थी जिसका ढक्कन खोलकर देखा गया तो पानी ज्यादा होने से कुछ पता नहीं चल पा रहा था। परिजन एवं ग्रामीण 2 दिन से पता भी लगा रहे थे परंतु उन्हें सफलता नहीं मिली।

जब पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जनरेटर लगाकर चार मोटर लगाकर कुएं का पानी पूरी तरह से तोड़ा गया तब कुएं के अंदर बुजुर्ग की लाश दिखाई दी तो ग्रामीणों की सहायता से पलंग को उल्टा लटका कर बुजुर्ग मोहनलाल का शव बाहर निकला गया। बुजुर्ग का शव देखकर उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ। पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में उक्त शव को देवगढ़ मोर्चरी में रखवाया गया और शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार सुबह किया जाएगा। क्षेत्र में लूटपाट एवं हत्या की इस प्रकार की घटना के चलते पुलिस प्रशासन भी सकते में आ गई।

# जैसलमेर में सर्द हवा ने ठिठुरन बढ़ाई

■ रात के तापमान में गिरावट होने से सर्दी ने लोगों की कंपकंपी छुड़ाई

■ आने वाले दो दिनों तक जैसलमेर जिले में हल्की बारिश की संभावना

**जैसलमेर,** (निसं)। उत्तर भारत से आने वाली सर्द हवाओं ने जैसलमेर में ठिठुरन बढ़ा दी है। रात का पारा एकाएक 3 डिग्री से गिरकर 7 डिग्री पर पहुंच चुका है। इस सीजन में पहली बार पारा 7 डिग्री पर पहुंचा है। रात के तापमान में गिरावट होने से सर्दी ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी है। पिछले काफी दिनों से तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगे आने वाले दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना है। तापमान में गिरावट के साथ ही कड़ाके की ठंड देखने को मिलेगी। गुरूवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। दिन और रात के पारे में 13 डिग्री का अंतर रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक जैसलमेर जिले में हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि आज 22 दिसंबर से एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ राज्य पर एक्टिव होगा। इसका असर जोधपुर व बीकानेर संभाग में देखने को मिलेगा। पश्चिमी जिले जैसलमेर में 22 व 23 दिसंबर को कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इस सिस्टम के प्रभाव से बादल छाए रहेंगे। 24 दिसंबर से मौसम साफ हो जाएगा। दिन व रात के पारे में भी गिरावट होगी। जिससे आगामी दिनों में सर्दी का असर और बढ़ जाएगा।

गौरतलब है कि इस बार 4 लाख 48 हजार 650 हेक्टेयर पर रबी फसलों की बुआई हुई है। तापमान में हो रही गिरावट से रबी फसलों को फायदा होगा। आने वाले दिनों में होने वाली मावठ की बारिश फसलों के लिए वरदान साबित होगी। इससे खेतों में नमी हो जाएगी और बूंदें हल्की गिरने से वह पौधों को पोषण देगी। अगर कुछ तेज पानी बरस जाए तो असिंचित क्षेत्र की फसलों को जीवनदान मिल जाएगा। गेहूं, सरसों, चना, ईसबगोल के लिए फायदा होगा। दाने की गुणवत्ता भी बढ़ेगी और पैदावार भी अच्छी होगी।

# कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म

## छात्रा को नोट्स देने के बहाने होटल में बुलाया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की रेलवे स्टेशन के सामने आई एक होटल में कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोपी ने दोस्ती के बाद उसने नोट्स देने के बहाने होटल पर बुलाया और दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इस बारे में पुलिस में रिपोर्ट दी है। पीड़िता का मेडिकल करवाने के साथ जांच आरंभ की गई है। आरोपी टाइल्स का कारोबार करता है।

पुलिस ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी सोशल मीडिया पर एक युवक से मित्रता हो गई थी। उसने पहले फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजी थी।

जिसे एक्सेप्ट किए जाने पर पहचान और दोस्ती हुई। युवक ने खुद को टाइल्स का कारोबार बताय । कुछ दिन पहले नोट्स देने के लिए रेलवे स्टेशन के सामने आई एक होटल पर लेकर गया। जहां पर उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर दुष्कर्म का केस दर्ज जांच आरंभ की गई है। पीड़िता का आज मेडिकल करवाया गया है। बयान लिए जा रहे हैं। मामले में अग्रिम जांच की जा रही है।

## सड़क कार्य करते व्यक्ति की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाना पुलिस ने भीलवाड़ा के रायसिंह पुरा निवासी 53 वर्षीय व्यक्ति की सड़क का कार्य करते समय अकस्मात मौत हो जाने के आरोप का मामला दर्ज किया है। सिद्धमुख थाने में दर्ज प्रकरण के अनुसार सुरेन्द्रसिंह पुत्र भोपाल सिंह राजपूत निवासी रायसिंहपुरा पुलिस थाना माण्डलगढ जिला भीलवाडा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका बड़ा भाई भंवरसिंह पुत्र भोपाल सिंह राजपूत निवासी रायसिंहपुरा जो भादरा राजगढ़ रोड पर मजदूरी का काम करता था, जिसकी 20 दिसम्बर को अचानक सड़क पर कार्य करते समय रोही चैनपुरा छोटा में लगे प्लांट पर अकस्मात मौत हो गई।

# पेपर स्थगित होने पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

■ राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने जिला समान परिक्षा चूरू के अन्तर्गत अर्धवाषिक परीक्षा 2023-24 के कक्षा 10 विषय सामाजिक विज्ञान का पेपर स्थगित होने पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

राजगढ़ थान में दर्ज प्रकरण में बबलेश पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी रामपुरा बेरी पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू हाल वार्ड नं. 14 राजगढ़ हाल मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़ जिला चूरू ने हाजिर थाना होकर रिपोर्ट दी है कि जिला समान परिक्षा चूरू के अन्तर्गत अर्धवाषिक परीक्षा 2023-24 के कक्षा 10वीं विषय सामाजिक विज्ञान का पेपर स्थगीत कर दिया गया था जो कि उक्त प्रशन पत्र दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को आयोजित होना था, किन्तु दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को समय दोपहर 2.07 बजे उनके मोबाईल पर जरिये व्हाटसप अज्ञात मोबाइल नम्बर से कक्षा 10 के सामाजिक विज्ञान का प्रश्न पत्र प्राप्त हुआ। उक्त कि समस्त सूचना उनके द्वारा तत्काल शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा चूरू को दी गई। तथा जिला कार्यालय द्वारा उनके द्वारा दी गई जानकारी कि पुष्टी हेतु समिति का गठन कर सत्यता कि जांच की गई एवं जानकारी के आधार पर उक्त आदेशानुसार सामाजिक विज्ञान कक्षा 10 दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाले प्रश्न पत्र को स्थगित कर दिया गया। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला जुर्म धारा 4, 5/6 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा 1992 का घटित होना पाया जाने पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## दुकान का ताला तोड़ जेवर चोरी

**सादुलपुर,** (निसं)। बस स्टेण्ड राजगढ़ पर बीती रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी की दुकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी की चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। घटना के बाद राजगढ़ थाना पुलिस ने घटना स्थल का मौका निरीक्षण कर दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल कर पुलिस चोरो की तलाश में जुटी हुई है। वहीं चोरी की वारदात को लेकर पीड़ित मोहम्मद तालिम पुत्र रमजान लुहार निवासी कस्बा राजगढ़ ने पुलिस थाना राजगढ़ में इस आरोप की रिपोर्ट दी है कि कस्बा राजगढ़ जिला चूरू पर उसकी के.जी.एन. एण्ड रमजान ज्वैलरी की दुकान है। 20 दिसम्बर की रात्रि को उसकी दुकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान में से 250 ग्राम चांदी व 10-12 ग्राम सोना चोरी करके ले गये। सी.सी.टी.वी. कैमरे में फुटेज कैद है। वहीं पीड़ित दुकानदार मोहम्मद तालिम के पिता ने बताया कि रात्रि को करीबन 12 बजे के आसपास उनकी दुकान में चोरी हुई है।

# शिक्षा विभाग ने आदेश वापस लिया

## 'अब रद्द नहीं होगी प्रतिनियुक्ति'

■ शिक्षा विभाग दो दिन बाद ही बैकफुट पर आ गया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शिक्षा विभाग ने अपना आदेश वापस लिया। अब प्रतिनियुक्ति रद्द नहीं होगी। शिक्षा विभाग दो दिन बाद ही बैकफुट पर आ गया।

जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा बीकानेर के संयुक्त निदेशक दो दिन बाद ही प्रतिनियुक्ति आदेशों को लेकर बैकफुट पर आ गए। उन्होंने बुधवार को एक आदेश जारी कर सोमवार को जारी किए गए प्रतिनियुक्ति रद्द करने के आदेश को वापस ले लिया। इसके चलते अब शिक्षा विभाग में अध्यापक व अन्य कार्मिक जो लंबे समय से प्रतिनियुक्ति पर चले रहे थे, उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द नहीं की जाएगी। पहले प्रतिनियुक्ति रद्द करने और फिर आदेश वापस लेने से भाजपा सरकार और शिक्षा विभाग की जमकर किरकरी हुई हुई। श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिलों में बड़ी संख्या में अध्यापक व अन्य कार्मिक लंबे समय से दूर-दराज से शहरी व नजदीक जगह पर प्रतिनियुक्ति पर जमे हुए हैं। इनकी मूल नियुक्ति के स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। इससे शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। राजनीतिक व शिक्षक संगठनों के दखल के चलते यह ढर्रा वर्षों से चल रहा है।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीगंगानगर पन्ना लाल कड़ेला ने बताया कि शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक बीकानेर ने शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश को वापस ले लिया है।

## बच्चे से मारपीट

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर की एक निजी स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थी के स्कूल में में आने पर स्कूल के शिक्षक पर मारपीट का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में विद्यार्थी अपनी मां के साथ एसडीएम के सामने पेश हुआ और ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में किढ़वाना हाल चिड़ावा निवासी विद्यार्थी आशीष की मां सुमन देवी ने लिखा है कि उसके बेटे और उसकी बेटी को अर्धवार्षिक परीक्षा में भी नहीं बैठने दिया। इस पर एसडीएम ने संबंधित स्कूल संचालक से बात की और दोनों विद्यार्थियों को स्कूल में परीक्षा देने की इजाजत मिल गई। इधर इस मामले में स्कूल संचालक का कहना है कि विद्यार्थी स्कूल से अधिकतर गायब रहता था। स्कूल नहीं आने पर विद्यार्थी को शिक्षक ने क्लास से निकाल दिया। एक अन्य शिक्षक ने उसे घर भेज दिया। जिसके बाद विद्यार्थी अपने साथ अन्य लड़कों को बाइक पर लाया और स्कूल अध्यापक से मारपीट की और जानलेवा हमला किया।

# दौसा में 6 माह बाद एक बार फिर करोना का केस मिला

## सांस की दिक्कत थी तो जयपुर के टीबी अस्पताल में कराई जांच में कोविड पॉजिटिव मिला

**दौसा,** (निस)। जिले के नांगल राजावतान क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति जयपुर के टीबी हॉस्पिटल की जांच में कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। सांस लेने में परेशानी के बाद उसे दौसा से जयपुर रेफर किया गया था। 48 वर्षीय मरीज 10 साल पहले पत्थर से जुड़ा काम करता था। 4 दिसंबर को सांस लेने में परेशानी हुई तो दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद जयपुर में उसका इलाज चला। 14 दिसंबर को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। 18 दिसंबर को फिर से सांस लेने में परेशानी हुई तो 19 दिसंबर को परिजन टीबी अस्पताल जयपुर ले गए। जहां जांच के दौरान वह कोरोना संक्रमित पाया गया। वह कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज भी लगवा चुका था। दौसा से करीब 6 महीने बाद एक बार फिर कोविड केस सामने आने से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है। इसे लेकर प्रशासन ने भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। दौसा जिले में 23 जून को कोरोना का अंतिम केस सामने आया था।

# पांच साल से नहीं मिल रहा नर्मदा नहर का पानी

■ किसानों ने नर्मदा नहर की समस्या को लेकर बैठक ली

**धोरीमन्ना,** (निसं)। नर्मदा नहर परियोजना के तहत संचालित पैनोरिया वितरिका माइनर बी ओगला में डिग्गी नंबर 7 बीबी डिग्गी नंबर 14 बी खामभराई से समदडी गला ओगाला एवं खाराडेर तीन गांवों में 5 साल से नर्मदा नहर का पानी नहीं मिल रहा है। बुधवार को किसानों ने नर्मदा नहर की समस्या को लेकर बैठक ली। बैठक में नर्मदा नहर डिग्गी अध्यक्षों द्वारा अपनी अपनी समस्याएं बताई गई।

धर्माराम पूनिया डिग्गी नंबर सात अध्यक्ष ने बताया कि इस डिग्गी में केवल सैंपल के रूप में पानी भेजा गया। बिजली विभाग वालों की मनमर्जी से ट्रांसफर लेकर जाते हैं। मनमर्जी से बदला देते हैं एवं ट्रांसफर से लेकर डिग्गी तक सर्विस लाइन बिल्कुल जमीन पर झुकी हुई पड़ी है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार हमने बिजली विभाग को अवगत करवाने पर भी कोई सुनवाई नहीं करते हैं। भाजपा पंचायत समिति सदस्य लादूराम प्रजापत ने बताया जगह-जगह नहर टूटी हुई पड़ी है।

डिग्गी नम्बर 3, बीबी अध्यक्ष पुनाराम सुथार ने बताया कि नहर के ठेकेदार आते हैं। जेसीबी एवं ट्रैक्टर फॉर्मेलिटी एवं कई जगह मिट्टी को इधर-उधर करके अपनी खानापूर्ति करके फर्जी पैसे उठा लेते हैं। डिग्गी नं 6, बीबी अध्यक्ष महिपाल पूनिया ने बताया कि कई बार नहर विभाग के अधिकारियों से मिले एवं उन्होंने कहा कि हम कार्रवाई करेंगे। लेकिन हालात जस की तस है। खामभराई में डिग्गी नंबर बी 14 मगाराम चौधरी अध्यक्ष ने बताया कि नहर बनने के बाद 5 साल में पहली बार18 घंटा ही पानी दिया गया। उसके बाद में लगातार अधिकारियों के पास आते रहे जाते रहे। लेकिन अधिकारी आश्वासन ही देते रहे। अध्यक्ष ने बताया कि या तो नर्मदा नहर में पानी भेजें नहीं तो यह लाखों करोड़ों रुपए का सामान वापस लेकर जावे। अध्यक्ष बनाकर सरकार की संपत्ति के जिम्मेदार बनाकर मेरे साथ में धोखा किया है। इस दौरान सीमाराम सेवर, जगमालाराम सेवर, पुखराज बिश्नोई, पोकर टॉक, वाघाराम प्रजापत, मांगीलाल पूनिया, रतनाराम पूनिया, ईसराराम प्रजापत आदि सैकडो की संख्या में किसान उपस्थित रहे। परियोजना के अधिकारी राजभवराणी ने बताया कि नर्मदा नहर परियोजना के तहत किसानों की तमाम प्रकार की समस्याओं को लेकर शीघ्र जल्दी समाधान करने क्या प्रयास करूंगा।

## सरकार बदलते ही शिक्षा निदेशालय में भी बदलाव

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में सरकार बदलाव का असर साफ नजर आ रहा है। कांग्रेस राज में तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने जिन अधिकारियों से स्कूल से निदेशालय में मुख्य जिम्मेदारी दी थी, उन्हें हटाने के लिए नए शिक्षा मंत्री का इंतजार भी नहीं किया गया है। निदेशालय के खेलकूद अनुभाग में कार्यरत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक को हटाना भी अब मुद्दा बनता जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम ने एक आदेश जारी करके सहायक निदेशक डॉ. अशोक शर्मा को खेलकूद अनुभाग का प्रभारी बना दिया है। वहीं इस अनुभाग में पहले से काम कर रहे वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अशोक व्यास को सतर्कता अनुभाग में लगाया है। सवाल ये है कि शारीरिक शिक्षक सतर्कता अनुभाग में क्या काम करेंगे और खेलकूद से जुड़े अधिकारी को खेलकूद विभाग से हटा दिया गया।

# नगदी बांध में गिरा ट्रेलर, चालक की मौत



जहाजपुर थाना के नगदी बांध सगस बाबा मोड पर पर असंतुलित सीमेंट से भरा ट्रेलर बांध में जा गिरा।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जहाजपुर थाना क्षेत्र के नगदी बांध सगस बाबा मोड पर एक असंतुलित सीमेंट से भरा ट्रेलर बेकाबू होकर बांध में जा गिरा। लोगों की सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को बचाने के राहत कार्य में जुटी। वहीं 6 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से ट्रेलर में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मृतक ट्रेलर चालक के शव को जहाजपुर हास्पिटल की मोर्चरी में रखवाया और मृतक की शिनाख्त में पुलिस जुटी।

जहाजपुर थाना अधिकारी धर्मेश दायमा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती देर रात असंतुलित होकर सीमेंट से भरा एक ट्रेलर नगदी बांध सगस बाबा मोड के पास ट्रेलर सहित बांध में गिर गया जिससे ट्रेलर के नीचे दबने से ट्रेलर ड्राइवर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मृतक के शव को ट्रेलर से बाहर निकलवाया और मृतक के शव को जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। वहीं मृतक खाना पिता बंशी बारेठ के शव का परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम होगा।

# हरे पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी, तस्कर कूट रहे चांदी, प्रशासन मौन

## हरे पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ी को तस्कर आधी रात को कारखानों तक पहुंचा रहे हैं

■ तस्करी के धंधे से जुड़े लोग किसानों को लालच देकर खेतों में खड़े हरे पेड़ों को कटवा रहे हैं

■ पुलिस समय-समय पर लकड़ी तस्करों के खिलाफ वन विभाग टीम के साथ कार्रवाई करती है ऐसी शिकायत नहीं मिली है : एस.डी.एम.

**छतरगढ़,** (निसं)। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावे तस्करों के आगे हवा हो रहे हैं। सरकार पेड़ों को बचाने के लिए करोड़ों खर्च कर लोगों में जागरुकता लाने जतन कर रही है, लेकिन जिम्मेदार महकमे की अनदेखी के चलते इस इलाके में हरे पेड़ों पर तस्करों की कुल्हाड़ी चल रही है।

जानकारी के मुताबिक हरे पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ी तस्कर छतरगढ़, आवा, चार एडबूएम, सतासर, खारवाली, संसारदेसर, राजासर भाटियान, मोतीगढ़, डंडी आदि क्षेत्र से आधी रात को कारखानों तक पहुंचा रहे हैं। हद तो इस बात की है कि वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। यह वजह है कि तस्कर पेड़ों को बेखौफ बेचकर चांदी कूट रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों को कहना है कि यदि इसी तरह बेरोकटोक पेड़ों की कटाई होती रहेगी, तो एक दिन धोरों पर रूंख बचेंगे ही नहीं और ना ही वन्यजीव बचेंगे। विभाग की मिलीभगत से रोजाना सैकड़ों पेड़ तस्करी की भेंट चढ़ रहे हैं। जब इसकी जानकारी दी जाती है, तो कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर छोड़ देते हैं।

तस्करी के इस काले धंधे से जुड़े लोग किसानों को लालच देकर खेतों में खड़े हरे पेड़ों को कटवा रहे हैं। इसके अलावा सरकारी व वन विभाग की जमीन से भी पेड़ों का साफ करवा रहे हैं। इसके बाद श्रीगंगानगर के रावला, घड़साना, रामसिहपुर व बीकानेर नजदीकी चूना फैक्ट्रियों सहित अन्य कस्बों में महंगे दामों पर बेच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार देर रात्रि को छतरगढ़ क्षेत्र में हरे पेड़ों को काटकर बड़े ट्रैक्टर रेड़े में भरकर श्रीगंगानगर सीमा की ओर ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। हाइवे पर होटल संचालित करने वाले लोगों व जागरूक नागरिकों ने बताया कि लकड़ी तस्कर पेड़ों की कटाई कर जीपों, ट्रकों व ट्रोलियों के माध्यम से श्रीगंगानगर सीमा के विक्रय कर रहे हैं।

राजेन्द्र कुमार वर्मा एसडीएम छतरगढ ने बताया कि पुलिस समय-समय पर लकड़ी तस्करों के खिलाफ वन विभाग टीम के साथ कार्रवाई करती है। ऐसी शिकायत नहीं मिली है। इस संबंध में पुलिस व वन विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों को पांबद किया जाएगा। एसडीएम कार्यालय भी सूचना मिलने पर लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

वीरभद्र मिश्रा, उपवन संरक्षक, छतरगढ़ का कहना है कि छतरगढ़ के विभिन्न इलाकों में हरे पेड़ों की कटाई के मामले को लेकर एक टीम का गठन किया जाएगा। टीम मौके पर जाकर जांच करेगी। इसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी को तीन तलाक का नोटिस भेजने वाला पति गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर की सदर बाजार पुलिस ने एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को तीन तलाक का नोटिस भेजने के प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया।

सदर बाजार पुलिस ने बताया कि एक परिवादिया ने अक्टूबर माह में अपने पति मसूरिया बलदेव नगर निवासी मोहम्मद इकराम के खिलाफ तीन तलाक का केस दर्ज करवाया गया था। इसमें बताया कि उसका निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से मोहम्मद इकराम के साथ 25 मई 21 को हुआ था। मगर उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। जिस पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया गया था। उसके पति ने 6 जून 23 को उसे विधि विरूद्ध तीन बार तलाक लिख कर नोटिस भेजा था। इस पर पीड़िता की तरफ से तीन तलाक को लेकर केस अपने अधिवक्ता के मार्फत दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अब आरोपी उसके पति मोहम्मद इकराम को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रिम जांच की जा रही है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग धौलपुर
dholpur.we@rajasthan.gov.in, Ph.: 05642-223349
क्रमांक-1579 दिनांक-13-12-2023
खुली बोली आमंत्रण सूचना
इस कार्यालय के लिए वन स्टॉप सेन्टर योजना अन्तर्गत महिला केन्द्र प्रबंधक, महिला परामर्शदाता, आई टी वर्कर, सहायिका एवं सुरक्षा गार्ड के पदो के लिए अस्थाई आधार पर मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विनिर्दिष्ठ संवेदक/संस्थाओं से दिनाक 01.01.2024 को साय 5:00 बजे तक ई निविदा आंमत्रित की जाती है एवं ई निविदा की अनुमानित लागत 24.00 लाख है। बोली आमत्रंण सूचना/निविदा प्रपत्र मय शर्ते व आवश्यक दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में http:// sppp.raj.nic.in एवं http:// wed.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN NO- WMP2324SLRC00165 NIB NO. WMP2324A0150
(विश्व देव) सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग धौलपुर
DIPR/C/16244/2023

राजस्थान सरकार
कार्यालय, जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी जालोर
Tel. No. 02973-222579 E-mail dlceo.jalore.rj@gmail.com
क्रमांक-DLCEO/JLR/2023-24/235 दिनांक-11.12.2023
ई-निविदा सूचना 02/2023-24
नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षण सामग्री (TLM) क्रय करने हेतु ई-निविदा आंमन्त्रित की जानी है। जिसकी अनुमानित लागत 13.18 लाख एवं ई-निविदा दिनांक 26.12.2023 को 12:00 PM तक ऑनलाईन आंमत्रित कर दिनांक 27.12.2023 को अपरान्ह 03:00 PM पर खोली जानी है। निविदा से सम्बधित अधिक जानकारी के वेबसाईट http//sppp.rajasthan.gov.in एवं http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. LIT2324GLOB00021
जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, जालोर
DIPR/C/16200/2023

# सिरफिरे युवक ने राजस्थान विधानसभा परिसर में जूता फेंका, जो लग्जरी कार पर जाकर गिरा

## गुरूवार सुबह जब सदन की कार्यवाही शुरू होने वाली थी, तभी ऑटो रिक्शा लेकर पहुंचे इस युवक ने पहले तो जनप्रतिनिधियों को लेकर आपत्तिजनक बातें कही, फिर हंगामा किया





-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा के बाहर गुरूवार सुबह एक सिरफिरे ऑटो चालक युवक ने काफी हंगामा मचाया। ये शख्स ऑटो रिक्शा लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचा और अचानक उत्पात मचाने लगा।

माहौल तब ज़्यादा गर्माया, जब इस सिरफिरे शख्स ने जनप्रतिनिधियों को लेकर आपत्तिजनक बातें कहीं और अचानक से अपना एक जूता उतारकर विधानसभा परिसर के अंदर फेंक दिया, जो विधानसभा के भीतर खड़ी माननीय की लग्जरी फॉर्चूनर कार पर जाकर गिरा। सिरफिरे शख्स ने खुद का नाम मंगल बताया। बड़ी बात ये थी कि सिरफिरे शख्स का विधानसभा के बाहर अचानक से हंगामा तब हुआ, जब कुछ ही देर बाद विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने वाली थी और इसे लेकर विधायकों का पहुँचने का सिलसिला भी जारी था। इधर, सिरफिरे शख्स के अचानक हंगामा करते देख विधानसभा के अंदर और बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई। इस सिरफिरे शख्स के हंगामे के चलते मीडियाकर्मियों और तमाशबीनों के जमावड़े को देखकर कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और सिरफिरे शख्स को वहां से रवाना किया गया। तब कहीं जाकर माहौल शांत हुआ। हालांकि इसे सुरक्षा में चूक माना जा रहा है।

- **विधानसभा के बाहर जब यह घटनाक्रम हुआ, तब वहां सुरक्षा गार्ड और पुलिस जाप्ता मौजूद था, लेकिन जब तक कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले ही युवक ने जूता विधानसभा में फेंक दिया**
- **इस घटना से हड़कंप मच गया, विधानसभा के बाहर हंगामा बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को वहां से रवाना किया**

## गोगामेड़ी के हत्यारे नेपाल और बैंकॉक फरार होने वाले थे

**जयपुर** । श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्या की जांच कर रही एनआईए और राजस्थान पुलिस को बड़ी लीड मिली है। पुलिस को 'लेडी डॉन' पूजा के पति महेंद्र और उसके दोस्तों के बारे में कुछ जानकारी हाथ लगी है। पूछताछ में पूजा ने बताया है कि उसका पति महेंद्र और शूटर नितिन फौजी हत्याकांड के बाद नेपाल और बैंकॉक जाने का प्लान बना रहे थे। साथ ही महेंद्र ने नितिन फौजी को जयपुर में कुछ और लोगों से भी मिलवाया था। इस जानकारी को आगे बढ़ाने के लिए अब पुलिस टीमें अजमेर जेल में आरोपियों से पूछताछ करेगी। वहीं, जयपुर पुलिस की एक टीम पूजा से भी महिला जेल जयपुर में जाकर पूछताछ करेगी। सूत्रों के मुताबिक लॉरेंस, रोहित गोदारा पर पहले से काम कर रही राजस्थान पुलिस की टीम को अपने मुखबिरों से कुछ बड़ी लीड हाथ लगी है। गोगामेड़ी हत्याकांड में पुलिस को राजस्थान के कुछ और लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। इसकी पुष्टि और जांच को आगे बढ़ाने के लिए टीमें जेल में जाकर फोटो और वीडियो दिखाकर पूछताछ करेगी।

## डॉ. रश्मि और डॉ.पवन को बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड



**जयपुर** । सवाई मान सिंह अस्पताल की प्रोफ़ेसर डॉ. रश्मि कटारिया, न्यूरो सर्जरी अतिरिक्त अधीक्षक तथा डॉ पवन सिंघल, सीनियर प्रोफेसर एवं यूनिट हेड, ईएनटी के शोध पत्रों को इस वर्ष के एसएमएस बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड के लिए चुना गया और ये अवार्ड उन्होंने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजीव बग़रत्ता द्वारा दिया गया। डॉ. रश्मि ने सीवी जंक्शन की बीमारियों का 3 प्रिंटिंग पदतियों द्वारा नवीनतम विधि द्वारा इलाज पर और डॉ पवन सिंघल ने जन्मजात बहरापन से ग्रसित बच्चों में कॉकलियर इंप्लांट के ऑपरेशन की नयी सरल तकनीक ईजाद की।

# रत्न-आभूषण के महाकुंभ ''जयपुर ज्वैलरी शो'' का उद्घाटन आज

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आज सुबह साढ़े 10 बजे करेंगी शुभारंभ

**जयपुर** । रत्न एवं आभूषण के महाकुंभ 'जयपुर ज्वलैरी शो' (जेजेएस) का भव्य आगाज शुक्रवार प्रातः 10.30 बजे जयपुर के सीतापुरा स्थित जयपुर कन्वेंशन सेंटर में होगा। शो का उद्घाटन राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगी। देश के नंबर वन बी2बी एवं बी2सी शो- जेजेएस की थीम इस वर्ष एमराल्ड... योर स्टोन योर स्टोरी' है। गुलाबी शहर जयपुर, वर्ल्ड कैपिटल ऑफ एमरल्ड के नाम से प्रख्यात है। इसकी विश्वभर में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इस वर्ष भी जेजेएस में एमरल्ड रत्न व आभूषणों पर विशेष फोकस रहेगा। यह जानकारी जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने दी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी, जेजेएस 1100 से ज्यादा बूथ्स के साथ एक सम्पूर्ण शो होगा। इनमें 318 बूथ्स पर जेमस्टोन्स, 660 बूथ्स पर ज्वैलरी प्रदर्शित की जायेंगी जबकि 13 पर कॉस्ट्ययूम एवं सिल्वर आर्टिकल्स प्रदर्शित होंगे। इसके अतिरिक्त, अन्य बूथ्स अलाईड मशीनरी और पब्लिकेशंस के होंगे। वहीं ज्वैलरी सैक्शन में लगभग 67 प्रतिशत डिजाइनर बूथ्स हैं। शो में ज्वैलर्स और जेमस्टोन्स डीलरों, ज्वैलरी संस्थानों, प्रकाशनों को भी अवसर मिलेगा। ज्वैलरी और जेमस्टोन के लिए अलग-अलग सेक्शन होंगे। यह वर्गीकरण ग्राहकों के लिए उनकी पसंद का उत्पाद ढूंढने के लिए आसान बनाएगा।

- **1100 से ज्यादा बूथ्स होंगे, 1000 टॉप ज्वैलरी रिटेलर्स हो रहे हैं शामिल**

जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने बताया कि इस वर्ष देशभर के लगभग 1000 टॉप ज्वैलरी रिटेलर्स जेजेएस में शामिल हो रहे हैं। जेजेएस के निमंत्रण पर ये रिटेलर्स प्रत्येक वर्ष शो विजिट करते हैं और शो के दौरान बी2बी बायर्स के रूप में अपने प्रोडक्टस् की नियमित आपूर्ति के लिये सम्पर्क बनाते है, ताकि बायर्स का भी निरन्तर रूप से ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर्स से सम्पर्क हो सके। इस बार 8 हजार से अधिक ट्रेड विजिटर्स और लगभग 50 हजार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विजिटर्स शामिल शो में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंच चुके हैं।

शो ऑवर्स के बारे में जानकारी देते हुए जेजेएस प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि यह शो बिजनेस विजिटर्स के लिए सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। आम विजिटर्स के लिए शो का समय दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। आखिरी दिन यानी सोमवार, 25 दिसंबर को शो का समय शाम 6.30 बजे तक रहेगा।

# महापौर ने किया खासाकोठी रैन बसेरे का औचक निरीक्षण, कंबल भी वितरित किए

## अधिकारियों को रैन बसेरे के बाहर से मिट्टी के कट्टे हटाने के निर्देश दिए

**जयपुर** । हैरिटैज महापौर मुनेश गुर्जर ने गुरूवार देर शाम खासा कोठी फ्लाईओवर के नीचे बने रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया और यहां रुके हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे। मुनेश गुर्जर के दौरे की सूचना केवल अधिशाषी अभियंता मुख्यालय सुबोध कुमार को थी और उन्हें भी कंबल लेकर पहुंचने के लिये निर्देशित किया गया था। देर शाम जैसे ही महापौर खासाकोठी रैनबसेरे में पहुंची तो निगमकर्मी दौड़ते हुए नजर आए । रैन बसेरे के बाहर गन्दगी-कचरा और मिट्टी से भरे कट्टे देखे तो महापौर काफी नाराज हुई। उन्होंने वार्ड 36 के सी.एस.आई व एस.आई.को सफाई में कोताही पर नोटिस थमाया। साथ ही चेतावनी भी दी कि जिन-जिन वार्डों में सफाई नहीं सुधरेगी, वहां-वहां सीएसआई और एस.आई. को सस्पेंड किया जायेगा।

मुनेश गुर्जर ने रैन बसेरे के अन्दर रूके हुए लोगों से बातचीत कर पूछा कि वे कहां से और किस काम से जयपुर आये। उन्हें भोजन, बिस्तर व दवाईयां मिल रही है या नहीं। उनसे ठहरने की एवज में निगमकर्मी कोई शुल्क तो नहीं वसूल रहे, महापौर के तमाम सवालों पर लोगों ने उचित व्यवस्था बताई। महापौर मुनेश गुर्जर ने रैन बसेरे के पीछे अस्थाई थड़ियों को हटाने के सतर्कता शाखा को मौके से ही निर्देश भिजवाये और रैन बसेरे के पास नोन वैंडिंग जोन में थड़ी-ठेले हटाने को कहा। रैन बसेरे के पीछे कुछ लोग अपने कपड़ों में लिपटे फ्लाईओवर के नीचे सोने की तैयारी कर रहे थे, मुनेश गुर्जर ने उनसे कारण पूछा कि वे रैनबसेरे में क्यों नहीं गए। इस पर लोगों ने कहा कि उनके पास आधार कार्ड नहीं है। इस पर मुनेश गुर्जर ने अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय सुबोध को निर्देश दिये कि वे आधार कार्ड के अलावा अन्य आईडी कार्ड से भी रूकने की अनुमति का विकल्प खोंजे। रैन बसेरों में किसी जरूरतमंद का सामान चौरी न हो, इसके लिये उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय को रैन बसेरों के प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिये व आईडी न होने पर पास के थाने के माध्यम से तजदीक करवाने के लिए कार्रवाई करने को कहा।



**महापौर मुनेश गुर्जर ने गुरूवार देर शाम को खासाकोठी रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया।**

## 6 दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आगाज


**जयपुर** । राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से जवाहर कला केंद्र, जयपुर के शिल्पग्राम में गुरुवार को 6 दिवसीय राष्ट्रीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी पधारो म्हारे शिल्पग्राम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कला, साहित्य, संस्कृति, पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ रहीं, जिन्होंने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। नेशनल एग्जिबिशन में देशभर के 19 राज्यों के 150 दस्तकार एवं हस्तशिल्पकार हिस्सा ले रहे हैं।

# संगीत, साहित्य व रंगमंच का उत्सव 22 से 24 तक

**जयपुर**, (का.सं.) जवाहर कला केन्द्र की ओर से कला संसार मधुरम के अंतर्गत 22 से 24 दिसंबर तक साहित्य, संगीत और रंगमंच के रंगों से रंगने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 22 दिसंबर को सायं 6:30 बजे रंगायन सभागार में शास्त्रीय गायन व वादन प्रस्तुति होगी। प्रसेनजीत सेनगुप्ता और डॉ. विनायक शर्मा सरोद और सितार की जुगलबंदी पेश करेंगे। वहीं पं. आनंद वैद्य की शास्त्रीय गायन प्रस्तुति होगी। 23 दिसंबर को रंगायन सभागार में सायं 6:30 बजे जूही बब्बर सोनी द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक विद लव, आपकी सैयारा का मंचन होगा। इसमें जूही बब्बर खुद मुख्य पात्र की भूमिका निभाएंगी। नाटक की कहानी नादिरा ज़हीर बब्बर द्वारा परिकल्पित एक चरित्र से प्रेरित है। गायक मोहम्मद रफ़ी की जयंती पर 24 दिसंबर सुबह 11 बजे रंगायन में मृदुल स्पर्श सत्र में फिल्मकार मोना राणे, लेखक दीपक महान जुटेंगे।

## सार-समाचार

### डॉ. सिन्हा चलाएंगे सेव लाइफ अभियान



**जयपुर** । प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. वी.डी. सिन्हा को वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सोसाइटीज का सैकंड वाइस प्रेसीडेंट बनाया गया है। आपको बता दें डॉ. वीडी सिन्हा भारत के एक मात्र व्यक्ति हैं, जिन्हें 183 देशों की संस्था-वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सोसाइटीज का सैकेंड वाइस प्रेसीडेंट चुना गया है। साउथ अफ्रीका के केपटाउन शहर में आयोजित वर्ल्ड प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ऑनलाइन वोटिंग के जरिए विश्वभर के न्यूरो सर्जन्स की एक्जक्यूटिव कमेटी के 260 वोट में से 60.80 प्रतिशत वोट लेकर डॉ. वी.डी. सिन्हा ने जीत दर्ज की है। डॉ. सिन्हा का सैकेंड वाइस प्रेसीडेंट के रूप में दो साल (2023-2025) कार्यकाल होगा। इस दौरान प्रेसीडेंट मोरक्को की डॉ. नाजिया अबाडी ने कार्यभार संभाला। उल्लेखनीय है कि डॉ. वीडी सिन्हा एशियन-ऑस्ट्रेलियन्स सोसाइटी ऑफ न्यूरोलॉजिकल सर्जन्स के अंतरराष्ट्रीय महासचिव भी रहे है। इसके अलावा डॉ. सिन्हा न्यूरोरिहैबलिटेशन एंड रिक्नस्ट्रेटिव न्यूरो सर्जरी के अध्यक्ष, वहीं, न्यूरो ट्रोमा कमेटी के बोर्ड मैंबर रहे। वर्तमान में संतोकबा दुर्लभजी हस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष भी हैं। इससे पहले डॉ. सिन्हा सवाई मान सिंह अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग से विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ आचार्य रहे।

### विद्युत उत्पादन निगम को अवार्ड मिला



**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम की छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित पीईकेबी खुली खदान को केन्द्रीय कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 20 दिसम्बर को विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में वर्ष 2019-20, 2020-21 व 2021-22 के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए स्टार रेटिंग अवार्ड से नवाजा गया है। इस अवार्ड का चयन खदानों द्वारा संचालन प्रणाली व नये उपकरणों के उपयोग, पर्यावरण सुरक्षा व सुरक्षा इंतजामों के लिए किया गया। केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी द्वारा यह पुरस्कार राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के निदेशक (तकनीकी) देवेन्द्र श्रृंगी को प्रदान किया गया। उत्पादन निगम की इस खदान से राज्य की 4340 मेगावाट क्षमता की तापीय विद्युत परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति की जाती है। उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. शर्मा ने यह उपलब्धि अर्जित करने पर हर्ष व्यक्त किया है एवं सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है।

### बदमाशों ने चुराई 80 हजार की सिगरेट

**जयपुर** । श्याम नगर थाना इलाके में अस्सी हजार रुपये की सिगरेट चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित सोनू गेरा निवासी नवदुर्गा कॉलोनी ने मामला दर्ज करवाया है कि बाजार में सिगरेट सप्लाई का काम किया करता है और 19 दिसम्बर को सिगरेट की सप्लाई करने के लिए निकला था। जब पीटीएन मिश्रा मार्ग के पास बब्लू जनरल स्टोर पर सिगरेट दे रहा था। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए। एक युवक बाइक से नीचे उतरा। उसकी स्कूटी के चारों तरफ घूमने लगा। जैसे ही वह दुकानदार से बात करने में लगा। इसी दौरान वह स्कूटी पर रखे अस्सी हजार रुपए की सिगरेट से भरे दोनों बैग लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने उनका पीछा भी किया,लेकिन दोनों आरोपी भाग छूटे।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में 27 में से चार टीमें रही विजेता



**एस.के.आई.टी कॉलेज में बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2023 सॉफ्टवेयर एडिशन के छठे संस्करण का ग्रांड फिनाले संपन्न हुआ।**

**जयपुर** । स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2023 के सॉफ्टवेयर एडिशन के छठे संस्करण के ग्रांड फिनाले का समापन समारोह बुधवार को नोडल सेंटर स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एवम ग्रामोथान में आयोजित किया गया। वेलिडिक्टरी समारोह में श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा बेनेट यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद की एबेस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बिरला विश्वकर्मा महाविद्यालय की टीम विजेता घोषित की गई। प्रत्येक टीम को 1 लाख का चेक पुरस्कार के रूप में दिया गया और एआईसीटीई की ऐश्वर्या पाटिल ने सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया।

नोडल सेंटर एसकेआईटी में आई देशभर से 27 टीम प्रोब्लम सॉल्यूशन निकालने के लिए 36 घंटे तक लगातार जुटी रही। पांच प्रॉब्लम मे से चार के सॉल्यूशन खोजे गए। इस दौरान मेंटर्स एवम जजेस भी विभिन्न टीम के साथ इंटरेक्शन करते हुए एवम उनके हौसला अफजाई करते रहे। शाम को वेलिडिक्टरी सेशन में चीफ़ गेस्ट एआईसीटीई के पूर्व चेयरमैन प्रो. एमपी पूनिया एवम गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में नीति आयोग के पूर्व मिशन डायरेक्टर डा. रामानन रामनाथन ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया। दोनो ही अतिथिओ ने एकसुर मे स्टूडेंट्स के हुनर की सराहना की एवम उन्हे देश का भविष्य बताया। एसकेआईटी के डायरेक्टर जयपाल मील ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व भाग ले रही टीम्स के सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दी । संस्थान के प्रिंसिपल डॉ रमेश कुमार पचार, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ एस एल सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील एवं डीन डॉ. आर.के.जैन, डी.डी. एंकर पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे। एसकेआईटी से डॉ. अजय धनोपिया ने पधारे सभी अतिथियों, ज्यूरी मैम्बर्स व पार्टिसिपंट्स को धन्यवाद दिया।

- **कार्यक्रम में प्रत्येक विजेता टीम को 1-1 लाख रु.का चैक देकर सम्मानित किया गया**

# कैंसर हब द्वारा भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना ही लक्ष्य : डॉ. तोमर



**जयपुर**, (का.सं.)। कैंसर देखभाल में क्रांति लाने के लिए तैयार, डॉ. बलवीर सिंह तोमर कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट प्रतिष्ठित निम्स अस्पताल और निम्स विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है। कैंसर उपचार सेवा सुविधा राजस्थान के एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत करता है। यह महत्वपूर्ण प्रयास न केवल कैंसर जैसे बिमारियों बल्कि कैंसर रोगियों के लिए आशा की किरण के रूप में भी काम करता है। अपनी स्वास्थ्य प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, यह सेंटर हर प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए इलाज उपलब्ध करेगा, जिनमें कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और बोन मेरो प्रत्यारोपण शामिल हैं और साथ ही आर.जी.एच एस, चिरंजीवी और विभिन्न टीपीए सेवाओं के साथ रणनीतिक साझेदारी प्रदान करेगा।

निम्स कैंसर इंस्टीट्यूट में वर्ल्ड की बेस्ट सर्विस उपलब्ध करायी जा रही है जिसमे वेरियन ट्ययूबिम एचडी-एमएलसी लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन (जो विश्व की सबसे लेटेस्ट कैंसर रेडिएशन मशीन है), जो एक पूरी तरह से रोबोटिक मशीन है जिसे कैंसर प्रौद्योगिकी के शिखर के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह प्रणाली 3 डी-सीआरटी, (3डी कंफर्मल रेडिएशन थेरेपी), इंटेंसिटी मॉड्यूलेटेड रेडियोथेरेपी, टीबीआई (टोटल बॉडी इरैडिएशन), गेटिंग रेडियोथेरेपी, एस.आर.एस (स्टीरियोटैक्टिक रेडियो सर्जरी) सहित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इन सभी मशीन का इस्तेमालविशेष रूप से रिकॉर्ड समय में स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी (एसबीआरटी) प्रदान की जाती है। रेडियोथेराप्यूटिक तकनीकों का यह मजबूत विकास यह सुनिश्चित करता है कि मरीजों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप उपचार के विविध विकल्प प्राप्त हो।

निम्स यूनिवर्सिटी के चांसलर व चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ.) बलवीर एस. तोमर कहते हैं, ''कैंसर हमारे जीवन के कैनवास पर एक अनूठे अध्याय के रूप में सामने आता है। यह केंद्र एक ऐसा केंद्र होगा जो अग्रणी रोगी देखभाल और नवाचार को एक साथ लाएगा क्योंकि हम कैंसर को ठीक करने की अपनी खोज में कैंसर देखभाल और कैंसर अनुसंधान दोनों को एक साथ बदलना चाहते हैं। यह हमारे लक्ष्यों को और भी आगे बढ़ाएगी, उन सफलताओं के रूप में काम करेगी जो राष्ट्रीय स्तर पर कैंसर देखभाल में बदलाव लाएगी।

# मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग का खुलासा

**जयपुर** । खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मंदिरों में चोरी करने वाली गिरोह का पर्दाफाश कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने चोरी के सामान को खरीदने वाले कबाड़ी को भी पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से चुराया हुआ सामान बरामद कर लिया।

डीसीपी (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि मंदिरों में चोरी को लेकर एडिशनल डीसीपी सुमन चौधरी, एसीपी संजय शर्मा, थानाप्रभारी सुरेश यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने चोरी के बाद आस-पास सीसीटीवी फुटेज चैक किए। पुलिस ने खोह नागोरियान निवासी कालूराम मीणा, राहुल मीणा, अजय मोर्य और आजाद नगर ट्रांसपोर्ट नगर निवासी कबाड़ी आमिर खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से मंदिर की घंटिया, झालर, अलग अलग मूर्तियां, शिवजी का सर्प, त्रिसूल, रामजारा, कलश, गुम्बद, अखण्ड ज्योति, दीपक, भोग प्लेट, पीतल की परात, साउण्ड मशीन बरामद की।



### When your taste buds are way above the clouds

You actually lose a large percentage of your taste buds while on an airplane. This might explain why you find yourself craving the saltiest foods while in the sky. Essentially, you leave your normal sense of taste behind at the airport departure gate. Taste buds and sense of smell are the first things to go at 30,000 feet. Flavour is a combination of both, and our perception of saltiness and sweetness drop when inside a pressurised cabin. There are several reasons for this: lack of humidity, lower air pressure, and the background noise.




#MENTAL HEALTH

## Exercise & Socialise

Physical exercise is associated with a variety of positive health aspects. Numerous studies have shown that regular physical activity has a preventive effect on cardiovascular diseases, diabetes, cancer, high blood pressure, and obesity.





Physical and social activities in old age have a protective effect on the part of brain which plays a central role in memory.

This part of the brain, the *entorhinal cortex*, is impaired in patients, with *alzheimer's disease*, even in the early stages.

Physical exercise is associated with a variety of positive health aspects. Numerous studies have shown that regular physical activity has a preventive effect on cardiovascular diseases, diabetes, cancer, high blood pressure, and obesity.

But how do various leisure activities, physical, social, and cognitive, affect brain health in old age? Researchers from the University Research Priority Program Dynamics of Healthy Aging and from the Healthy Longevity Centre of the University of Zurich decided to investigate this question.

To this end, they examined data from a comprehensive longitudinal study on brain development and behaviour in old age. The longitudinal study was set in motion, 12 years ago, by Lutz Jäncke, professor emeritus at the University of Zurich, who continues to supervise the project together with co-lead, Susan Mérillat.

The aim of the current research was to investigate relationships between the thickness of the *entorhinal cortex*, memory performance, and leisure activities in cognitively healthy adults over the age of 65, for a period of seven years.

The *entorhinal cortex*, approximately 3.5 millimetres thick, is part of the cerebral cortex in the inner part of the temporal lobe and plays a key role in learning and memory. It is also one of the brain regions that is affected early on. in the development of *alzheimer's disease*.

"Our findings show that in people who were more physically and socially active at the beginning of the study, the thickness of the *entorhinal cortexes* decreased less over the seven-year period," says neuropsychologist Jäncke.

The researchers also found that the thickness of the *entorhinal cortex* is closely linked to memory performance. The less the thickness of this brain structure decreased over the course of the study, the less memory performance was reduced.

"Physical exercise and an active social life with friends and family are, therefore, important for brain health and can prevent neurodegeneration in later life," says Jäncke.

It was also shown that higher memory performance at the beginning of the study was associated with a lower decline in memory performance over the course of the study.

"These findings support the idea that we have a 'cognitive reserve,' and that the brain can be trained throughout our lives like a muscle, to counteract age-related decline," says Isabel Hotz, one of the two first authors alongside Pascal Deschwanden.

In other words, it pays to be physically, mentally, and socially active throughout our lives, including in later life.



By organising a *Polo Match* in Jodhpur because he hailed from it. Held at the Maharaja Gaj Singh Sports Foundation Grounds, "*Bappji*", as Gaj Singh ji is fondly called by one and all, was the chief guest. The two teams made sure that every minute was gripping. Jodhpur's *Palace of wheel* was led by the debonair H.H. Jaipur Padmanabh Singh. Others in the team were Himmat Bedla, Savir Godhara and Lance Watson. The other team, namely, *Indian Navy Swant Path* led by Hemendra Singh had Altaf Khan, Nikhilendra Singh, AP Singh.

# MDM Polo Cup

# All Things Good And Dashing






Photo: Sudhir Kaskwal











Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*


#TRIBUTE TO BHAJI



Season four of *Mathuradas Mathur Polo club* was a befitting tribute to a man who had loomed large in Rajasthan politics for five decades.

Hosted in Jodhpur by his grandson, Vishaal Mathur, a media honcho of the mega event, saw close to a hundred people, swarm to the *Sun City* from all over the country.

Mathura Das Mathur, fond of all good things of life, was dashing to say the least. Called "*Bhaji*" by friends and family, he would make hearts flutter in his *pathan* suits, a trend that continued even in his twilight years. A stylish politician amongst the *paan chewing dhoti kurta* clad herd, he stood tall, not only physically, but also metamorphically.

So how does one pay tribute to a *Grand Dad* like that?

By organising a *Polo Match* in Jodhpur because he hailed from it. Held at the Maharaja Gaj Singh Sports Foundation Grounds, "*Bappji*", as Gaj Singh ji is fondly called by one and all, was the chief guest. The two teams made sure that every minute was gripping. Jodhpur's *Palace of wheel* was led by the debonair H.H. Jaipur Padmanabh Singh. Others in the team were Himmat Bedla, Savir Godhara and Lance Watson. The other team, namely, *Indian Navy Sawant Path* led by Hemendra Singh had Altaf Khan, Nikhilendra Singh, AP Singh. After a gripping match, the MDM Cup was lifted by Jodhpur's *Palace of Wheels*.



Even though the veterans could be heard reminiscing of days when polo was redoubtable with long back hands and passes to the who's, who, watching the match, there was never a dull moment. Fashionably dressed up, feeling fierce, everyone was ready to sashay into a moonlit after-party at Mehrangarh.

Harshita Saboo, a jeweller from Hyderabad, who has found her way into the Guinness book of World Records, why? Well, of that another day, gushed, "Oh! everyone has overdosed on cheer and fun." She could not have been more bang on.

The High Tea, post the match, was a scene to behold. *Fashionista*, and the high and mighty, stood in a line awaiting for the famous *Mirchi Vada*. As reports go, it is said as many as 1 lakh *Mirchi Vadas* are sold during the monsoon in the *blue city*. The delectable heritage snack had such a swing like *Oliver Twist* most wanted "more".

As night fell, the scene of action shifted to the formidable Mehrangarh for the after-party. Spread over 1200 acres, the lower terrace was where all action was. One look at the groups, as they streamed in bling and shiny metallic spandex gowns and leggings, one knew that an epic night was about to roll out.

Graced by Padmanabh Singh and his younger sister, Gaurvi Kumari, the party was a blast. Hand it to them for being one of the most humble celebrity children with immaculate manners. Rishi Miglani, Rajasthan's youth icon, Kashiff Khan, MF Fashion TV and Aftab Shivdasani, bollywood actor, were spotted too.



As the DJ pelted foot tapping bollywood numbers, the crowds lost in the rhythm, would struggle to find each other in the retro melodies.

As everyone got busy partying, one came away convinced that good friends and good vibes are the best combo for celebration.



rajeshsharma1049@gmail.com


#COMMEMORATION

# Mathematics Day

Exploring patterns, solving puzzles, and understanding the world through numbers - it's a journey of discovery, that's endlessly fascinating!

Mathematics Day, on December 22, celebrates the birth anniversary of India's famed mathematician, Srinivasa Ramanujan. Ramanujan's genius has been regarded by mathematicians to be on the same level as Euler and Jacobi from the 18th and 19th centuries. His work in the number theory is especially regarded and made advances in the partition function. Since 2012, India's *National Mathematics Day* is recognized on December 22, annually with numerous educational events held at schools and universities throughout the country. In 2017, the day's significance was enhanced by the opening of the *Ramanujan Math Park* at Kuppam, in Chittoor, Andhra Pradesh. Mathematics lovers like Sri Ramanujan are all around the world and some even support others enhance their knowledge on the subject.




## History of Mathematics Day

Srinivasa Ramanujan is the brilliant mathematician behind the inspiration for Mathematics Day in India, whose works influenced many across the country and the world. Ramanujan was born in 1887, in Erode, Tamil Nadu to an Iyengar Brahmin family. At age of 12, despite lacking a formal education, he excelled at trigonometry and developed many theorems for himself.

After finishing secondary school in 1904, Ramanujan became eligible for a scholarship to study at the Government Arts College, Kumbakonam, but could not secure it since he did not excel in other subjects. At the age of 14, Ramanujan ran away from home and enrolled at Pachaiyappa's College in Madras, where too, he only excelled in mathematics without managing the same in other subjects and was unable to finish with a Fellow of Arts degree. Living in dire poverty, Ramanujan instead, pursued independent research in mathematics.

Soon, the budding mathematician was noticed in Chennai's mathematics circles. In 1912, Ramaswami





Aiyer, founder of the *Indian Mathematical Society*, helped him get a clerk position at the Madras Port Trust. Ramanujan, then began sending his work to British mathematicians, receiving a breakthrough in 1913, when Cambridge-based G.H. Hardy called him to London, after being impressed by Ramanujan's theorems. Ramanujan made his way to Britain in 1914, where Hardy got him into Trinity College, Cambridge. In 1917, Ramanujan was well on his way to success, after being elected to be a member of the *London Mathematical Society*, and he also became a Fellow of the Royal Society in 1918 and became one of the youngest to achieve the esteemed position.

Ramanujan returned to India in 1919 because he couldn't get accustomed to the diet in Britain. His health continued to deteriorate and he died in 1920, at the age of 32. However, his achievements in the field of mathematics are still highly regarded across the globe. Ramanujan left behind three notebooks with pages containing unpublished results, which mathematicians continued to work on for years to come. So much so that in 2012, former Prime Minister of India, Manmohan Singh declared December 22, the day of Ramanujan's birth, as *National Mathematics Day* to be celebrated across the country.

## How To Celebrate Mathematics Day

### Read up about trigonometry

Srinivasa Ramanujan's earliest stories began around the age of 12, mastering the dizzying logic of trigonometry and developing theorems on his own without any assistance. While not everyone feels the need to celebrate mathematics, it's still an important subject. Why not try learning the concept of trigonometry yourself, or read up about it? It's actually one of the most important branches of mathematics and is something that every student should focus on. Great trigonometry skills allow students to work out complex angles and dimensions in relatively less time.





### Watch the movie about Ramanujan

The brilliant mathematician inspired the field of mathematics and many students across India. If you don't know much about him, you can watch his incredible story of success from the comfort of your own home. Consider watching '*The Man Who Knew Infinity*', starring Dev Patel. It's a great biopic of Ramanujan's inspiring journey.

### Encourage other students' strengths

If there is one important factor to take away from Srinivasa Ramanujan's amazing story and success in the field of mathematics, it is, that he persevered despite performing horrendously in other subjects such as English, Philosophy, and Sanskrit. This shows that each student has his own strengths and weaknesses, and while it's always important to do our best, and make sure to nurture and compliment a student who excels in a particular subject. Who knows, maybe that compliment will help nurture his will to perform better and even pursue his interests to amazing heights!

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# "विकसित भारत-2047" की संकल्पना के संवाहक बने विश्वविद्यालय : मिश्र

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने 115 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 186 को पीएचड़ी की डिग्रियां दी




उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने डिग्री व मैडल प्रदान किये।

- सुखाड़िया विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह आयोजित, 115 में से 82 गोल्ड मेडल बेटियों के नाम

**उदयपुर, (कासं)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र ने 115 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 186 को पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की। 115 में से 82 गोल्ड मेडल बेटियों के नाम रहे। दीक्षांत उद्बोधन गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय गांधीनगर के कुलपति प्रो. रमाशंकर दुबे ने दिया।

कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है और युवा ऊर्जा के बल पर ही हम एक विकसित भारत की सकारात्मक कल्पना करते हैं। उन्होंने 'विकसित भारत-2047' की संकल्पना व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इसके संवाहक बने। राज्यपाल ने कन्वोकेशन को अंग्रेजी का एक शब्द बताते हुए कहा कि पश्चिमी सभ्यता में यह डिग्री प्रदान करने के सीमित अर्थ में ही प्रयुक्त किया जाता है लेकिन भारतीय शिक्षा पद्धति संस्कार निर्माण से जुड़ी है। दीक्षांत समारोह डिग्री प्रदान करने की औपचारिकता भर नहीं है क्योंकि दीक्षांत का अर्थ है-नव जीवन की शुरुआत, यानी समावर्तन संस्कार है। समावर्तन का अर्थ - संस्कारित होकर जीवन में फिर से लौटना है। दीक्षांत शब्द ब्रह्म रूप में जीवन-पथ के आलोक का संवाहक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में आज सबसे बड़ी जरूरत यह है हम किसी एक विषय नहीं, जीवन के सर्वांगीण विकास से जुड़े सभी विषयों का समावेश करें यही वक्त की जरूरत है। विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही नैक परीक्षण पूरा करके ए ग्रेड प्राप्त करने पर उन्होंने बधाई दी। मुख्य अतिथि गुजरात केन्द्रीय विवि गांधीनगर के कुलपति प्रो. रमाशंकर दूबे ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर कुल 115 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसमें 82 छात्राएं गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में शामिल है जबकि 33 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए गए। इन गोल्ड मेडल में 7 चांसलर गोल्ड मेडल है जबकि पीसी रांका की स्मृति में 2, डॉ सीबी मेमोरिया की स्मृति में 7, प्रो विजय श्रीमाली की स्मृति में दो, विजय सिंह देवपुरा की स्मृति में एक और प्रो ललित शंकर- पुष्पा देवी शर्मा की स्मृति में एक गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुल 186 पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएगी, जिसमें 100 छात्राएं और 86 छात्र शामिल है। पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वालों में वाणिज्य में 21, पृथ्वी विज्ञान में 12, शिक्षा संकाय में 20, मानविकी में 41, विधि में 3, प्रबंध अध्ययन में 6, विज्ञान में 37 और समाज विज्ञान संकाय में 46 विद्यार्थियों की पीएचडी डिग्रियां शामिल है। इस दौरान राज्यपाल ने बहुमंजिला प्रशासनिक भवन एवं मल्टीपरपज एग्जामिनेशन ब्लॉक का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम से पहले राज्यपाल को विश्वविद्यालय की तीनों एनसीसी इकाइयों द्वारा गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल ने सभी डीन, डायरेक्टर्स और विभागाध्यक्षों के एकेडमिक प्रोसेशन के साथ सभागार में प्रवेश किया। दीक्षांत समारोह का संचालन रजिस्ट्रार विनय पाठक ने किया। इस अवसर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार कर्नाटक, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसएस सारंगदवोत एवं यूपी सरकार के पुलिस महानिदेशक एसएन साबत भी उपस्थित रहे।

# 45 लाख की चोरी का पर्दाफाश

## दो बालक निरुद्ध व एक नकबजन गिरफ्तार



पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी ( गोले में ) को गिरफ्तार किया।

- पुलिस चोरी के मामले में फरार मास्टरमाइंड महिला की तलाश में जुटी है
- आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात सहित घटना में प्रयुक्त कटर, कपड़े व स्कूटी बरामद

**अजमेर, (कासं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नया बाजार स्थित एक सुनार की दुकान में हुई 45 लाख की चोरी के मामले का गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने खुलासा किया। मामले में पुलिस ने एक आरोपी नकबजन सहित दो नाबालिगों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात के साथ वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी और इलेक्ट्रिक कटर भी जब्त किया है। पुलिस मामले में फरार मास्टरमाइंड महिला की तलाश में जुटी है।

प्रेसवार्ता आयोजित कर एसपी जाट ने मीडिया को बताया कि 15 दिसंबर को नया बाजार स्थित सागर दुकान के मालिक सागर गुप्ता ने दुकान में चोरी होने की शिकायत देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज शिकायत में पीड़ित दुकान ने बताया कि दुकान के ताले तोड़कर चोर दुकान से सोने व चांदी के जेवरात, मूर्तियां, फुटकर आइटम सहित 45 हजार नगद चोरी कर फरार हो गए थे। एसपी जाट ने कहा कि प्रकरण बड़ी चोरी का था जिससे संपूर्ण सर्राफा बाजार में चिंता थी।

एसपी जाट ने बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन किया था और चोरी करने वालों अपराधियों की सूचना देने पर 20 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। थाने और स्पेशल टीम ने दुकान, बाजार, अभय कमांड सहित करीब 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल की और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से मिली सूचना और तकनीकी साक्ष्यों आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने अजय नगर कच्ची बस्ती निवासी प्रकाश पुत्र गोपीनाथ को गिरफ्तार किया है, जबकि दो नाबालिग को निरुद्ध किया है।

एसपी जाट ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि तीनों दोस्तों ने सोशल मीडिया पर ऑनलाइन ताला काटने वाला वीडियो देखा और फिर करीब एक माह पहले ही तीनों दोस्तों ने इलेक्ट्रिक कटर ऑनलाइन सात हजार में मंगवाया था। इसके बाद तीनों ने मिलकर अपनी पहली चोरी की वारदात को अंजाम दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुनार की दुकान में चोरी के मामले में एक महिला वारदात की मास्टरमाइंड बताई जा रही है, जो पुलिस द्वारा पकड़े गए एक नाबालिग की मां है। कोतवाली थाना पुलिस मास्टरमाइंड महिला की तलाश कर रही है, जिसकी गिरफ्तारी के बाद ही पुलिस को पूरा माल मिलने की उम्मीद है जताई है।

एसपी जाट ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह, सउनि भगवान सिंह, विष्णु प्रसाद सहित जिला स्पेशल साइबर सेल से सतपाल सिंह, सउनि रणवीर सिंह, शंकर सिंह सहित कानि. करतार सिंह, चिरंजी लाल, सुनील कुमार, सोनवीर सिंह, राजेंद्र चौधरी, बंशी लाल, राजू ज्याणी, मोतीराम, ओम प्रकाश, स्पेशल सेल के हैड कांनि. गोपल गोरा, जोगेंद्र सिंह, किशोर, कानि.विशाल सहित अन्य जवान शामिल रहे।

# हिस्ट्रीशीटर को हथियार देने वाला गिरफ्तार

## पेट्रोलपंप पर डकैती डालने की योजना बनाने का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** पेट्रोलपंप पर डकैती डालने की योजना बनने के मामले में रिमाण्ड पर चल रहे हिस्ट्रीशिटर को पिस्टल देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

शहर के अम्बामाता थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएसआई नारायणसिंह मय टीम ने गत दिनों फतहपुरा स्थित पेट्रोलपंप पर डकैती डालने की योजना बनाने के मामले में हिष्ट्रीशिटर हरिजन बस्ती नाड़ा खाड़ा सूरजपोल हॉल समता नगर बेदला निवासी नरेश पुत्र श्यामलाल हरिजन को रिमाण्ड पर लिया था। जिससे की गई पूछताछ के आधार पर हथियार देने वाले मुक्ताप्रसाद नगर थाने के हिस्ट्रीशिटर बदमाश सुखदेव उर्फ सुखा धवल पुत्र लूणकरण धवल निवासी ओडों का मोहल्ला रेल्वे वर्क शॉप के पीछे सर्वोदय बस्ती को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। सुखदेव उर्फ सुखा के खिलफ 9 अपराधिक प्रकरण दर्ज होकर वह मुक्ताप्रसाद नगर थाना बीकानेर का हिस्ट्रीशीटर है।

प्रकरण के अनुसार 14 दिसंबर को शहर के अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित, डीएसटी टीम प्रभारी देवेन्द्रसिंह देवल मय टीम ने डीएसटी टीम के कांस्टेबल रवीन्द्रसिंह की सूचना कर 14 दिसंबर को शिल्पठाम के जंगल से दबीश देकर नरेश हरिजन पुत्र श्यामलाल निवासी हरिजन बस्ती नाड़ा खाड़ा सूरजपोल हॉल समता नगर बेदला सुखेर, पुष्पेन्द्रसिंह पुत्र बाबूलाल राठौड़ निवासी लक्ष्मीनगर चौराया दायजी मिष्ठान भण्डार केपास यमुना पार हाल पुलिस लाईन टेकरी, अवनिश गुर्जर पुत्र रमेश गुठार निवासी पुलिस लाईन टेकरी सूरजपोल, आदित्य पुरी गोस्वामी पुत्र रमेशपुरी निवासी सृष्टि ऐनक्लेव मेलडी माता गैस गौदाम के पास गोवर्धन विलास, राहित पुत्र औकारलाल निवासी रेती स्टेण्ड आवरीमाता कॉलोनी , गौतम पुत्र नरेन्द्र निवासी रेती स्टेण्ड आवरी माता कॉलोनी, प्रमोद सिंह पुत्र विष्णुधारी सिंह निवासी से.9 हिरणमगरी हाल समता नगर तितरडी सविना, ईश्वरलाल खारोल पुत्र शंकरलाल निवासी हनुमान कॉलोनी खारोली कॉलोनी फतहपुरा अम्बामाता को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 6 पिस्टल, 7 मेगजीन, 19 जिंदा कारतूस, 2 खाली कारतूस, चाकू, मिर्ची पाउडर जब्त कर रिमाण्ड पर लिया था। जिन्हें रिमाण्ड अवधी पूरी होने पर न्यायालय में पेश किया। जहां से हिस्ट्रीशिटर नरेश हरिजन को तीन दिन के लिए वापस पुलिस रिमाण्ड पर भेजा तथा शेष आरोपियों को जेल भेज दिया था। पूछताछ के दौरान नरेश हरिजन ने उक्त हथियार देने के संबंध में दी गई जानकारी के अनुसार सुखदेव उर्फ सुखा को गिरफ्तार किया।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** व्यक्ति की हत्या का लाश को पत्थरों से बांध कर कुएं में डालने के मामले में आरोपी को ओगणा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित मंगलाराम पुत्र रूपाराम भगोरा निवासी कालीगार विलावास ओणाने 3 दिसंबर को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरे पिता रूपा पुत्र चिना भगोरा 2 दिसंबर सायं खेत पर थे। जहां पर सुन्दराल व रणजीत पुत्र लखमा कपाया निवासी भंवरिया काठा शराब लेकर आए जहां साथ में शराब पीने के बाद मेरे पिता को ओड़ा की तरफ लेकर निकले थे। जिन्हें मेरे भाई नरेश ने देखा था। 9 दिसंबर को ओड़ा खेड़ा नदकी के पास कुए में पत्थरों से बंधी मेरे पिता की लाश मिली। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भुषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक राजेश विद्यार्थी के सुपरविजन में ओगणा थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने आरोपी सुन्दरलाल पुत्र लखमा कपाया निवासी भवरीया काड़ा ओगणा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि रूपा भगोरा से पुरानी रंजिश थी।

# नगर निगम उत्तर ने तीन भवन सीज़ किये

## बिना अनुमति व्यावसायिक निर्माण करने पर कार्रवाई

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में बिना अनुमति व्यावसायिक निर्माण करने पर नगर निगम उत्तर ने तीन व्यावसायिक इमारतो को सीज करने की कार्रवाई की है। आयुक्त उत्तर अतुल प्रकाश ने बताया कि भीतरी शहर के घोड़े का चौक और घंटाघर क्षेत्र में नगर निगम की बिना अनुमति के व्यवसायिक निर्माण कार्य करने की शिकायत मिली थी, जिस पर तकनीक अधिकारियों एवं वार्ड प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर भवन मलिक को नोटिस जारी किया गया।

नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी भवन मालिक की ओर से भूखंड स्वामित्व, भवन निर्माण अनुमति और भूउपयोग परिवर्तन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। उपायुक्त भगवान सिंह ने बताया कि आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी को बिना अनुमति के हो रहे व्यवसायिक निर्माण को सीज करने के आदेश दिए। उपायुक्त के आदेश की पालना में अतिक्रमण प्रभारी गणेश घारू की टीम ने घोड़ों का चौक में दो और महिला बाग घंटाघर में एक बिल्डिंग को सीज करने की कार्रवाई की।

# दो मंजिला मकान की छत से गिरा मासूम

**भीलवाड़ा, (निसं)।** खेल खेल में डेढ़ साल का एक मासूम दो मंजिला मकान की छत से गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। मामला भीलवाड़ा के रायला कस्बे का है। यहां मूल कानपुर निवासी एवं हाल रायला फैक्ट्री में श्रमिक सनी प्रताप का डेढ़ साल का पुत्र सम्राट अपनी मां के साथ घर की छत पर गया था। खेल-खेल में छत की रेलिंग से वो नीचे गिर गया। उसे ऊपर से नीचे गिरा देख मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। परिजनों व मोहल्ले वालों ने उसे पहले हॉस्पिटल यहां से गंभीर घायल होने पर उसे भीलवाड़ा के निजी हॉस्पिटल में रेफर किया, जहां मासूम का इलाज जारी है। डॉक्टर फिलहाल मासूम की हालत खतरे से बाहर बता रहे हैं।

# अवैध बजरी से भरे तीन डंपर जब्त किए



मंडावरी में अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली सड़कों पर खड़े हुए नजर आते हैं।

- खनिज व पुलिस विभाग ने मिलकर की कार्रवाई

**मंडावरी, (निसं)।** थाना पुलिस और खनिज विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बिलोना कला गांव के समीप से अवैध बजरी से भरे तीन डंपरों को जब्त किया है। खनिज विभाग एवं मंडावरी थाना पुलिस द्वारा अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई के बाद अवैध बजरी माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने अवैध बजरी से भरे तीनों डंपरों को मंडावरी थाने में लाकर जब्त करने की कार्रवाई की है। अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई होने से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

मंडावरी थाना अधिकारी धर्मेंद्र मीणा ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अवैध बजरी से भरे डंपरों को सवाई माधोपुर रोड बिलोना कला गांव के पास से जब्त किया। इस दौरान खनिज विभाग की टीम भी मौजूद रही। खनिज विभाग की टीम ने अवैध बजरी से भरे तीनों डंपरों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी की है।

मंडावरी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी के ढेर एवं अवैध बजरी का परिवहन बदस्तूर जारी है। अल सुबह सैकड़ों की संख्या में अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर खड़े हुए व बेखौफ दौड़ते नजर आते हैं। मंडावरी थाना क्षेत्र सहित पूरे लालसोट विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर सड़कों पर ही खुले आम बजरी के अवैध ढेर देखे जा सकते हैं। इन अवैध बजरी के घेरे के सड़क किनारे होने से सड़कों पर बजरी बिखर जाती है इसके कारण खासकर दो पहिया वाहन चालक आए दिन सड़क पर फैली हुई बजरी से फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

# स्कूल में चोरी की घटना का खुलासा, सामान बरामद

**देवगढ़, (निसं)।** थाना क्षेत्र में विगत बीस दिनों पूर्व हुई चोरी की वारदात का देवगढ़ पुलिस ने खुलासा करते हुए सामान बरामद कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। स्वादडी गांव के सरकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रहलाद सिह पिता नन्दसिह कच्छावा (59) निवासी देवगढ़ ने 1 दिसम्बर को रिपोर्ट दी।

जिसमें बताया की हम जब विद्यालय में पहुंचे तो विद्यालय में प्रधानाचार्य ऑफिस और कार्यालय तथा कम्प्यूटर कक्ष के ताले टूटे हुए मिले। जिस पर देवगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला राजसमन्द एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा के निर्देशानुसार एवं राजेन्द्रसिंह राठौड़ वृत्ताधिकारी वृत्त भीम जिला राजसमन्द के निकटतम सुपरविजन में प्रकरण की गम्भीरता को मद्देनजर रखते हुए थानाधिकारी कमलेन्द्रसिह उपनिरीक्षक द्वारा थाना टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार मुखबीरी से सम्पर्क कर आसुचना संकलन कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवक को गिरफ्तार करते हुए पुछताछ हेतु थाने पर लाये तीनों सदिग्ध अपराधियों ने रा.उ.मा. विद्यालय स्वादडी स्कूल से कंप्यूटर चोरी करना स्वीकार किया। मुल्ज़िमों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया व मुलजिमानो की निशादेही से स्कूल से चोरी किये गये कंप्यूटर वगैरा बरामद किये गये हैं।

अपराधियों से बरामद से देवगढ़ पुलिस ने 10 कंप्यूटर मय कि-बोर्ड व सीपीयू, लेपटॉप, प्रिन्टर,एलईडी वगैरा बरामद किया गया। गिरफ्तार हुए अपराधी में चमन सिंह पिता किशन सिंह निवासी बांसा पुलिस थाना चारभुजा जिला राजसमन्द, प्रेमसिंह पिता मोती सिंह निवासी बांसा पुलिस थाना चारभुजा जिला राजसमन्द, मुकेश नाथ उर्फ लोकेश पिता बन्नानाथ निवासी झुठागुड़ा पुलिस थाना दिवेर जिला राजसमन्द है।

# जोधपुर पोलो-2023 पोलो हेरिटेज ने इण्डियन नेवी को हराया

- आर्मी कमाण्डर कप का प्रदर्शन मैच आज खेला जायेगा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 24वें जोधपुर पोलो सीजन 2023 में गुरुवार से राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (8 गोल) टूर्नामेंट के दूसरे दिन पोलो हेरिटेज व इण्डियन नेवी के बीच मैच खेला गया। दोपहर तीन बजे खेले गये इस मैच में पोलो हेरिटेज ने नेवी टीम को साढे तीन के मुकाबले सात गोल कर साढ़े तीन गोल के अन्तर से हरा दिया। हेरिटेज टीम के सैय्यद शमशेर ने मैच की शुरुआत से ही बेहतरीन खेलते हुए बढ़त दिलाए रखी।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि पोलो हेरिटेज के चार हैण्डीकेप खिलाड़ी सैय्यद शमशेर अली ने पहले व चौथे चक्कर में दो-दो गोल व तीसरे चक्कर में एक गोल किया। साथी खिलाड़ी योगेश्वरसिंह ने दूसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया।

मुकाबले में आधे गोल की शुरुआती बढ़त के साथ खेलते हुए इण्डियन नेवी टीम के चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी जोहान फिलीप ने तीसरे चक्कर में दो व चौथे चक्कर में एक गोल किया। जोहान ने ये तीनों गोल पेनल्टी स्ट्रोक से किए। पहले दो गोल सिक्सटी यार्ड पेनल्टी व अन्तिम गोल फोर्टी यार्ड पेनल्टी से किया। टीम का अन्य कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया। मैच की कॉमेन्ट्री राजवी शैलेन्द्रसिंह ने की। मैच के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व दक्षिण अफ्रीका के रोडनी ज्योफरी गुटरिज रहे जबकि रैफरी साविर गोदारा थे। नाथावत ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 3 बजे आर्मी कमाण्डर कप का प्रदर्शन मैच खेला जायेगा।

# अजमेर रेलवे स्टेशन पर "स्टेशन महोत्सव" मनाया

## कार्यक्रम में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों, अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों को सम्मानित किया




"स्टेशन महोत्सव" में अजमेर स्टेशन भवन की समाकृति का केक काटा गया।

- स्टेशन के इतिहास और स्टेशन के बारे में जागरूकता के लिए प्रस्तुतिकरण वीडियो वॉल पर प्रदर्शित किया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर स्टेशन के गौरवमय इतिहास को याद कर अजमेर स्टेशन पर "स्टेशन महोत्सव" मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "स्टेशन महोत्सव" योजना के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष में स्टेशनों का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अजमेर मंडल के स्टेशनों पर भी स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। इसकी शुरूआत में अजमेर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या एक की ओर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया।

मण्डल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ व डीएफसीसीआईएल के महाप्रबंधक (समन्वय) एस आर सांगवा की गरिमामयी उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों व अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के अंतर्गत सेंट्रल जैल की आर्केस्ट्रा टीम द्वारा गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। रेल कलाकारों द्वारा भी मोहक प्रस्तुति दी गई। अजमेर स्टेशन भवन की समाकृति का केक भी इस अवसर पर काटा गया और आजादी के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये गए। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सुनील महला, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक मोनिका यादव, एनडब्लूयूआरई यू के पदाधिकारी अरुण गुप्ता व मोहन चेलानी, यूपीआरएमएस के जूबेर अहमद व एसआई जेकब की विशेष उपस्थिति रही।

इनके अलावा स्टेशन मैनेजर अवधेश कुमार, स्टेशन पर कार्यरत रेलवे स्टाफ, स्कूल छात्र-छात्राएं, बच्चे, कुली, रेल यात्री व आमजन उपस्थित थे। महोत्सव के दौरान स्टेशन के इतिहास और स्टेशन के बारे में जागरूकता बढाने के लिए प्रस्तुतिकरण वीडियो वॉल पर प्रदर्शित किया गया। जिसमें अजमेर स्टेशन के प्राचीन फोटो व जानकारी आदि प्रदर्शित की गई। प्रदर्शित की गई सामग्री में अजमेर मंडल का इतिहास, पुरानी फोटो, स्थापना पट्टीका, आगरा-अजमेर रेल लाइन, राजपूताना स्टेट रेलवे के अंतर्गत नीमच- अजमेर रेल लाइन, पश्चिमी राजपूताना स्टेट रेलवे के अंतर्गत अजमेर- अहमदाबाद लाइन, अजमेर रेलवे स्टेशन का वर्ष 1905 का फोटो, वर्ष 1908 में अजमेर स्टेशन पर खड़ी ट्रेन का फोटो, बीबी एंड सेंट्रल इंडिया रेलवे द्वारा अजमेर वर्कशॉप में निर्मित करवाए गए इंजन का फोटो, अजमेर स्टेशन के ब्रॉड गेज व मीटर गेज से संबंधित फोटोग्राफ, रेल म्यूजियम अजमेर में स्थापित अजमेर रेलवे स्टेशन का मॉडल जैसी सामग्री उपलब्ध कराई गई। वर्तमान स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 1900 में किया गया था। आधुनिकता व विकास के इस दौर में विरासत को सजोए रखते हुए अजमेर स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। अगली कड़ी में भीलवाड़ा स्टेशन पर मंगलवार को स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया

**लालसोट।** राजकीय कन्या महाविद्यालय लालसोट में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ दिवसीय शिविर का उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़ियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों का बौद्धिक शारीरिक सर्वांगीण विकास करता है। महाविधालय के प्राचार्य प्रोफेसर पहाड़िया ने सरस्वती मां को प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर यथा माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति सेवा व समर्पण का भाव जागृत करना है। युवा अनुशासन में रह कर अपना सर्वांगीण विकास करता है। कार्यक्रम अधिकारी हरिसिंह मीना ने सात दिवसीय कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की।

### कविता को मिली पी.एच.डी. की उपाधि

**शाहपुरा ।** शाहपुरा राजपुरा निवासी कविता कपूरिया को राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएचडी की है। उन्होंने अपना शोध कार्य राम सिंह चौहान पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय के निर्देशन में पूर्ण किया है। सुश्री कविता कपूरिया ने अपनी सफलता का श्रेय दादी लाडा देवी, माता व पिता महादेव कपूरिया सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, चाचा रामकरण कपूरिया अध्यापक, भाई युवराज, जितिन, हार्दिक तथा प्रोफेसर महिपाल सिंह खेदड़ सहित परिवार जनों को दिया है। कविता कपूरिया राजस्थान विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडलिस्ट रही है व वर्तमान में व्याख्याता स्कूल शिक्षा, अजबगढ़ अलवर में कार्यरत है।

### खेल दिवस का शुभारम्भ

**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित आदित्य इंटरनेशनल स्कूल में गुरूवार को वार्षिक खेल दिवस का शुभारम्भ एएसपी नेम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, दुर्गाप्रसाद मिश्रा, निदेशक सुभाष पटेल, रेखा पटेल, माया पटेल, संस्था प्रधान नेहा श्रॉफ ने द्वीप प्रज्जवलित कर खेल दिवस का शुभारम्भ किया।

# पंजाबी रत्न सम्मान से 51 प्रतिभाएं सम्मानित

**अलवर।** एमजीबी फाउंडेशन के आलमचंद भाटिया ट्रस्ट तथा पंजाबी समाज की कई संस्थाओं के सहयोग से पंजाबी सेवा रत्न सम्मान-2023 से 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जिन्होंने सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

■ अलवर, खैरथल और बहरोड़ जिले के समाजसेवियों को किया सम्मान



अलवर में सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर 51 प्रतिभाएं सम्मानित।

लेमन ट्री होटल में हुए मुखय समारोह में मुखय अतिथि नगर निगम अलवर के महापौर घनश्याम गुर्जर थे जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा ने की। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि नगर परिषद की पूर्व सभापति शकुंतला सोनी, समाज सेवी हंसराज अदलकखा और विनोद वासन थे। इस अवसर पर स्वागत भाषण मुखय ट्रस्टी मनीष भाटिया ने दिया। ट्रस्टी दौलत राम हजरती ने ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में बताया।

अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक अभिषेक तनेजा सहित बनवारी लाल, के के भाटिया, नीलम भाटिया, सचिन सोढी, नीरज सचदेवा, गोपाल नाथ भार्गव, ऋषि राज कालरा, रजनीश अदलकखा, निशा वासन, रोजिता, संजय भाटिया, शशी ठोवर, उषा कालडा ने किया।

सम्मानित होने वालों में संत सुखदेव शाह चेरिटेबल ट्रस्ट, फुलकारी महिला कलब, अनिल चुघ, अनिल कालरा, अशोक भाटिया, अशोक छाबड़ा, कमल कपूर, किशन लाल अदलकखा, के.एल. अरोड़ा, चरणजीत सुनेजा, जगदीश अरोड़ा गिज्जा, जगदीश खत्री, जगदीश मदान, जितेन्द्र खुराना, प्रो. जी. डी. मेहंदीरता, मनीष दूरेजा, डॉ. राजेन्द्र जुनेजा, खान चंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट, नेक कमाई फाउंडेशन, हरीश अरोड़ा, प्रवीन बत्रा, प्रेम गांधी, बिशन कालरा, वीना अरोड़ा, भगवान दास कथूरिया, मदन लाल डूडेजा, मनोहर लाल नरुला, मीना तनेजा, रमेश जुनेजा, रवि जुनेजा, राजेश मुखीजा, रामकिशन चुघ, रोशन लाल बकशी, शकुंतला सोनी, शारदा कटारिया, संजय बवेजा, जुगल गांधी, निर्मल, संतोष अरोड़ा, सतीश भाटिया, सुभाष मेहंदीरता, सोनिया अरोड़ा, सौरभ कालरा, अभिषेक तनेजा, सतीश गेरा, हरिकिशन खत्री, हरीश कालरा, राजू शर्मा, रुचि कथूरिया, संजय नकड़ा, दीवान चंद सेतिया, राकेश अरोड़ा, सरिता तौलानी आदि थे। मंच संचालन सुरेश नागपाल ने किया। अंत में मुखय ट्रस्टी मनीष भाटिया ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में मृतक सहायक अभियंता सुरेन्द्र अरोड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मुखय ट्रस्टी मनीष भाटिया ने कहा कि सुरेन्द्र अरोड़ा बहुत मिलनसार ओर समाजसेवी थे जिनकी स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

**मालपुरा** (निस) रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन व आयुर्वेद विभाग राजस्थान सरकार के सहयोग से रोटरी सामुदायिक संगठन पचेवर के संयुक्त तत्वाधान मे 1० दिवसीय आयुर्वेदिक पाईल्स शल्य चिकित्सा शिविर का गुरूवार को हुआ शुभारम्भ। आदर्श नगर पाण्डुक शिला परिसर मे आयोजित 1० दिवसीय शिविर का शुभारम्भ आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्यारे लाल मीणा ने मां सरस्वती व धनवन्तरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जल्लित किया। उपनिदेशक मीणा ने आयुर्वेद पद्धति से पाईल्स जैसी बिमारी का जड से निदान करने का दावा करते हुए कहा कि आधुनिकता के इस युग मे आज भी आयुर्वेद पद्धति के ईलाज कारगर साबित हो रहै है। जो कि किसी भी रोग को जड से समाप्त करने मे ज्यादा विश्वास रखता है। मेडिकल स्टोर से ली गई अंग्रेजी दवाईयां रोगी को चन्द मिनटो मे ही दर्द से निजात तो दिला देगी लेकिन बिमारी का जड से खातमा नही हो पाता है। जिसका प्रत्येक्ष उदाहरण टाईफाईड जैसी बिमारी है। जो कभी भी व्यक्ति को अपनी जकड मे जकड लेती है। लेकिन आयुर्वेद पद्धति से तैयार किया गया काढा टाईफाईड को जड से समाप्त कर रोग का स्थाई निदान कर देता है। इस अवसर पर शिविर समन्वयक रोटरी राकेश जैन नेवटा ने 1० दिवस शिविर की गतिविधियो व भर्ती रोगी को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया।

## सार-समाचार

### शिविर में लोगों को जागरूक किया



**बहरोड/ नीमराना।** उपखंड बहरोड़ के गांव महाराजावास व खोहरी में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में पहुंची भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ शानू ने केंद्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याण व जन हितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को फायदा लेने हेतू जागरूक किया। आयोजित कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मौके पर ही समस्याओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर बहरोड़ तहसीलदार राजवीर, अधिकारी सुरेश कुमार यादव, महाराजावास सरपंच उदय सिंह, खोहरी सरपंच प्रतिनिधि कंवर सिंह एवं विभागों के कर्मचारी व ठाामीण मौजूद रहे जिन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का शिविर में लाभ व उनकी जानकारियां जुटाई।

### आर्म रेस्लिंग प्रतियोंगिता आयोजित

**टोंक।** टोंक महोत्सव समिति एवं अंजुमन सोसाईटी खानदेन-ए-अमीरीया के सयुक्त तत्वाधान में एपीआरआई टोंक में आयोजित की गई। आर्म रेस्लिंग के रईस अहमद ने बताया कि यह प्रतियोगिता चार भार वर्ग में आयोजित की गई, जिसमें 0-45 में प्रथम नोमान खान, द्वितीय स्थान पर धनराज महावर, 45-50 भार वर्ग में प्रथम उमेर खान, द्वितीय स्थान पर कुलदीप, 50-55 भार वर्ग में प्रथम तुषार व द्वितीय स्थान पर निहाल तथा 55-60 में प्रथम स्थान पर दीपक चौधरी, द्वितीय पर दिलखुश, 60-65 वर्ग में इरफान पठान प्रथम व मोईन अली द्वितीय स्थान पर, 65-70 भार वर्ग में प्रथम केशव पांचाल व अर्भाव द्वितीय स्थान पर रहे तथा 75-80 वर्ग में मोहम्मद अस्सी प्रथम व खेमराज द्वितीय स्थान पर रहें। 80 से अधिक भार वर्ग में पीयुष यादव प्रथम व सैयद फैजान द्वितीय स्थान पर रहे तथा ओपन केटेगिरी में लेफ्टिहेडं में प्रथम स्थान पर केशव पांचाल व नाजिम द्वितीय पद पर रहे। रैफरी सोनू माली, जशवन्त सिंह व सैयद ईसान अली, फिरोज खान, मोलाना जंगीर खान प्रतियोगिता में उपस्थित रहें।

### जागरूकता अभियान का आयोजन

**कोटपूतली।** स्थानीय डिजिटल कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी संस्थान में गुरूवार को साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन भारतीय प्रेस आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता व अतिथि सम्बोधित करते हुए अशोका कोचिंग के इंजि. राजेश चौधरी ने कहा कि देशभर में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना न केवल प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। बल्कि साइबर सुरक्षा को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक बनाना भी हम सब का उद्देश्य है। उन्होंने इस मुहिम के लिए संस्थान की टीम का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को चकाचौंद भरी जिन्दगी से दूर रहने व आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्सी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं संस्था के निदेशक पुष्पेन्द्र यादव ने सभी विधार्थियों को बढ़ते हुए साईबर अपराध की रोकथाम के उपाय बताकर जागरूक किया की किस प्रकार से हम अपने आप को साईबर चोरों से सुरक्षित रख सकते है। जैसे लिंक भेजकर या कोई एप डाउनलोड करवाकर हमारे डाटा को चोरी कर लेते है या बैंक खाते से पैसे चुरा लेते है या फिर हमारे नाम से फर्जी सिम कार्ड जारी करवा लेते और हम कुछ नहीं कर पाते है। इस दौरान व्यवस्थापक सुरेन्द्र यादव, मैनेजर प्रियंका यादव, साईबर एक्सपर्ट अशोक कुमार, कृष्ण यादव, मनोज (एप डेवलपर), विजय, प्रवीण यादव, विक्रम, अंकित व अशोक कुमावत सहित विधार्थी मौजूद थे।

## राहुल के दिल में रोम और हमारे दिल में राम है : डॉ. किरोडी

**दौसा।** जिला मुख्यालय पर सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ किरोडी लाल मीणा ने उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने को लेकर संवैधानिक पद का घोर अपमान करार दिया है एवं तंज करते हुए कहा कि राहुल के दिल में रोम और हमारे दिल में राम है।

सवाई माधोपुर विधायक डॉ मीणा ने कांठोस नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी पर टिप्पणी की और कहा कहा कि देश में राम नाम की लहर चल रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतेगी।विपक्ष पर निशाना साधते हुए किरोड़ी ने कहा- राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में पूरा देश शामिल होगा और जिनके मन में रोम है वे शामिल होंगे या नहीं होंगे, अगर वह जाते हैं तो बहुत खुशी की बात है लेकिन हमारे तन-मन में राम बसे हैं और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश की जनता में भारी उत्साह है। यह उत्साह 2024 में भाजपा की जीत का भी आगाज है। इसके साथ ही मीणा ने उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ की मिमिक्री मामले को लेकर कहा कि यह लोकतंत्र के साथ क्रूरता है।उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक पद है और विपक्ष ने नेताओं ने पूरे देश के साथ यह मजाक किया है। हैरानी की बात है कि कांठोस नेता राहुल गांधी खुद वीडियो बना रहे थे। दौसा जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मीणा ने कहा कि उपराष्ट्रपति किसान पुत्र हैं, ऐसे में यह देश के किसानों और ओबीसी वर्ग का अपमान है। राहुल गांधी और उनके गठ बंधन को देश से माफी मांगनी चाहिए। आने वाले समय में देश की जनता इस अपमान का कांठोस और उनके गठबंधन को जवाब जरूर देगी। किरोड़ी मीणा ने कहा 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है और देश में राम लहर चल रही है। ऐसे में 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से प्रदेश की 25 की 25 सीटों को प्रदेश की जनता भाजपा की झोली में डालेगी।

## खुशबु शर्मा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**पावटा।** निकटवर्ती ग्राम पाथरेडी निवासी खुशबु शर्मा पुत्री प्रेम प्रकाश शर्मा एडवोकेट व पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष कोटपुतली ने जीआईटी ग्लोबल इंजीनियरिंग कालेज प्रताप नगर जयपुर मे द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा है।

खुशबु शर्मा ने जीआईटी कॉलेज से इनोवेशन सेल गोवर्नमेंट ऑफ इंडिया और एआईसीटीई द्वारा आयोजित राष्टीय स्तर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। इस प्रतियोगिता मे देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 500 टीमों के 3 हजार छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे पाथरेडी निवासी खुशबु शर्मा को नया सॉटवेयर ऐप बनाकर पेश करने के लिए जीआईटी ग्लोबल इंजीनियरिंग कालेज से आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल भेजा गया था।खुशबु शर्मा ने माइंस व खनन से संबंधित ऐप बनाने पर आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा विजेता के रूप मे ट्रॉफी व 50 हजार का चेक एवं विजेता प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया। जिससे क्षेत्र व गांव का नाम गोरांवित हुआ है। बेटी खुशबु शर्मा की इस जीत पर क्षेत्र व गांव मे खुशी का माहौल है।




खुशबु शर्मा ने माइंस व खनन से संबंधित ऐप बनाने पर आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल की ओर से सम्मानित किया गया।

# राजा मानसिंह-प्रथम की जयंती मनाई

**चाकसू** (निस) गुरुवार को टोंक रोड स्थित राजपूत सभा भवन में राजा मानसिंह प्रथम आमेर की 463 वीं जयंती का आयोजन राजपूत सभा जयपुर केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह की चन्दलाई की अध्यक्षता एवं जितेंद्र सिंह शेखावत और ओमेंद्र सिंह रत्नू के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि राजा मानसिंह का समय हिन्दुत्व व सनातन धर्म के लिए चुनौतीपूर्ण था। भारत में मन्दिर तोड़े जा रहे थे, धर्म परिवर्तन कराए गए। हिंदू राजा कमजोर होने के साथ राज्य के लालच में मुस्लिम धर्म अपना रहे थे। राजा मानसिंह ने न केवल हिंदुओं को मुस्लिम धर्म अपनाने से रोका, बल्कि मुगल दरबार में अपनी शक्ति भी बढ़ाई। उन्होंने वाराणसी, वृंदावन, बंगाल, बिहार, काबुल, कंधार, आमेर, जयपुर सहित पूरे भारत में मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार करवाया। इनमें आमेर की शिलादेवी, सांगानेर के सांगा बाबा, चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर, हर की पौड़ी (हरिद्वार) में मां गंगा का मंदिर प्रमुख हैं। मां गंगा के मंदिर को मान छतरी के नाम से भी जाना जाता है। वाराणसी दशाश्वमेध घाट और अपने ईष्ट विश्वनाथ भगवान शिव का भव्य मन्दिर बनवाया, जिसे मान मंदिर और मान घाट से दुनिया में पहचान मिली है।उसे जमाने में मंदिर निर्माण के लिए 10 लाख रुपए मुगल कोषागार से खर्च कराए और एक लाख रुपए स्वयं राजा मानसिंह ने वहन किए। जगन्नाथ पूरी को अफगानों से मुक्त कराकर भव्य मंदिर बनवाया। आमेर किले की तर्ज पर दक्षिण बिहार में रोहतास के किला का निर्माण करवाया। 1590 से 1592 तक ओडिशा में सघर्ष चला। मानसिंह ने खुर्दा के राजा रामचंद्र को समर्पण करवाने के बाद उन्हीं को जगन्नाथ मंदिर की देखरेख व अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधीक्षक बनाया। तब से लेकर आज तक खुर्दा के राजा रामचंद्र के वंशज मंदिर का प्रबंधन देख रहे हैं।राजा मानसिंह जब रघुनाथ भट्ट के संपर्क में आए तो उन्हीं के कहने पर वृंदावन में गोविंद देवजी का भव्य मंदिर बनवाया। यह 16वीं सदी का भव्यतम मंदिर था। जयपुर की स्थापना के समय आराध्य गोविंद देवजी को सूर्य महल में स्थापित किया गया, जिसका चंद्र महल सातों मंजिल से हम रोज दर्शन करते हैं। इसके साथ ही ऐतिहासिक जानकारियां वहां मौजूद लोगों में साझा करते हुए कहा कि समाज की विभूतियां को समय-समय पर याद करते हुए जयंतीयों को मनाने का आ ान किया।

## स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया

**टोंक।** गुरूवार को जिले में मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया, जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एस अग्रवाल ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाडी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए, साथ ही टीकाकरण सत्रों की जिला एवं ब्लॉक स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों को टीकाकृत किया गया। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था, टीकाकरण, पोषण, संतुलित आहार, बच्चों का वजन लिया गया, समय पर एएनसी चेकअप करवाने संबंधी जानकारी दी गई।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर शुभम चौधरी गुरूवार को कोटपूतली पंचायत समिति के दौरे पर रही। इस दौरान उन्होंने कोटपूतली की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों मोहनपुरा व जोधपुरा का निरीक्षण किया। इस मौके पर अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा नवनिर्मित महरमपुर राजपूत आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन भी किया।

■ महरमपुर राजपूत आंगनबाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन

जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने आंगनबाड़ी केंद्र मरहमपुर राजपूत में राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में गर्भवती महिला मधुबाला को चुनरी ओढ़ाई। साथ ही फल, नारियल व पोषण किट भी वितरित किये गये। इस मौके पर 15 गर्भवती धात्री महिलाओं को पोषण किट वितरित किये गये। आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित 15 बच्चों को प्री-स्कूल किट का वितरण भी किया गया। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने बच्चों से गिनती, कविता, चित्रों और रंगों के नामों आदि के बारे में पूछा। बच्चों ने भी पूरे सहज भाव से कलेक्टर के समक्ष गिनती, कविता आदि की प्रस्तुति दी। आधारभूत संरचना, आवश्यक सुविधाओं जैसे बिजली, पेयजल व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर आदि की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार और किताबों के बारे में जाना। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ सतपाल यादव को आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के लिए और अधिक खिलौनों की व्यवस्था करने के लिए तथा जिले में प्रत्येक आंगनबाड़ी का बेहतर ढंग से संचालन हो और बच्चों को नियमित रूप से नाश्ता, मध्यान्ह भोजन आदि का वितरण हो।

प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर साफ-सफाई और स्वच्छता की व्यवस्था हो। बच्चों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण हो आदि निर्देश दिये। इस दौरान मोहनपुरा केंद्र में कार्यरत एक कार्मिक को स्टॉक रजिस्टर समय पर प्रस्तुत नहीं करने के कारण नोटिस जारी किया गया। इस दौरान सीडीपीओ सतपाल यादव, अल्ट्राटेक सीमेंट ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे, नवनीत जेटली, राजेंद्र कुशवाहा, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर संतरा यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## पोस्टर का विमोचन

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में गुरूवार को महाविधालय के नियमित व पूर्व विधार्थियों के लिए ज्ञान ज्योति निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा के पोस्टर का विमोचन प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. उर्मिल महलावत, डॉ. मधु नागर, डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज, सुरेश कुमार यादव, अशोक सिंह आदि द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विधार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में परीक्षा से जुडकर लाभ लेने की बात कही। अशोक सिंह ने कहा कि परीक्षा हेतु गुगल लिंक एवं बार कोड स्कैन करके पंजीकरण करवाया जा सकता है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 2 जनवरी 2024 है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रथम बैंच में 100 विधार्थियों को ही प्रवेश दिया जायेगा। इन कक्षाओं में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी सामान्य अध्ययन एवं सामान्य विज्ञान, रिजनिंग एवं मेंटल एबिलिटी व भाषा कौशल के विकास हेतु अनुभवी व विषय विशेषज्ञों द्वारा अध्यापन करवाया जायेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया

**दूदू ।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया । साथ ही विभिन्न योजनाओं से वंचित परिवारों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर कृषि अधिकारी राजकुमार सोनी सहायक कृषि अधिकारी कमलेश जांगिड बाबूलाल द्वारा कृषि नवाचार में नैनो यूरिया का ड्रोन द्वारा फसल पर छिड़काव का प्रदर्शन कर लाभ तकनीकी जानकारी दी गई तथा केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान सहायता फसल बीमा पीएम प्रणाम योजना के बारे में बताया गया। इस अवसर पर सरपंच वार्ड पंच एवं ग्रामीण किसान वर्ग के साथ सहायक कृषि अधिकारी किरण कुमावत भी मौजूद रहे।

■ यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं से वंचित परिवारों का पंजीकरण किया गया




ाम पंचायत मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया।

## शिविर का शुभारम्भ

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजपूताना पी.जी. कॉलेज में एन.एस.एस. की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को सात दिवसीय एन.एस.एस. विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के प्राचार्य व युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ के राज्य समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सादा जीवन व अनुशासन से ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकता है।

सिंह ने कहा कि यदि प्रत्येक विद्यार्थी उच्च विचारों के साथ संयमित होकर अध्ययन करे तो निश्चित ही उसे सफलता प्राप्त होती है। अध्यक्षता करते हुए संस्था निदेशक महेन्द्र चौधरी ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों की मदद करता है, वह ही सच्चा समाजसेवक होता है। वह अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। विशिष्ठ अतिथि सहायक प्रोफेसर डॉ. बाबूलाल मीणा ने सामाजिक सेवाओं में बढ़-चढकर भाग लेने की बात कही।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्रि करने वाले सांसद का पुतला फूंका



मालपुरा में भाजपाईयों ने सांसद बनर्जी का पुतला फुंक प्रदर्शन किया।

**मालपुरा** (निस) तरण मूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा बीते दिनो उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड की मिमिक्री करने पर कडी आपत्ति जताते हुए भाजपाईयो ने गुरूवार को सडको पर उतर जमकर नारेबाजी कर व्यास सर्किल पर सांसद का पुतला फुंका। प्रदर्शन कर रहै भाजपाईयो ने कहा कि कांग्रेस सांसद द्वारा केवल धनकड की मिमिक्री कर कोई साधारण अपराध नही अपितू उपराष्ट्रपति जैसे उच्च संवेधानिक पद का अपमान करने के साथ-साथ जाट समाज व किसानो का अपमान किया है। जिसे भाजपा ही नही कोई भी भारतीय बर्दाश्त नही करेगा। भाजपाईयो ने इस घटना पर कडी नाराजगी जताते हुए धनकड की नकल करने वालो का विडियो बना प्रचारित करने वालो पर भी सख्त कार्यवाही की मांग की है। एक संवेधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान करना उतना ही अपराध है जितना कोई अपराधी अपराध कर पुलिस का गुनहगार बन जाता है। इस दौरान मौजूद प्रधान सकराम चौपडा, नरेन्द्र जैन,दिनेश विजय, कृष्णगोपाल तेजी, नजरूदीन देशवाल,बजरंग लाल सैनी, सहित बडी संख्या मे मौजूद भाजपाईयो ने आधा घंटे तक व्यास सर्किल पर नारेबाजी कर सांसद का पुतला फुंक कार्यवाही की मांग की।



हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है। - साक्षी मलिक

महिला पहलवान, संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** हार्दिक सिंह



**भारतीय** हॉकी टीम के उप-कप्तान और शानदार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के पुरस्कार से नवाजा है। हार्दिक ने सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके पसंदीदा खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के उनके दृढ़ संकल्प को प्रेरित करता है। हॉकी इंडिया के अनुसार मंगलवार को 2023 के लिए बहुप्रतीक्षित एफआईएच पुरस्कारों की घोषणा की गई। ये पुरस्कार एक व्यापक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित किए जाते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# संजू सैमसन का वनडे में पहला शतक




पार्ल, 21 दिसंबर। भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मैच में संजू सैमसन ने 114 बॉल पर 108 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के जमाए। यह संजू के वनडे करियर का पहला शतक है।

वॉशिंगटन सुंदर ने वायन मुल्डर (1 रन) और ऐडन मार्करम (36 रन) के विकेट लिए। जबकि अर्शदीप सिंह ने टोनी डी जॉर्जी (81 रन) और रीजा हेंड्रिक्स (19 रन) को आउट किया। जॉर्जी ने वनडे करियर की पहली फिफ्टी जमाई। उन्होंने पिछले मुकाबले में शतक जमाया था।

हेनरिक क्लासन 21 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें साई सुदर्शन ने आवेश खान की बॉल पर कैच किया। साई ने मिडऑफ पर शानदार कैच पकड़ा। रासी वान डर डसन (2 रन) को अक्षर पटेल ने आउट किया। साउथ अफ्रीकी ओपनर्स ने पावरप्ले के शुरुआती ओवर्स में अच्छी बल्लेबाजी की। रीजा हेंड्रिक्स और डी जॉर्ज की जोड़ी ने 8.2 ओवर में 59 रन जोड़े। दोनों ने डिफेंसिव शुरुआत की और मुकेश कुमार को अपना निशाना बनाया।

तीसरे ओवर में दोनों ने मुकेश के सामने 13 रन जोड़े और छठे ओवर में 10 रन दिए। आखिरकार 9वें ओवर में अर्शदीप ने रीजा हेंड्रिक्स का विकेट लेकर दोनों की फिफ्टी पार्टनरशिप तोड़ी। पहले 10 ओवर में साउथ अफ्रीका ने 1 विकेट खोकर 62 रन बनाए।

भारतीय टीम ने पार्ल के बोलैंड पार्क स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 296 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 52 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का पहला अर्धशतक जमाया। रिंकू सिंह ने 27 बॉल पर 38 रन की पारी खेली ब्युरन हेन्ड्रिक्स ने 3 विकेट चटकाए, जबकि नांद्रे बर्गर को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर, केशव महाराज और लिजाद विलियमस को एक-एक विकेट मिले।

## दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का किया फैसला

पार्ल, 21 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को तीसरी और निर्णायक एकदिवसीय मैच में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया हैं। वहीं भारत के लिए ऋतुराज गायकवाड़ की जगह रजत पाटीदार और कुलदीप यादव की जगह वॉशिंगटन सुंदर एकादश में शामिल किया हैं। **दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मारक्रम (कप्तान), रीजा हेंड्रिक्स, टोनी डी जोरजी, रासी वैन डेर डुसेन, डेविड मिलर, हेनरिक क्लासेन, वियान मुल्डर, लिज़ाद विलियम्स, केशव महाराज, ब्यूरान हेंड्रिक्स और नांद्रे बर्गर। **भारत :** के एल राहुल (कप्तान), रजत पाटीदार, साई सुदर्शन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आवेश ख़ान, वॉशिंगटन सुंदर और मुकेश कुमार।

## दीपांशी ने तलवारबाजी में जीता स्वर्ण पदक

सिरसा, 21 दिसंबर। गुजरात के मेहसाना में चले रहे तलवारबाजी राष्ट्रीय खेलों में किसान नेता संदीप सिंवर शेरपुरा की भांजी दीपांशी ने तलवारबाजी में स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि गांव का नाम भी रोशन किया है।

शेरपुरा ने बताया कि दीपांशी का यह पहला ही राष्ट्रीय खेल था, जिसमें स्वर्ण पदक हासिल करके 2023 में कुल चार स्वर्ण पदक हासिल कर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे हरियाणा का नाम रोशन करने का काम किया है। दीपांशी की माता सरोज और पिता देवेंद्र रेढू ने बताया कि उनकी पुत्री खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी बहुत होशियार है। वह दसवीं कक्षा की छात्रा है और नौवीं कक्षा उसने 95 प्रतिशत से भी अधिक अंक से उत्तीर्ण की है। बतौर दीपांशी का मानना है कि अगर मेहनत और लगन से किसी खेल को खेला जाए तो सफलता जरूर मिलती है।

दीपांशी ने बताया कि मेरी शुरू से ही रूचि थी कि कोई अलग खेल को चुनें। इस पर उन्होंने टीवी पर इस गेम को देखा था, जिसके बाद उसके मन में आया कि क्यों न इस गेम में हाथ आजमाया जाए। इसके बाद धीरे-धीरे उसकी रूचि बढ़ती गई और आज स्कूल स्तर से शुरू हुआ तलवारबाजी का सफर राष्ट्रीय खेलों तक जा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि खेलों में करियर की अपार संभावनाएं हैं।

## इंग्लैंड को 2024 टी-20 विश्वकप में स्टोक्स और आर्चर की जरूरत : मॉट

तारोबा, 21 दिसंबर। इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा कि बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर की मैच जीतने की काबिलियत को देखते हुए 2024 टी-20 विश्व कप के लिए टीम में उनकी जरूरत होगी और दोनों चोटिल खिलाड़ियों के लिए टीम के दरवाज़े खुले हैं।

स्टोक्स का नवंबर में घुटने का ऑपरेशन हुआ है और उनके अगले साल जनवरी-मार्च में भारत के खिालफ होने वाली टेस्ट सीरीज तक फिट होने की उम्मीद है। वहीं तेज गेंदबाज आर्चर कोहनी की चोट की वजह से मार्च से क्रिकेट नहीं खेले हैं। दोनों खिलाड़ियों के जून में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए टीम शामिल होने की उम्मीद है।

मॉट ने स्टोक्स और आर्चर के टी -20 विश्वकप चयन पर कहा, मुझे लगता है कि उन्हें मौक़ा मिलेगा। उन्होंने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पांचवें टी-20 के बाद कहा, बेन के अंदर मैच जिताने की काबिलियत है और इसी के साथ वह तेज गेंदबाजी में हमें छठा विकल्प भी देते हैं इससे टीम का संतुलन भी बनता है। इससे चयन करना आसान हो जाता है।

आर्चर को लेकर मॉट ने कहा, जहां तक जोफ्रा की बात है तो उनके पास गति है और वह पारी में किसी भी समय पर गेंदबाजी कर सकते हैं। वह सुपर ओवर कर सकते हैं, आखिर में जब जरूरत हो तो गेंदबाजी कर सकते हैं। मॉट ने इशारा किया कि टी-20 विश्वकप टीम में जॉस बटलर और फिल सॉल्ट ही ओपनिंग कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, ये दोनों अच्छे लग रहे हैं। हमारे पास अभी बहुत समय है। सॉल्ट ने कमाल का प्रदर्शन किया है और जॉस हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजो में से एक हैं। तो हमारे पहले छह या सात बल्लेबाज कौन होंगे यह देखना दिलचस्प होगा। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड को टी-20 विश्वकप में अपने ग्रुप मुकाबले एंटिगा, बारबेडोस और सेंट लूसिया में खेलने हैं।

## चोट के कारण खुर्रम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

पर्थ, 21 दिसंबर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद पसली और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के शेष दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, बायीं पसली में स्ट्रेस फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण खुर्रम शहजाद को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बयान में कहा गया है जांच के बाद वह लाहौर में एनसीए लौट आएंगे जहां वे पूरी तरफ फीट होने तक स्वास्थ लाभ करेंगे। शहजाद ने पर्थ टेस्ट में स्टीव स्मिथ को दो बार आउट किया और दूसरी पारी में 45 रन देकर तीन विकेट लिए उन्होंने डेविड वॉर्नर औरा मार्नस लाबुशेन को भी आउट किया था। ऐसा माना जा रहा है कि शहजाद की जगह हसन अली और मोहम्मद वसीम जूनियर में से एक को टीम में खिलाया जायेगा। पाकिस्तान को अब 22 दिसंबर से विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिन का अभ्यास मैच खेलना है। पाकिस्तान पर्थ में 360 रनों से हारकर सीरीज में 0-1 से पीछे हैं।

## ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ी

### जूते निकालकर टेबल पर रखे, कहा- नया अध्यक्ष बृजभूषण का पार्टनर, अब न्याय की उम्मीद नहीं

रेवाड़ी, 21 दिसंबर। । भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह के अध्यक्ष चुने जाने से बृजभूषण के खिलाफ धरना देने वाले रेसलर नाखुश हैं। दिल्ली में गुरुवार शाम को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इस दौरान साक्षी मलिक भावुक हो गईं और कुश्ती त्यागने का ऐलान कर दिया। उन्होंने अपने जूते उतारकर टेबल पर रख दिए और वहां से उठकर चली गईं। इससे पहले साक्षी ने कहा कि हम लड़ाई नहीं जीत पाए, कोई बात।



// ऑक्शन में पंजाब किंग्स को हुआ कन्फ्यूजन //

## पहले शशांक सिंह को खरीदने के बाद नाम वापसी की मांग, अब टीम में किया स्वागत

दुबई, 21 दिसंबर। पंजाब किंग्स ने छत्तीसगढ़ के 31 साल के क्रिकेटर शशांक सिंह को खरीदने पर अपनी सफाई दी है। पंजाब ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- किंग्स स्पष्ट करना चाहता है कि खिलाड़ी हमेशा से हमारे खरीदारी लिस्ट में था। एक नाम के दो खिलाड़ी होने से थोड़ा कन्फ्यूजन हुआ था।

हम शशांक सिंह को स्क्वाड में शामिल करके खुश हैं और हमारी सफलता में उन्हें योगदान देते हुए देखना चाहते हैं। वहीं शशांक सिंह ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर टीम के प्रति आभार जताया। पोस्ट में लिखा- मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। दरअसल ऑक्शन में शशांक सिंह नाम के दो खिलाड़ी थे। एक 19 साल के, जिन्होंने अब तक तक लिस्ट ए के मैच नहीं खेले हैं। वहीं दूसरा 32 साल के छत्तीसगढ़ के रहने वाले खिलाड़ी, जिनके पास का अनुभव था।

दुबई में 19 दिसंबर को ऑक्शन के दौरान पंजाब किंग्स ने छत्तीसगढ़ के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले शशांक सिंह को उनके बेस प्राइज 20 लाख में खरीद लिया था। जब शशांक का नाम ऑक्शनर मल्लिका सागर ने लिया था, तब किसी और फ्रेंचाइजी ने कोई रुचि नहीं दिखाई।

पंजाब किंग्स की ओर से प्रीति जिंटा ने बीड लगा दिया। शशांक पंजाब के हो गए। लेकिन कुछ ही पल में उन्हें ऐहसास हुआ कि वह जिस शशांक को लेना चाहते थे, वे यह नहीं है। बाद में प्रीति जिंटा और नेस वाडिया समेत अन्य लोगों ने ऑक्शन करा रहीं मल्लिका सागर को इस बारे में बताया और खिलाड़ी को वापस करने की मांग की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मल्लिका सागर की ओर से साफ कर दिया गया कि एक बार बिकने के बाद खिलाड़ी का नाम वापस नहीं होगा। इस पूरे ड्रामे का लाइव टेलिकास्ट टीवी पर हुआ।

## खेलने से स्वस्थ्य शरीर के साथ होता है स्वस्थ्य मन का निर्माण : रेखा आर्या

रुद्रपुर, 21 दिसम्बर। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023' के उद्घाटन में उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि आज खेल एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिये हम सभी स्वस्थ्य मन के साथ ही स्वस्थ्य तन को प्राप्त कर सकते हैं। आर्या ने कहा कि हमें खेल जहां जीवन मे अनुशासन सिखाता है, वहीं खेल से टीम भावना और टीम का नेतृत्व करना भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। यह आप सभी के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि हार से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हार से सीखते हुए एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि हार कर जितने वाले को ही बाजीगर कहते हैं।कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया प्रस्तुत की। इस दौरान खेल मंत्री ने 13 जनपदों से आये खिलाड़ियों को उनकी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही, सभी के साथ संवाद करते हुए सरकार की तरफ से चलाई जा रही खेल योजनाओं की खिलाड़ियो से जानकारी ली।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सात खिलाड़ी पहली बार वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय टेस्ट टीम में खेलेंगे

पोर्ट ऑफ स्पेन, 21 दिसंबर। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में सात खिलाड़ी पहली बार वेस्टइंडीज की राष्ट्रीय टीम में खेलेंगे। वेस्टइंडीज के चयनकर्ताओं द्वारा घोषित की गई 15 सदस्यीय टीम में बल्लेबाज जाचरी मैक्कास्की, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज और केविन सिंक्लेयर के साथ-साथ तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ पहली बार राष्ट्रीय टीम में खेलने वालों में शामिल हैं।

प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर है जबकि जेसन होल्डर की तरह, ऑलराउंडर काइल मेयर्स ने टी20 खेलने के लिए दौरे से बाहर होने का विकल्प चुना है। इन सात खिलाड़ियों में से अधिकांश वेस्टइंडीज की ए टीम के लिए खेल चुके है। यह श्रृंखला 17 जनवरी से शुरु होगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है:- क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), टेगेनरीन चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डासिल्वा, अकीम जॉर्डन, गुडाकेश मोटी, केमार रोच, केविन सिंक्लेयर, टेविन इमलाच, शमर जोसेफ और जाचरी मैक्कास्की।

## संजय सिंह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। संजय कुमार सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। वह लम्बे समय तक महासंघ पर राज करने वाले बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। गुरुवार को हुए मतदान में संजय सिंह को कुल 47 में से 40 मत प्राप्त हुए। उनका मुकाबला अनीता श्योराण से था। अनीता ने कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और उन्हें बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन करने वाले पहलवानों का समर्थन प्राप्त था। हालांकि अनीता हार से निराश नहीं क्योंकि उनके खेमे के प्रेम चंद लोचब महासचिव बने। उन्होंने इस पद पर हुए चुनाव में दर्शन लाल को 27-19 से हराया है।

कुश्ती महासंघ के चुनाव में अहम बात यह है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी उपाध्यक्ष पद पर हार का सामना करना पड़ा है। अध्यक्ष पद के अलावा चार वरिष्ठ उपाध्यक्षों, चार उपाध्यक्षों, एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष और दो संयुक्त सचिवों का चुनाव कराया गया। इसके अलावा पांच कार्यकारी सदस्यों को भी चुने गये।

बृज भूषण शरण सिंह 12 साल से लगातार कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बने हुए थे। इस साल की शुरुआत में ही महिला पहलवानों ने उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इस मामले में भाजपा सांसद के खिलाफ दिल्ली पुलिस जांच भी कर रही है। इसी के चलते बृजभूषण को पद से हटना पड़ा और यह तय हुआ था कि वह खुद या उनके परिवार या रिश्तेदारी का कोई सदस्य भी चुनाव में नहीं लड़ेगा।

संजय सिंह पहले उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2019 में भारतीय कुश्ती संघ की कार्यकारी कमिटी में संयुक्त सचिव चुने गए थे। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली के रहने वाले हैं। वह 2008 में वाराणसी कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष बने। उन्हें बृजभूषण सिंह का करीबी सहयोगी भी माना जाता है। चुनाव जीतने के बाद संजय सिंह ने कहा कि अब राष्ट्रीय शिविर (कुश्ती के लिए) आयोजित किए जाएंगे। जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं वे राजनीति कर सकते हैं, जो कुश्ती करना चाहते हैं वे कुश्ती करेंगे।

## भारतीय महिला टीम ने पहली पारी में की मजबूत शुरुआत

मुम्बई, 21 दिसंबर। पूजा वस्त्रकर चार विकेट और स्नेह राणा तीन विकेट की बदौलत भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 219 रनों पर समेटने के बाद एक विकेट पर 98 रन बनाकर मजबूत शुरुआत की है।

आज दिन का खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम शेफाली वर्मा 40 रन का विकेट खोकर 19 ओवरों में 98 रन बनाये लिये है। शेफाली को जेस जोनासन की गेंद पर पगबाधा आउट किया। भारतीय सलामी जोड़ी पहले विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी की। स्टंप्स के समय स्मृति मंधाना आठ चौकों के सहारे 43 और स्नेह राणा चार रन बनाकर क्रीज पर थीं। भारतीय टीम अभी पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से 121 रन से पीछे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और पहले ही ओवर की छठी गेंद पर उनकी सलामी बल्लेबाज फ़ीबी लिचफ़ील्ड शून्य पर रनआउट होकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एलिस पेरी चार रन अगले ही ओवर में वस्त्रकर का पहला शिकार बनी।

बेथ मूनी ने तालिया मैक्ग्रा के साथ पारी को संभाला। 22वें ओवर में राणा ने मैक्ग्रा 50 रन को राजेश्वरी के हाथों कैच आउटकरा कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 29वें ओवर में वस्त्रकर ने बेथ मूनी 40 को राणा के हाथों कैच आउट करा दिया। 46वें ओवर में कप्तान अलिसा हीली 38 रन को दीप्ति ने बोल्ड कर दिया। ऐनाबेल सदरलैंड 16रन, एश्ली गार्डनर 11रन, जेस जॉनासन 19 रन, अलाना किंग पांच रन, लॉरेन चीटल छह रन बनाये। किम गार्थ 28 रन पर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी में 77.4 ओवर में 219 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकर ने चार विकेट लिये। स्नेह राणा ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले।



## हॉकी इंडिया ने कृष्ण, सुशीला, शिवेंद्र और विनीत को दी बधाई

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। हॉकी इंडिया ने कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानू पुखरामबम, शिवेंद्र सिंह और विनीत कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किये जाने पर बधाई दी है। कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू पुखरामबम को खेल 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से शिवेंद्र सिंह को 2023 में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा पूर्व भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी विनीत कुमार को सम्मानित किया तथा शर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट 2023 के लिए ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने इन पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों पर बेहद गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह हॉकी के लिए एक अविश्वसनीय मील का पत्थर है क्योंकि हम खेल में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए हमारे दो सम्मानित हॉकी खिलाड़ियों - कृष्ण बहादुर पाठक और पुखरामबम सुशीला चानू को दी गई अच्छी मान्यता का जश्न मनाते हैं। खेल में उनका योगदान अमूल्य रहा है इसके अलावा मैं द्रोणाचार्य पुरस्कार जीतने के लिए शिवेंद्र सिंह और ध्यानचंद पुरस्कार जीतने के लिए विनीत कुमार शर्मा को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## हार्दिक सिंह को इस वर्ष का एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। भारतीय हॉकी टीम के उप-कप्तान और शानदार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा है। हार्दिक ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके पसंदीदा खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के उनके दृढ़ संकल्प को प्रेरित करता है। हॉकी इंडिया के अनुसार मंगलवार को 2023 के लिए बहुप्रतीक्षित एफआईएच पुरस्कारों की घोषणा की गई। ये पुरस्कार एक व्यापक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित किए जाते हैं जिसमें एक विशेषज्ञ पैनल, राष्ट्रीय संघों का प्रतिनिधित्व उनकी टीम के कप्तान और कोच, साथ ही प्रशंसकों और मीडिया प्रतिनिधियों के इनपुट शामिल होते हैं। इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने पर हार्दिक सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करना एक अत्यंत सम्मान की बात है। मैं अपने टीम के साथियों, कोचों और समर्थकों का बहुत आभारी हूं। मेरी सफलता के स्तंभ। यह सम्मान मेरे पसंदीदा खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा, इस पुरस्कार तक पहुंचने का सफर चुनौतियों और सीखने के अनुभवों से भरा रहा है। यह याद दिलाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ता और एक सहायक टीम उल्लेखनीय उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। टूर्नामेंट के बीच में चोट लगने के कारण उन्हें 2023 पुरुष एफआईएच हॉकी विश्वकप से बाहर कर दिया गया था। यह प्रतिष्ठित सम्मान हार्दिक की असाधारण प्रतिभा, समर्पण और पूरे वर्ष खेल में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, उप-कप्तान के रूप में अनुकरणीय नेतृत्व और अद्वितीय प्रदर्शन ने उन्हें वैश्विक हॉकी क्षेत्र में एक असाधारण खिलाड़ी बना दिया है। यह इस साल हार्दिक का दूसरा महत्वपूर्ण पुरस्कार है। इससे पहले प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 में प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर को दिया गया था। इसके अलावा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड हासिल करने से हार्दिक तीसरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम बन गए हैं। यह सम्मान हासिल करने वाले खिलाड़ी मनप्रीत सिंह (2019) और हरमनप्रीत सिंह (2020-21 और 2021-22) की श्रेणी में शामिल हो गए। 114 कैप के प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड के साथ हार्दिक 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक जीत में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरे। उन्होंने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 और एशियाई खेल 2023 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई भारत ने स्वर्ण पदक जीते।

# 'कुछ लोग चाहते थे कि स्पीकर सर्वसम्मति से नहीं चुना जाकर चुनाव करवाया जाए'

## 'लेकिन जब भाजपा से वासुदेव देवनानी का नाम सामने आया तो हमने अपना मन बदल लिया'

- देवनानी के निर्वाचन के बाद बधाई देते हुए सचिन पायलट ने किया चौंकाने वाला खुलासा।
- विधानसभा के बाहर मीडिया से वार्ता करते हुए पायलट ने विपक्षी सांसदों के निलम्बन के लिए केन्द्र सरकार की निंदा की व कहा कि यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

जयपुर, 21 दिसम्बर (का.प्र.)। भाजपा यदि वासुदेव देवनानी के अलावा अन्य नेता का नाम अध्यक्ष पद के लिए लाती, तो क्या इस बार विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से नहीं होता। दरअसल विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद सचिन पायलट ने वासुदेव देवनानी को बधाई देते हुए इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि हममें से कुछ लोग चाहते थे कि स्पीकर सर्वसम्मति से नहीं चुना जाकर चुनाव करवाया जाए, लेकिन जब स्पीकर के पद के लिए भाजपा से वासुदेव देवनानी का नाम सामने आया, तो हमने अपना मन बदल लिया।

सचिन पायलट ने वासुदेव देवनानी को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं आपको इस पद पर आसीन होने के लिए बधाई देना चाहता हूं। सदन में परंपरा रही है कि सर्वसम्मति से स्पीकर का चुनाव हो, लेकिन इस बार जिस गर्म माहौल में विधानसभा चुनाव हुए। उसके बाद जब स्पीकर के चुनाव की बात आई ,तो हममें से कुछ लोगों ने सोचा कि इस बार स्पीकर का चुनाव होगा। लेकिन फिर जब समाचार पत्रों से पता चला कि आपका नाम सामने आ सकता है। तब हम सबने मन बनाया कि अगर वासुदेव देवनानी स्पीकर बनते हैं तो चुनाव सर्वसम्मति से होगा, क्योंकि आप सदन में बहुत ही सक्रिय सदस्य रहे हैं।

पायलट ने कहा कि हमने आपको पक्ष और विपक्ष में काम करते हुए देखा है। सदन में बातों को रखते देखा। आपका लंबा अनुभव रहा है, जो परिपाटी बनी हुई है, उसकी पालना पूरी तरह से करेंगे। मैं और मेरी पार्टी उम्मीद करते हैं कि आपका हर निर्णय आपकी हर रूलिंग न्यायपूर्वक होगी। अब आप दलगत राजनीति से ऊपर उठ चुके हैं। इस बड़े पद पर बैठकर आप इसको और गौरवशाली बनाएंगे, यह उम्मीद हम करते हैं। समय का आवंटन हो या रूलिंग हो। उसमें पूरी हमदर्दी के साथ हम सब विपक्ष के लोगों का पूरा ध्यान रखेंगे।

सदन से बाहर मीडिया से बात करते हुए सचिन पायलट ने संसद से विपक्ष के सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर कहा कि संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इतने सारे सांसदों को निलंबित किया गया। यह गलत है, केंद्र सरकार संसद को विपक्ष से मुक्त करना चाहती है, लेकिन यह संभव नहीं है।

विपक्ष जब अपनी बात रखना चाहता है तो थोक के भाव सांसदों को निलंबित किया जाता है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। सांसदों को निलंबित करना एक गलत परंपरा को स्थापित करना है।

उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने के मामले में भाजपा विधायकों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी का पुतला फूंकने के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा, पहले भाजपा जवाब दे कि आखिर क्यों सांसदों की आवाज को दबाया जा रहा है। आम जनता से जुड़े मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

# 24 जनवरी से देश भर में रामलला दर्शन अभियान

समस्तीपुर, 21दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी देशभर मे 24 जनवरी से रामलला दर्शन अभियान की शुरूआत करेगी,जिसके तहत 50 करोड़ रामभक्तों को अयोध्या नगरी स्थित रामलला का निःशुल्क दर्शन कराया जायेगा।भाजपा के प्रदेश महामंत्री जठानाथ ठाकुर ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि, रामलला दर्शन अभियान आगामी 24 जनवरी से 24 मार्च तक बिहार समेत देशभर मे चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि, इस अभियान के तहत बिहार से भी 2 75 रेलवे स्टेशनों से अयोध्या के लिए रामलला विशेष ट्रेन चलाई जायेगी। स्पेशल ट्रेन के माध्यम से बिहार के 2 करोड़ से अधिक रामभक्तों को भी अयोध्या ले जाया जायेगा जहां भव्य राममंदिर का निःशुल्क दर्शन कराया जायेगा। रामभक्तों को अयोध्या ले जाने के लिए उनके ठहरने एवं अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

- भाजपा ने कहा कि, इस अभियान क तहत 50 करोड़ राम भक्तों का अयोध्या में रामलला का निःशुल्क दर्शन कराया जाएगा।

# क्या यू.पी. में बसपा के साथ गठबंधन की तैयारी में है कांग्रेस

## यू.पी. के राजनैतिक हल्कों में गुप चुप चर्चा चल रही है

- समाजवादी पार्टी इन चर्चाओं को लेकर सतर्कता बरत रही है। क्योंकि सपा को जो फीडबैक मिला है कि, उसके अनुसार सपा भी कांग्रेस के साथ गठबंधन की इच्छुक है।
- इंडिया गठबंधन की बैठक में हालांकि मल्लिकार्जुन खड़गे ने सपा नेताओं को भरोसा दिलाया था कि कांग्रेस बसपा के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। उत्तर प्रदेश की राजनीति में नये समीकरण बनने के प्रयासों के बीच एक बार फिर उथल-पुथल शुरु हो गई।

अभी हाल ही में सम्पन्न हुई इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद, माना जाता है कि समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने कांग्रेस के नेताओं से पूछा है कि क्या वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों के मामले में एक अलग गठबंधन बनाने के लिए बसपा के साथ चर्चा कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के नेता के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने विपक्षी गठबंधन के एक साझीदार के रूप में बसपा को शामिल करने का सख्त विरोध किया है।

सैद्धांतिक तौर पर, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी वर्ष 2024 का आम चुनाव सीटों के बंटवारे के आधार पर मिलकर चुनाव लड़ने को सहमत हो गई हैं, जबकि इस मामले में बसपा प्रमुख ने गत सितम्बर में बयान दिया था कि उनकी पार्टी आगामी आम चुनाव अकेले ही अपने दम पर लड़ेगी और भाजपा व इंडिया गठबंधन दोनों का विरोध करेगी। इंडिया के प्लेटफार्म पर बसपा को शामिल करने के खिलाफ समाजवादी पार्टी की ओर से लगातार विरोध दर्ज करने के बाद, मायावती ने समाजवादी पार्टी की टिप्पणी पर हमला बोलते हुए कहा कि "उनकी टिप्पणियां अनुचित हैं।" मायावती ने यह भी कहा कि "सार्वजनिक जीवन में, किसी को पता नहीं होता कि कब किस पार्टी की जरूरत पड़ जाए, जनता के हित में," उन्होंने इस बात को पुनः दोहराया कि बसपा अकेली समाजवादी पार्टी व इंडिया गठबंधन के राजनीतिक दलों से लड़ेगी।

बसपा की राजनीतिक ताकत कम हो गई है। वर्ष 2019 में पार्टी के वोटों का शेयर 19 प्रतिशत था जो अब घट गया है। गत वर्ष हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में बसपा का वोट मात्र लगभग 13 प्रतिशत रह गया। पूर्व की भांति, मध्य प्रदेश व राजस्थान में हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों में बसपा का चुनाव उम्मीद से भी बहुत कम रहा है।

इतना ही नही, कांग्रेस जो उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी का पुनरुत्थान करना चाहती है। वह स्पष्ट रूप से उत्तर प्रदेश में बसपा को एक संभावित भागीदार के रूप में देख रही है और दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच गुपचुप वार्ता चल रही है। इस स्थिति ने सपा को सतर्क कर दिया है, इसी के चलते व राजनैतिक फीडबैक के चलते वह कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में रूचि दिखा रही है। अखिलेश यादव ने आम बुद्धिजीवियों की एक बैठक हाल ही में लखनऊ में बुलाई थी जिसमें मुस्लिम मौलवी भी थे उसमें जो खास विचार व्यक्त किया गया वह यह था कि सपा वर्ष 2024 का चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन करके जीतेगी और वह मुस्लिम मतों का बंटवारा रोकने के लिए कांग्रेस के साथ समझौता करेगी।

इस क्रम में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने सपा के नेताओं को इंडिया गठबंधन की बैठक में भरोसा दिया है कि उनकी पार्टी बसपा से कोई वार्ता नहीं कर रही है और पश्चिम उत्तर प्रदेश में आर.एल.डी. से भी बात नहीं कर रही है। इस बात के कयास जोर-शोर से लाए जा रहे हैं कि इस तरह की योजना अभी परिपक्व नहीं हुई है। कांग्रेस में एक धड़े का मानना है कि चुनाव से पूर्व बसपा के साथ किया गया गठबंधन पार्टी की दीर्घावधि की नीति के हिसाब से फायदेमंद है विशेष रूप से एक पुरानी पार्टी के बतौर जो जाति आधारित प्रश्न पर नया ध्यान केन्द्रित कर रही है।

## वासुदेव देवनानी सर्व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने रखा और चित्तौड़गढ़ से निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने समर्थन किया। पांचवां प्रस्ताव (राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी) आर.एल.पी. विधायक हनुमान बेनीवाल ने रखा, जिसका राष्ट्रीय लोकदल (आर.एल.डी.) विधायक सुभाष गर्ग ने समर्थन किया। विधानसभा अध्यक्ष पद पर निर्वाचन और आसन संभालने के बाद वासुदेव देवनानी ने कहा कि मैं एक शिक्षक रहा हूं। शिक्षक जब कॉपी जांचता है, तो यह नहीं देखता कि किस विद्यार्थी की कॉपी है। उसमें क्या लिखा। निष्पक्षता का भाव टीचर के स्वभाव में रहता है। चाहे किसी दल के विधायक हों। पद की गरिमा बनाए रखने का आश्वासन देता हूं। उन्होंने कहा कि नए विधायक अध्ययन की आदत डालें। नियम प्रक्रियाओं को पढ़ें। इसके साथ ही सदन में कार्यवाही में सक्रिय हिस्सा लेना चाहिए। सदन को अधिक दिन चलाने का प्रयास किया जाएगा। सदन में सार्थक बहस हो इसके प्रयास किए जाएंगे। हम सबको सदन के नियमों-परंपराओं का पालन करना होगा। इससे पहले अपने निर्वाचन पर सभी का आभार जताते हुए वासुदेव देवनानी ने कहा कि आपकी भावनाओं का आदर करते हुए आगे बढ़ेंगे। उन्होंने सभी को 16वीं विधानसभा का सदस्य बनने पर बहुत बधाई दी। अपने निर्विरोध निर्वाचन की जो परंपरा को निभाएं रखा, उसके लिए भी धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देवनानी के नेतृत्व में सदन सबका साथ सबका विकास को मूर्त रूप देगा। विधानसभा की गौरवशाली परंपरा के अनुसार अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ है। मुझे उम्मीद है कि वासुदेव देवनानी के अध्यक्ष बनने से विधानसभा के गरिमामयी इतिहास को चार चांद लगेंगे।

सचिन पायलट ने कहा कि देवनानी अब दलगत राजनीति से ऊपर उठ गए हैं। हमेशा सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चुनाव करने की परंपरा रही है। इस बार जिस गर्म माहौल में विधानसभा चुनाव हुए थे, उसके बाद जब स्पीकर के चुनाव की बात आई तो हम लोगों में से कुछ ने सोचा कि इस बार स्पीकर का चुनाव होगा। फिर जब वासुदेव देवनानी का नाम सामने आया तो हम सबने मन बनाया कि जब देवनानी बनेंगे तो चुनाव सर्वसम्मति से होगा क्योंकि आप सदन में एक्टिव सदस्य रहे, पक्ष-विपक्ष में रहते कई बार सदन में अपनी बात को रखा। यह बात सही है कि सदन की जो परिपाटी बनी हुई है, उसके हिसाब से आपका हर निर्णय न्यायपूर्ण होगा। पायलट ने देवनानी को संबोधित करते हुए कहा कि आप जब विपक्ष में थे तो बहुत जुझारू सदस्य थे, आप समझ सकते हैं किस जज्बे के साथ मैं बोल रहा हूं, तो आप उसका पूरा ध्यान रखेंगे।

गोविंद डोटासरा ने भी देवनानी को बधाई दी और कहा कि हम सबने मिलकर आपको स्पीकर चुना है। सत्ता पक्ष और विपक्ष स्पीकर के कंट्रोल में रहता है। सत्ता पक्ष से भी ज्यादा स्पीकर हमेशा से विपक्ष के लिए लिबरल रहता है। आपका सबको साथ लेकर चलने वाला स्वभाव है। डोटासरा ने कहा कि आप पर कितना ही दबाव आए, चाहे दिल्ली से आए, चाहे किसी भवन से आए, आप निष्पक्ष रहेंगे यह विपक्ष आपसे उम्मीद रखता है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने देवनानी को बधाई देते हुए कहा कि आपको शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं। हम लोग इस हाउस में एक साथ कई दिनों के लिए बैठे हैं। आपके जैसे ईमानदार और समर्पित जनप्रतिनिधि इस कुर्सी पर बैठा है। हमें विश्वास है कि आप निश्चित कार्रवाई करेंगे। भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक राजकुमार रोत रालोपा विधायक हनुमान बेनीवाल ने भी वासुदेव देवनानी को बधाई दी।

## राजस्थान सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भजनलाल शर्मा की फोटो के साथ यह दस प्राथमिकताएं डाली गई हैं और इन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजस्थान के लिए गारंटी बताया गया है। उनमें सभी गरीब परिवारों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। प्रत्येक जिले में महिला थाना और हर थाने में महिला डेस्क होगी। एंटी रोमियो स्कॉड का गठन होगा। पेपर लीक सहित अन्य मामलों के लिए एसआईटी का गठन और पारदर्शी सरकार स्थापित करेंगे और भ्रष्टाचार-माफिया राज खत्म करने को भी प्राथमिकता बताया गया है। प्राथमिकताओं में आगे लिखा है कि कांग्रेस राज में जिन किसानों की जमीन नीलाम हुई, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए नीति बनाएंगे। 800 करोड़ रुपए के निवेश के साथ क्षेत्रीय विरासत केन्द्र स्थापित करेंगे। सभी छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे। पर्यटन क्षेत्र में दो हजार करोड़ रुपए के निवेश के साथ पांच लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि को 12 हजार रुपए करेंगे। अगले पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी नौकरियां देंगे।

## चार घंटे चली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निर्णय नहीं हुआ कि जिन राज्यों में कांग्रेस हारी है, वहां के प्रभारी त्याग पत्र दें या कार्य करते रहें। वेणुगोपाल ने मीडिया से कहा उनकी (प्रभारियों की) कोई जिम्मेदारी नहीं है।

सबसे आश्चर्यजनक वक्तव्य वेणुगोपाल से आया जब उन्होंने कहा विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बावजूद, जहां तक लोकसभा चुनावों का सवाल है, कोई चिन्ता की बात नहीं है, क्योंकि पार्टी का वोटबैंक सही -सलामत है।

संगठन में बहुत से पद खाली हैं क्योंकि यू.पी. महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और ऐसे ही कई अन्य राज्यों का काम संभालने वाला कोई नहीं है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी को शीघ्र इलेक्शन मोड में आना चाहिये। एक बड़ी रैली नागपुर में 28 दिसम्बर को आयोजित की जा रही है तथा सी.डब्ल्यु.सी. के अनुसार अन्य प्रमुख राज्यों में भी ऐसी रैली आयोजित की जायेगी।

अतः सी.डब्ल्यु.सी. का मानना है कि कांग्रेस में सब ठीक है और जैसा कि सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक के बाद वेणुगोपाल ने भी मीडिया ब्रीफिंग में कहा, पार्टी अगले चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार है।

# दूरसंचार विधेयक पर संसद की मुहर

## लोकसभा ने इस विधेयक को कल पारित किया था, आज राज्यसभा में भी यह पारित हो गया

- नए कानून के तहत गलत कागज़ात देकर फर्जी सिम का उपयोग करने वालों को 3 वर्ष की सजा ओर 50 लाख रूपये का जुर्माने का प्रावधान किया गया है।
- संचार मंत्री ने कहा कि, 2 जी के समय बड़े- बड़े घोटाले होते थे। आज इस विधेयक के माध्यम से स्वच्छ और शुचिता भरी व्यवस्था की गयी है। अब सिर्फ नीलामी से ही स्पेक्ट्रम का आवंटन होगा।

नयी दिल्ली, 21 दिसंबर। राज्यसभा ने आज दूरसंचार विधेयक 2023 को विपक्ष की गैर मौजूदगी में ध्वनिमत से आज पारित कर दिया जिसमें टेलीकॉम क्षेत्र में न सिर्फ व्यापक पैमाने पर सुधार के प्रावधान किये गये बल्कि उपभोक्ताओं के हितों और अधिकारों के सुरक्षा के साथ ही फर्जी कागजात पर सिम लेकर उससे धोखाधड़ी करने वालों पर शिकंजा कसने की व्यवस्था की गयी है।

लोकसभा ने इस विधेयक को कल पारित किया था। इस तरह से आज इस पर संसद की मुहर लग गयी।

संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में इस विधेयक पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि, उपनिवेश काल के कानूनों को समाप्त कर यह नया विधेयक बनाया गया है। पिछले साढे नौ वर्षों में यह क्षेत्र घोटालों से उबर कर उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है। उन्होंने कहा कि, वर्ष 2014 में देश में 6.25 लाख टॉवर थे जो अभी बढ़ कर 25.5 लाख हो गये हैं। इसके साथ ही ब्रांडबैंड इंटरनेट ग्राहकों की संख्या भी 1.5 करोड़ से बढ़ कर 85 करोड़ हो गयी है। 14 महीने से भी कम समय में देश में 5 जी के 4 लाख से अधिक टॉवर लगाये गये हैं।

उन्होंने कहा कि, गलत कागजात देकर फर्जी सिम का उपयोग करने वालों को 3 वर्ष की सजा और 50 लाख रुपये का जुर्माने का प्रावधान किया गया है। मोबाइल फोन को क्लोन करके अपराध करने वालों पर भी कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। इसके साथ शिकायत निवारण की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त टॉवर लगाने के लिए सुगम व्यवस्था की गयी है। इसमें कॉमन डक्ट बनाने की बात की गयी है जिसका सभी दूरसंचार सुविधाओं के लिए उपयोग किया जा सकेगा।

संचार मंत्री ने कहा कि, 2 जी के समय बड़े- बड़े घोटाले होते थे। आज इस विधेयक के माध्यम से स्वच्छ और शुचिता भरी व्यवस्था की गयी है। अब सिर्फ नीलामी से ही स्पेक्ट्रम का आवंटन होगा। सिर्फ 19 ऐसे क्षेत्र हैं जिनको प्रशासनिक तरीके से स्पेक्ट्रम आवंटन होगा। स्पेक्ट्रम एक ऐसा संसाधन है जो बाकी प्राकृतिक संसाधन से अलग है। यह एक ऐसा संसाधन है जो कभी भी समाप्त नहीं होने वाला है। यह आत्मा की तरह अजर और अमर है। इसके मद्देनजर स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए प्रावधान किये गये हैं। इसमें स्व स्वीकृत निवारण की व्यवस्था की गयी है।

उन्होंने कहा कि, आपात स्थिति में दूरसंचार नेटवर्क को सरकार के नियंत्रण में लेने की व्यवस्था वर्तमान में भी है और इस नये विधेयक में भी वहीं व्यवस्था की गयी है। अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में भी भारतीय टेलीकॉम उपकरण का उपयोग हो रहा है और आठ हजार करोड़ के उपकरण निर्यात किये गये हैं। इस क्षेत्र में 40 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है और इस नये विधेयक में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है जिससे रोजगार पर विपरीत प्रभाव पड़े। इसके बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

# पूंछ आतंकवादी हमले में सेना के तीन जवान शहीद

जम्मू, 21 दिसंबर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकवादी हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गये जबकि तीन और जवान घायल हैं।

जम्मू में सेना के प्रवक्ता ने बताया कि, सेना ने ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर कल रात आतंकवादियों के गुट के खिलाफ सेना और जम्मू पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया था।

- सेना ने पूंछ में आतंकवादियों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के दौरान हुई इस घटना के तीन जवान घायल भी हो गए है।

आतंकवादियों से सेना का आज शाम को फिर से आमना सामना हुआ। उन्होंने कहा कि, करीब पौने चार बजे सेना के दो वाहन जब सैनिकों को लेकर अभियान स्थल की ओर जा रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि, सैनिकों ने आतंकवादी हमले पर तुरंत जवाबी कार्रवाई की।

# मंत्रिमण्डल के गठन में देरी मंत्रियों के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जयपुर में चार सीटों को अतिसुरक्षित आंकते हुए मु.मंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं को जिताने के लिये, विद्याधर नगर की सीट पर दिया कुमारी को उतारा और भरतपुर के भजन लाल शर्मा को सांगानेर की सीट से टिकट दिया। भरतपुर के भजन लाल शर्मा को जयपुर के सांगानेर सीट से चुनाव लड़वाना, अपने आप में एक संकेत था, भजन लाल शर्मा को भारी जिम्मेवारी देने के बारे में। भजन लाल शर्मा को मु.मंत्री बनाने का निर्णय प्रारंभ से ही ले लिया गया था, पर सभी को लगा यह अनायास ही हुआ।

इसी पद्धति से मंत्रिमण्डल के सदस्यों पर निर्णय ले लिया गया है दिल्ली में, पर नाम उजागर करने में अड़चन है। मु.सचिव, मु.मंत्री कार्यालय के सचिव, जे.डी.सी., वित्त सचिव के नाम फाइनल होने में ज्यादा समय लगना, वैसे ही इन वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका राज्य में सरकार चलाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। पर, इस बार इसकी अहमियत और ज्यादा इसलिये बढ़ गयी है, क्योंकि काफी नये युवा विधायक चुनकर आये हैं, और सरकार के तौर-तरीकों से ज्यादा परिचित नहीं है। इस परिस्थिति को समझते हुए ही, मोदी-शाह की केन्द्रीय सरकार ने जो मॉडल अपनाया है, राजस्थान के लिये, उसमें अधिकतर अहम् निर्णय दिल्ली में ही लिये जायेंगे, तथा जयपुर पर उन निर्णयों का ईमानदारी से क्रियान्वयन करने की जिम्मेवारी होगी।

दिल्ली, जयपुर को मूलतः भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन प्रदान करने का काम सौंपना चाहती है, साथ ही राजस्थान को "क्राइम फ्री", बनाना चाहती है, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम चाहती है। दिल्ली का मानना है, जब वह जयपुर से नियमित रूप से धन भेजने की आशा ही नहीं रखती तो, साफ, सीधे प्रशासन की उम्मीद करना कोई बड़ी "महत्वकांक्षा" नहीं है।

ऐसे प्रशासन को सफल बनाने में अफसरों पर निर्भरता बहुत बढ़ जाती है। ऐसा "सतयुगी" प्रशासन देने का लक्ष्य दिल्ली ने इसलिये चुना है, क्योंकि इस बार भाजपा न आगामी लोकसभा चुनाव की सोच रही है और न ही अगले पांच साल बाद वाली सरकार की बल्कि अगले बीस साल राजस्थान में सत्ता में रहने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

आज के नेता, विधायक, अगले बीस साल तक सरकार में बने रहे, यह जरूरी नहीं, पर भजन लाल शर्मा सरकार द्वारा सरकारी अफसरों के शासन की जो नींव रखी जायेगी, वो परिपाटी व पद्धति जरूर बीस-पच्चीस साल चल सकती है, यह परिपाटी नयी इसलिये भी है कि, गत चार-पांच सरकारें वसुंधरा राजे व गहलोत के "आपसी सहयोग" व एक-दूसरे के हितों के रक्षा करते हुए चलती थीं, अगर, इस परिपाटी को बदलना है तो नया "मॉडल" नया "माइन्ड सैट" चाहिये ब्यूरोक्रेसी में। ऐसे अफसरों को ढूंढना कोई आसान काम नहीं, इसलिये अफसरों के चयन में समय लग रहा है।

मु.मंत्री व मंत्रियों को बदलना भाजपा के लिये कोई कठिन काम नहीं है। अनुशासित कैडर है, अतः उदाहरण के लिये पांच साल में उत्तराखण्ड में तीन चार बार मु.मंत्री बदले गए, गुजरात में दो बार, पर कैडर ने उफ नहीं की, बल्कि थोड़ी वाह-वाही अवश्य मिली। पर, लगातार अफसरों को बदलना अस्थिरता का द्योतक माना जाता है, वैसे भी भजन लाल सरकार के पास तीस दिसम्बर तक समय है, क्योंकि इस माह के अंत में मु. सचिव उषा शर्मा रिटायर हो रही हैं, तब अफसरों की अदला-बदली की पुनः श्रृंखला मजबूरन बनानी ही पड़ेगी।

वर्ष 1980 में जब भरतपुर के ही अनुसूचित जाति के जगन्नाथ पहाड़िया के मु.मंत्री बनने के बाद, तत्कालीन सरकार के अफसरों ने यह फैलाना शुरू कर दिया था कि, पहाड़िया सरकार नहीं चल रही। तब राष्ट्रदूत के स्थापना दिवस, एक अगस्त को परम्परा अनुसार आयोजित की गई गोठ में, एक ही पंक्ति में मु.मंत्री पहाड़िया व मुन्ना गोयल आसपाल बैठे थे, पुराने सरकार के पुराने स्तम्भ, गोयल को सार्वजनिक रूप से संबोधित करते हुए, मु.मंत्री पहाड़िया ने कहा, क्यों गोयल सरकार नहीं चल रही? कुछ ट्रांसफर पोस्टिंग करूं, वरिष्ठ अधिकारियों की (इशारा मुन्ना लाल गोयल की ओर था) तो अहसास होगा सरकार के चलने या न चलने का।"

क्या इसी आदत के लोग अभ्यस्त इस बार भी मंत्रिमण्डल के गठन व अफसरों की चयन में हो रहे विलम्ब को आसानी से पचा नहीं पा रहे।

# भ्रष्टाचार के पुराने मामले में द्रमुक के उच्च शिक्षा मंत्री को तीन साल की जेल

## मद्रास हाई कोर्ट ने मंत्री के. पोनमुदी पर 50 लाख रू. का जुर्माना भी लगाया

- लोकसभा चुनाव से पहले आए कोर्ट के फैसले से द्रमुक को झटका लगा है, भाजपा इस मामले को जोर-शोर से प्रचारित कर रही है।
- के. पोनमुदी पर आरोप है कि, करूणानिधि सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने आय से अधिक सम्पत्ति बनाई थी।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर। तमिलनाडु में सत्ताधारी दल द्रमुक (डी.एम.के.) को मद्रास हाई कोर्ट के द्वारा उसके एक वरिष्ठ मंत्री के खिलाफ दिए गए फैसले से बड़ा आघात लगा है। हाई कोर्ट का यह निर्णय लोकसभा के आम चुनाव से ठीक पहले आया है। हाई कोर्ट ने वरिष्ठ मंत्री के मामले में निचली अदालत की और से निर्दोष साबित किए गए निर्णय को पलटते हुए मंत्री को आय के ज्ञात स्त्रोत के अनुपात से अधिक संपत्ति सृजित करने का दोषी करार दिया है।

सजा के निर्णय को आगामी लोकसभा चुनावों में द्रमुक के खिलाफ उछाला जाएगा और खासतौर से भाजपा इसका फायदा उठाएगी और वह इस समय राज्य में ऐसी स्थिति के चलते उच्च स्तरीय जन सम्पर्क अभियान चला रही है। भाजपा का तमिलनाडु यूनिट के अध्यक्ष के. अन्नामलाई का यह अभियान लोगों का ध्यान खींच रहा है। परन्तु देखने वाली बात यह है कि आगामी चुनावों के दौरान प्रदेश में क्या भ्रष्टाचार एक मुद्दा बनेगा, क्योंकि यहां शासक द्रमुक (डी.एम.के.) एवं विपक्ष अन्नाद्रमुक (ए.आई.डी.एम.के.) दोनों क्षेत्रीय पार्टियों पर भ्रष्टाचार के दाग लगे हैं।

अब मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा ट्रायल कोर्ट के निर्णय को रद्द कर दिया गया है जिसमें तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुदी को आय के ज्ञात स्त्रोत से काफी मात्रा में अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के केस में बरी कर दिया गया था। अब भाजपा की ओर से लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर एक को एक नई गति मिलेगी। उच्च न्यायालय ने पोनमुदी को इस अपराध में तीन साल के कारावास की सजा सुनाई और साथ ही 50 लाख का जुर्माना भी उन पर लगाया है। हालांकि, सजा के इस आदेश को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

संयोग की बात यह है कि इस मंत्री के खिलाफ यह वाद पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के शासनकाल में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डी.ए.वी.सी.) ने दाखिल किया था और यह केस विल्लूपुरम की भ्रष्टाचार निरोधक विशेष अदालत में 2015 में चला था। मूलतः यह वाद प्रारम्भ में 2006 में दाखिल किया गया था जिसकी प्रारम्भिक सुनवाई विल्लूपुरम के मुख्य अपराध न्यायालय में की गई थी और बाद में इसे वर्ष 2015 में भ्रष्टाचार निरोधक विशेष न्यायालय में स्थानान्तरित किया गया था।

यह द्रमुक के पूर्व शासन काल का है, जब एम. करुणानिधि वर्ष 2006 से 2011 तक शासन में थे। उस दौरान इस मंत्री पर आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक मात्रा में सम्पत्ति सृजित करने का आरोप लगा था। मुख्यमंत्री जयललिता की पार्टी अन्नाद्रमुक (ए.आई.ए.डी.एम.के.) का जब शासन था उस दौरान पोनमुदी और उनकी पत्नी विसालक्षी पर मुकदमा चलाया गया था।

उनके खिलाफ दाखिल आरोप पत्र के अनुसार, पोनमुदी और उनकी पत्नी ने 1.36 करोड़ से भी अधिक सम्पत्ति एकत्रित कर ली थी वर्ष 2022 में द्रमुक के पुनः सत्ता में आने के बाद तक इस केस ने एक अलग ही रूप ले लिया जब इसे वेल्लोर डिस्ट्रिक्ट प्रिंसिपल सैशन कोर्ट में स्थानान्तरित कर दिया गया, यहां की अदालत के पीठासीन अधिकारी ने मंत्री के पक्ष में फैसला दे दिया और उनकी पत्नी को यह कहते हुए बरी कर दिया कि उनके खिलाफ सबूत अपर्याप्त है।

मंत्री को दोषमुक्त करार देने के फैसले को (डी.ए.वी.सी.) सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय चुनौती नहीं दी, परन्तु 28 जून को मद्रास हाई कोर्ट ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया। मद्रास हाई कोर्ट के न्यायाधीश एन. आनन्द वैंकटेश ने ट्रायल कोर्ट के दोष मुक्त करने के आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया। उच्च न्यायालय में कुछ महीनों तक मुकदमे की कार्यवाही चलने के बाद हाई कोर्ट ने मंगलवार को उन्हें दोषी करार दिया और उनके केस में दिए गए फैसले में उन्हें तीन साल का कारावास और जुर्माने के बतौर उन पर 50 लाख रूपये लगाया गया।

संयोग की बात है कि तमिनाडु के मंत्री पोनमुदी ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी ताकि उन्हें राहत पर विचार किया जाए और आय से अधिक मात्रा में सम्पत्ति मामले का संभावित समाधान निकल सके। परन्तु उनकी अपील याचिका खारिज कर दी गई।

## संसद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की गई, जिन्हें बुधवार को लोकसभा में पारित किया गया था। बाद में तीनों विधेयक पारित होने के बाद राज्यसभा का भी सत्रावसान कर दिया गया।

लोकसभा में आज चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सम्बंधी बिलों को मंजूरी दी गई। ये राज्यसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं। इसी बीच सुरक्षा चूक और 143 विपक्षी सांसदों के निलम्बन पर विपक्ष का हंगामा चौथे दिन भी जारी रहा।

विपक्षी नेताओं ने गुरुवार को भी गृहमंत्री से इस मुद्दे पर संसद में बयान देने की मांग की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908